आज का विचार

इस अफसोस के साथ न उठो कि कल आप क्या नहीं कर पाए, बल्कि इस सोच के साथ उठो कि आज आप क्या कर सकते हो।


# दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का



5

RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265
Established 2003

चंडीगढ़। शनिवार, 25 फरवरी, 2023 | वर्ष 21, अंक 47, मूल्य: 3 रुपए | www.citydarpan.com


# एमडीसी बैठक में भाजपा और आप पार्षदों के बीच जमकर मारपीट, महापौर से भी हाथापाई

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी (स्थायी समिति) के चुनावों में नतीजों के बाद से सदन में हंगामा बरप रहा है। भाजपा और आम आदमी पार्टी (अअढ) के बीच जमकर मारपीट हो गई। वहीं, महापौर शैली ओबेरॉय के साथ भी हाथापाई है। आप और भाजपा और पार्षदों के बीच जमकर लात-घूंसे चल रहे हैं। साथ ही एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गई हैं।

पार्षदों के बीच बुरी तरह से मारपीट हुई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई, बीच-बचाव करने के बाद भी पार्षद नहीं माने। वहीं, मारपीट में भाजपा की मीनाक्षी शर्मा (नांगलोई वार्ड से पार्षद) घायल हो गईं। उन्होंने कहा कि उनपर किसी नुकीली चीज से वार किया गया है। वहीं, एक पार्षद मारपीट की वजह से बेहोश भी हो गया।

भाजपा नेता बिजेंद्र गुप्ता ने कहा कि चुनाव परिणामों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। गलत घोषणाएं की जा रही हैं और वे आपस में मारपीट कर रहे हैं। हमारे कई पार्षद घायल हो गए। एफआईआर कराई जा रही है। जिस तरह से उन्हें पीटा गया है, आम आदमी पार्टी ने दिखाया है कि वे गुंडों की पार्टी हैं।

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशि ने आरोप लगाया कि आज सिविक सेंटर में भाजपा ने गुंडागर्दी दिखाई। स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव चल रहा था। जब मतगणना शुरू हुई तो भाजपा को एहसास हुआ कि



वे हार रहे हैं और उन्होंने हंगामा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पुरुष पार्षद ने मेयर शैली ओबेरॉय पर हमला किया था।

उन्होंने कहा कि यह कैसा व्यवहार है? यह शर्मनाक और निंदनीय है। देश यह देख रहा है। भाजपा को अपनी हार स्वीकार कर लेनी चाहिए। मैं बीजेपी से अनुरोध करता हूं कि वह अपनी गुंडागर्दी बंद करे। मेयर पर हमला करने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। स्थायी समिति के चुनावों की मतगणना अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। भाजपा पार्षद इसका विरोध कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि अगर आप दोबारा मतगणना नहीं होने देंगे तो मैं रद वोट को हटाकर नतीजे घोषित कर दूंगी।

भाजपा के किसी पार्षद ने जो वोट दिया, वह पहली प्राथमिकता पर पंकज लूथरा को वोट दिया है, जबकि गजेंद्र सिंह दराल और कमलजीत सहरावत के सामने 2-2 लिख दिया है। सूत्रों का दावा है कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने पहली प्राथमिकता पर पंकज लूथरा के वोट को सही माना है, जबकि कमलजीत सहरावत और गजेंद्र दरार को दूसरी दूसरी प्राथमिकता पर वोट देने को रद किया है।

सूत्रों का दावा है कि राज्य चुनाव से आए अधिकारियों ने तीन-तीन सीट पर भाजपा और आप को जीतने का रिजल्ट बनाकर दिया है, लेकिन महापौर ने रिजल्ट के बाद एक वोट को रद् घोषित कर दिया है। जिस पर निगम सचिव और चुनाव आयोग के अधिकारी ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। अब महापौर ने दोबारा गिनती के आदेश दिए हैं, लेकिन अधिकारी भी तैयार नहीं है। एक वोट रद होने से आम आदमी पार्टी के चौथै प्रत्याशी को जीतने में मदद होगी।

# कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान के बिना संपूर्ण विकास संभव नहीं: मोदी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा 'संपूर्ण विकास का लक्ष्य तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता, जब तक कृषि क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान न हो जाए।' प्रधानमंत्री ने कृषि और सहकारिता विषय पर बजट प्रविधानों पर आयोजित वेबिनार में कहा कि देश में कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं ताकि राष्ट्र 'आत्मनिर्भर' बन सके। देश की जरूरतों के लिए दलहन, खाद्य तेल और अन्य प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के आयात पर दो लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा व्यय हो रही है। उन्होंने कृषि उत्पादों की इस आयात निर्भरता से मुक्ति पाने की अपील की।



प्रधानमंत्री मोदी ने फसल विविधीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ गेहूं व चावल तक सीमित नहीं होना चाहिए। घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक किसानों की पहुंच को आसान बनाया गया है। खाद्य तेल के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर होने के लिए तिलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अकेले खाद्य तेलों के आयात पर डेढ़ लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं। कृषि बजट पर सवाल उठाने वालों को याद दिलाने के अंदाज में प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जो कृषि बजट 25 हजार करोड़ से भी कम था, वह आज पांच गुना बढ़कर 1.25 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। हाल के वर्षों में हर बजट को गांव, गरीब और किसानों का बजट कहा जाता है।

कृषि क्षेत्र की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 'जब तक एग्रीकल्चर सेक्टर से जुड़ी चुनौतियों को दूर नहीं कर लिया जाता, संपूर्ण विकास का लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता।' देश के कई क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उसमें युवाओं की हिस्सेदारी भी बढ़ रही है। लेकिन एग्रीकल्चर सेक्टर में उनकी भागीदारी कम है जबकि इसमें आगे बढ़ने की संभावनाओं से सभी वाकिफ हैं। इस क्षेत्र में निजी भागीदारी और निवेश भी कम है। इसी के मद्देनजर आम बजट में कई तरह के ऐलान किए गए हैं। इसके लिए ओपन सोर्स बेस्ड प्लेटफार्म को प्रोत्साहित किया गया है। एग्री-टेक डोमेन में भी अपार संभावनाएं बन रही हैं।

उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से ड्रिप इरिगेशन, किसानों को सलाह, स्वायल टेस्टिंग, किसानों को समय पर जानकारी मुहैया कराने और ड्रोन जैसी तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। पहले जहां कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप्स न के बराबर थे, अब उनकी संख्या तीन हजार के पार पहुंच चुकी है। अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 घोषित होने का फायदा उठाते हुए मोटे अनाज को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। सरकार छोटे किसानों के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खोल रही है, जिसके लिए वैश्विक बाजार तैयार हो रहा है। आम बजट में इसे श्रीअन्न की पहचान मिली है।

आम बजट में सहकारिता को दिए महत्व के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सहकारिता में नई क्रांति हो रही है। अभी तक यह कुछ एक राज्यों तक ही सीमित रहा, उसे अब विस्तार मिल रहा है। बजट में नई टैक्स रियायतें देकर सहकारी संस्थाओं को प्रोत्साहित किया गया। सहकारी समितियों को तीन करोड़ रुपये तक की नगद निकासी पर टीडीएस नहीं लगेगा। सहकारी क्षेत्र में यह भाव हमेशा से रहा कि बाकी कंपनियों के मुकाबले उनके साथ भेदभाव किया जाता है, जिसे आम बजट में समाप्त कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सहकारी संस्थाएं पहले से नहीं है, वहां डेयरी और मत्स्य से जुड़ी सहकारी संस्थाओं को बहुत लाभ होगा। मत्स्य क्षेत्र में पर्याप्त संभावनाएं हैं। पिछले 8 से 10 वर्षों में मत्स्य उत्पादन में 70 लाख टन की वृद्धि हुई है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे बढ़ावा देने और केमिकल आधारित खेती को घटाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। पीएम प्रणाम योजना और गोबरधन योजना से बड़ी मदद मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ में पिकअप वैन और ट्रक में भिड़ंत, 11 लोगों की मौत

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में एक पिकअप वैन और ट्रक के बीच हुई टक्कर में चार बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई है और 12 अन्य घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को केंद्र और राज्य सरकार ने कुल छह लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।



बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने बताया कि सिमगा क्षेत्र के खिलोरा गांव के रहने वाले ग्रामीण अजुर्नी इलाके में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे कि इसी दौरान खमरिया गांव के निकट वैन की ट्रक से टक्कर हो गई।

उन्होंने बताया कि हादसे में चार बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई है जबकि 12 अन्य घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। झा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को राजधानी रायपुर के एक अस्पताल में ले जाया गया है जबकि दस अन्य को बलौदाबाजार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक अपने वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

उन्होंने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस हादसे पर दुख जताया और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता और घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। बघेल ने एक ट्वीट में कहा, ''बलौदाबाजार-भाटापारा में सड़क हादसे में मारे गये लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा करता हूं। दु:ख की इस घड़ी में हम सब आपके साथ हैं।'

वहीं इस मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की तत्काल सहायता तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

# ब्रिस्बेन में भारत के मानद वाणिज्य दूतावास को खालिस्तान समर्थकों ने बनाया निशाना, खालिस्तान का झंडा लगाया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर में भारत के मानद वाणिज्य दूतावास को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया और कार्यालय पर खालिस्तान का झंडा लगा दिया। शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। यह घटना विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा देश का दौरा किए जाने और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय को लक्षित करने वाली कट्टरपंथी गतिविधियोंह्ल के खिलाफ सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिए जाने के कुछ दिन बाद हुई है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे' पोर्टल के अनुसार, ब्रिस्बेन के टारिंगा उपनगर में स्वान रोड स्थित भारत के मानद वाणिज्य दूतावास को 21 फरवरी की रात खालिस्तान समर्थकों द्वारा निशाना बनाया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि ब्रिस्बेन में भारत की मानद वाणिज्य दूत अर्चना सिंह ने 22 फरवरी को कार्यालय में खालिस्तान का झंडा लगा देखा। सिंह ने द ऑस्ट्रेलिया टुडे से कहा, ह्लपुलिस हमें सुरक्षित रखने के लिए क्षेत्र की निगरानी कर रही है। हमें पुलिस प्राधिकरण पर दृढ़ विश्वास है। यह घटना ऐसे समय हुई जब खालिस्तान समर्थकों द्वारा ऑस्ट्रेलिया में तीन हिंदू मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है।



# हरियाणा में 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में नकल पर अंकुश लगाएंगे 302 उड़नदस्ते

## परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-144 लागू करने के निर्देश: 27 से शुरू होगी परीक्षाएं, 1476 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 27 फरवरी, 2023 से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के सुचारू ढंग, निष्पक्ष व नकल रहित करवाने के उदेश्य से राज्यभर में विशेष प्रबंध किए गए हैं। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने जिला उपायुक्तों को प्रशासन को परीक्षा केंद्रों के निकट भीड़भाड़ को रोकने और नकल पर अंकुश लगाने के लिए सभी केंद्रों के आसपास दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 लागू करने के निर्देश दिए। परीक्षा 27 फरवरी से 28 मार्च, 2023 तक प्रदेशभर में 1476 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।



मुख्य सचिव ने परीक्षाओं के संचालन के दौरान कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधिक्षकों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

कौशल ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा स्कूलों की चारदीवारी और क्लास रूम की खिड़कियों की मरम्मत का कार्य सुनिश्चित करें। साथ ही परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले पर्याप्त पुलिस व्यवस्था तैनात की जाए। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। कौशल ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले उम्मीदवारों का प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नकल और अन्य अनियमितताओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए करीब 302 उड़न दस्ते नियुक्त किए गए हैं।

गुरुग्राम मेट्रो ने पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले इस वित्त वर्ष के विगत 10 महीनों में बेहद प्रभावशाली प्रगति दिखाई है। वर्ष 2022-23 में जनवरी तक कुल 34.24 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जबकि वर्ष 2021-22 की इसी अवधि में 6.78 करोड़ का लाभ हुआ था, जो 405 प्रतिशत सुधार दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि सवारियों के साथ-साथ अन्य वाणिज्यिक और विपणन गतिविधियों में वृद्धि के कारण राजस्व में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 8500 यात्री प्रतिदिन की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में दैनिक यात्रियों की संख्या भी 42000 प्रतिदिन हो गई है।

मुख्य सचिव ने कहा कि बोर्ड ने एचएमआरटीसी द्वारा राजीव चौक से पंचगांव तक मेट्रो कनेक्टिविटी की परियोजना को भी मंजूरी दी गई। 20 स्टेशनों के साथ एमआरटीएस की कुल लंबाई लगभग 35 किलोमीटर होगी। बैठक में बताया गया कि हुडा सिटी सेंटर से से साइबर सिटी, गुरुग्राम तक 28.5 किलोमीटर लंबी मेट्रो परियोजना को भी पीएम गति शक्ति परियोजनाओं में शामिल किया गया है।

# तुर्किए और सीरियां में भूकंप में मरने वालों की संख्या 47000 के पार

**अंकारा।** तुर्किये और सीरिया में छह फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 47000 से अधिक हो गई है। हालांकि विनाशकारी भूकंप में क्षतिग्रस्त इमारतों के मलबे से शवों को अभी भी बाहर निकाला जा रहा है, जिसके कारण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है। हटे प्रांत में इस सप्ताह आए 6.4 तीव्रता के भूकंप के कारण कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण तबाही की संभावना पहले से और अधिक बढ़ गई है।

तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 47000 के पार हो गई। तुर्किये के आंतरिक मंत्री सुलेमान सोयलू ने बताया कि देश में 7.8 तीव्रता के आए विनाशकारी भूकंप के बाद मरने वालों की संख्या 43,556 हो गई है। दोनों देशों में भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा 47,244 हो गया है।

आंतरिक मंत्री सोयलू ने बुधवार देर रात राज्य प्रसारक टीआरटी के साथ एक साक्षात्कार में बताया कि भूकंप से बुरी तरह से प्रभावित हटे प्रांत के दो इमारतों में बचाव आभियान चलाया जा रहा है। टीमें लगातार शवों की छानबीन कर रही हैं। हालांकि उन्होंने आगे कहा कि अन्य जगहों पर तलाशी अभियान समाप्त हो गया है।

तूर्किये के पर्यावरण और शहरीकरण मंत्री मूरत कुरुम ने कहा कि विनाशकारी भूकंप के कारण 164,000 इमारतें या तो ढह गई हैं या क्षतिग्रस्त हुई है। इस बीच, उत्तर पश्चिमी सीरिया में स्थानीय नागरिक सुरक्षा ने कहा कि देश में दोबारा भूकंप आने के डर के कारण हजारों बच्चे और हजारों परिवार कारों और टेंटों में शरण ली है।

# शहर से लेकर गांव तक पैर पसार रहा वायु प्रदूषण, सतर्क होकर ही लग सकती है लगाम

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** अमूमन ठंड के दिनों में ही दिखने और महसूस होने वाला वायु प्रदूषण अब साल भर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगा है। दिल्ली जैसे शहर में रोजमर्रा के तौर पर एक्यूआइ लगभग दो सौ या इसके पार रहने लगा है। यह एक चिंता की बात है। हर स्तर पर निगरानी और जागरुकता बढ़े तभी इसे थोड़ा नियंत्रित किया जा सकता है लेकिन तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था के दौर में पूरी तरह थामना मुश्किल है।



हरित विकास जैसे उपायों से इसके बढ़ने की रफ्तार को थोड़ा कम किया जा सकता है और इसलिए सरकार का पूरा जोर इसी पर है। इस बीच वायु प्रदूषण की स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि यह बड़े शहरों से आगे बढ़कर छोटे कस्बों और यहां तक गांवों को भी अपनी चपेट में लेने लगी है।

नीरी (नेशनल इनवायरोमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच वायु प्रदूषण को पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। यह स्थिति कभी न कभी हर विकसित देश के सामने आ चुकी है। लेकिन हमें सचेत रहना होगा वरना स्थिति बेकाबू हो सकती है।

वायु प्रदूषण के बढ़ने के वैसे भी जो तीन बड़े स्त्रोत है, वह बढ़ती अर्थव्यवस्था व विकास से जुड़ते है। इनमें पहला बड़ा स्त्रोत वाहन से होने वाला प्रदूषण है। जो वाहनों से साल भर पैदा होता रहता है। बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ देश में इनकी संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। जो शहरों के साथ अब गांवों में भी बड़ी संख्या में दिखने लगे है। ऐसे में वाहनों की जब तक संख्या बढ़ती रहेगी उससे प्रदूषण की मात्रा भी बढ़ती रहेगी।

दूसरा बड़ा स्त्रोत धूल व कचरे को जलने से होने वाला प्रदूषण है। जो और भी ज्यादा गंभीर है। क्योंकि अभी भी देश में लोग इससे होने वाले वायु प्रदूषण को प्रदूषण मानते ही है। और खुले आम बगैर कोई उपाय किए घरों का निर्माण सहित खुदाई आदि कार्यों को अंजाम देते है। कचरा भी जलाते रहते है। तीसरा स्त्रोत उद्योगों के निकलने वाला प्रदूषण है। बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच देश में बड़े और छोटे उद्योग तेजी से लग रहे है। ऐसे में इनकी संख्या बढ़ने के साथ ही प्रदूषण का बढ़ना भी तय है। लेकिन वायु प्रदूषण से निपटने के लिए उचित व्यवहार जरूरी है और इसमें आम नागरिक से लेकर सरकार तक सभी को भूमिका निभानी होगी।


P.S

Parveen Sharma
+91 9888888464
+91 9501111080

PS Enterprises | Cartridge Refill Station

P.S ENTERPRISES

Deals in Refiling HP, Samsung, Canon, Brother, Xerox, DMP, Laser Printer Toner & Cartridges Through Machine

Sales : Tonner Cartridges, Printers Ink Cartridges, DOT Matrix Ribbon

SCO 80-81-82, First Floor, Sector 34-A, Chandigarh-160022 | Ph.: 0172-5018081, (M) : 9888888464, 95011111080-81

Email : psechd&gmail.com | psemkt@gmail.com

# एमओयू का समय बीता, निवेश को बढ़ावा देने के लिए अब से उद्योगपतियों के साथ दिल से समझौते होंगे: मुख्यमंत्री

## एम. ओ. डी. एस. पवित्र समझौता है जो पंजाब को औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए आपसी विश्वास और उत्साह पर आधारित होगा

- मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के समाप्ति समारोह की अध्यक्षता की
- निवेश सम्मेलन में अपने तौर पर हिस्सा लेने के लिए उद्योगपतियों का धन्यवाद किया
- उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय साल की हर तिमाही को अलग-अलग क्षेत्रों के बारे सम्मेलन करवाने का ऐलान







दर्पण न्यूज सर्विस

एस. ए. एस नगर (मोहाली)। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज कहा कि राज्य में मैमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एम. ओ. यू.) का समय अब बीत चुका है और पंजाब में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार उद्योगपतियों के साथ निवेश के लिए मैमोरंडम ऑफ दिल से ( एम. ओ. डी. एस.) करेगी। प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के दूसरे दिन समाप्ति के मौके पर उद्योगपतियों के इक्ट्ठ को संबोधन करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि एम. ओ. डी. एस सीधे तौर पर दिल से किया पवित्र समझौता है और पंजाब को औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए आपस में पूर्ण विश्वास और उत्साह होना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों की बाजू मरोड़ कर जबरदस्ती समझौते करने की पहली प्रथा अब खत्म हो गई है। भगवंत मान ने कहा कि आज राज्य में बड़े स्तर पर औद्योगीकरण को यकीनी बनाने पर ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले लोग राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में हिस्सेदार बनने के लिए अपने बलबूते आए हैं। उन्होंने कहा कि कंपनियाँ अपने लक्ष्य के अनुसार राज्य में विस्तार की संभावनाएं तलाश रही हैं। भगवंत मान ने कहा कि इससे राज्य में तरक्की और खुशहाली आयेगी और नौजवानों के लिए रोजगार के नये मौके पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी ऐलान किया कि उद्योग को और बढ़ावा देने के लिए हर साल राज्य सरकार की तरफ से वित्तीय साल की हर तिमाही में अलग-अलग क्षेत्रों पर आधारित सम्मेलन करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य को विकास के राह पर डालना समय की जरूरत है। भगवंत मान ने कहा कि यह राज्य में उद्योगों के क्षेत्रीय विकास को अपेक्षित बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने पंजाब को तरक्कीपसन्द, प्रगतिशील और खुशहाल राज्य बनाने के लिए अपनी सरकार की वचनबद्धता को दोहराया।

उन्होंने कहा कि उद्योग के सक्रिय सहयोग के साथ इस कार्य को जल्दी सम्पूर्ण किया जायेगा। भगवंत मान ने कहा कि पहले दिन से ही उनका मनोरथ नौजवानों के लिए अधिक से अधिक नौकरियाँ पैदा करना है जिससे उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगा कर उनको नशों से दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जाहिर की कि उद्योगपतियों को राज्य में बिताऐ गए समय का यादगारी तजुर्बा हासिल होगा। मुख्यमंत्री ने उनको राज्य की प्रमुख विशेषताओं जैसे कि व्यापार करने में सुविधा और सबसे अनुकूल व्यापारिक माहौल के तजुर्बे को दूसरे राज्यों में अपने साथियों तक पहुँचाने के लिए राज्य के दूत बनने के लिए कहा। भगवंत मान ने कहा कि राज्य को देश का औद्योगिक केंद्र बनाने के लिए इसमें अधिक से अधिक निवेश को यकीनी बनाना है।

मुख्यमंत्री ने इनवैस्ट पंजाब को इस समागम की सफलता के लिए बधाई भी दी। उन्होंने डिप्टी कमिशनरों को भी बधाई दी, जिन्होंने इस समागम को बड़े स्तर पर सफल बनाने के लिए जमीनी स्तर पर सख़्त मेहनत की। भगवंत मान ने राज्य में निवेश करने के लिए बड़ी संख्या में आए उद्योगपतियों का धन्यवाद भी किया। राज्य की उपलब्धियों को दशार्ते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए यहाँ सबसे अधिक अनुकूल माहौल है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण क्षेत्र का केंद्र है जो फार्मा, आई. टी. और अन्य क्षेत्रों में देश का नेतृत्व करता है। भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार का ध्यान व्यापार करने की सुविधा को यकीनी बनाने के साथ-साथ कारोबार करने की गति और तेज करने पर भी है जिसके लिए जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य को विश्व भर में 'स्वास्थ्य देखभाल' के केंद्र के तौर पर उभारने के लिए अपनी सरकार की वचनबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि पंजाब में मेडिकल शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने आने वाले पाँच सालों में 16 नये मेडिकल कालेजों का निर्माण करने का फैसला किया है जिससे राज्य में मेडिकल कालेजों की कुल संख्या 25 हो जायेगी, जिससे यह यकीनी बनाया जायेगा कि राज्य के हरेक जिले में एक मेडिकल कालेज हो।

भगवंत मान ने कहा कि एक तरफ यह विद्यार्थियों को मानक मैडीकल शिक्षा प्रदान करेगा और दूसरी तरफ लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सहूलतें प्रदान करने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कल्पना की कि राज्य सरकार की तरफ से स्थापित किये जा रहे 117 स्कूल आफ एमिनेंस पंजाब के विद्यार्थियों को अकादमिक क्षेत्र में बढ़िया प्रदर्शन करने के लिए तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि यह स्कूल विद्यार्थियों को नयी दिशा देकर उनके जीवन को बदलने के लिए अहम साबित होंगे। भगवंत मान ने कहा कि स्कूल आफ एमिनेंस क्लास की बेहतर सहूलतें और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ लैस हैं जिससे विद्यार्थियों को सांसारिक स्तर पर मुकाबले के योग्य बनाया जा सके। इससे पहले इनवेस्टमैंट प्रमोशन मंत्री अनमोल गगन मान ने इक्ट्ठ को संबोधन करते हुये मुख्यमंत्री की तरफ से राज्य में उद्योग को उत्साहित करने के लिए किये जा रहे यत्नों की सराहना की। उन्होंने समागम को सुचारू ढंग से करवाने के लिए सभी आधिकारियों विशेष तौर पर प्रमुख सचिव दलीप कुमार और सी. ई. ओ. इनवैस्ट पंजाब के. के. यादव का धन्यवाद भी किया। अनमोल गगन मान ने उम्मीद जाहिर की कि पंजाब के हर क्षेत्र में बेमिसाल विकास देखने को मिलेगा। राज्य सभा मैंबर विक्रमजीत साहनी ने अपने संबोधन में उद्योग को प्रफुल्लित करने के लिए मुख्यमंत्री की तरफ से पहलकदमियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उद्योग को उत्साहित करने के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। विक्रमजीत साहनी ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास राज्य को प्रगतिशील पंजाब बनाने की दूरदर्शी पहुँच और लगन है। इससे पहले प्रमुख सचिव निवेश प्रोत्साहन दलीप कुमार ने इस मौके पर उपस्थित प्रमुख शख्सियतों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने जी. एस. टी. में बढ़िया प्रदर्शन करने वाली औद्योगिक इकाईयों की भी सराहना की। भगवंत मान ने उद्योग को प्रफुल्लित करने के लिए उत्तम कारगुजारी के लिए संगरूर के डिप्टी कमिश्नर जतिन्दर जोरवाल, कपूरथला के डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल और बठिंडा के डिप्टी कमिश्नर शौकत अहमद परे को भी सम्मानित किया। उन्होंने बेहतर कारगुजारी के लिए गुरदासपुर के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु अग्रवाल, तरन तारन के डिप्टी कमिश्नर डॉ. ऋषि पाल और बरनाला के डिप्टी कमिश्नर पूनम दीप कौर को भी सम्मानित किया। इस मौके सी. ई. ओ. इनवैस्ट पंजाब के. के. यादव ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

# मान सरकार मोहाली, रूपनगर और श्री फतेहगढ़ साहिब को शिक्षा केंद्र के तौर पर करेगी विकसित

- शिक्षा के क्षेत्र में निवेश के लिए पंजाब में अथाह संभावनाएं : हरजोत सिंह बैंस



दर्पण न्यूज सर्विस

एस. ए. एस. नगर। पंजाब के सबसे आधुनिक शहर साहिबजादा अजीत सिंह नगर, रूपनगर और श्री फतेहगढ़ साहिब को शिक्षा केंद्र के तौर पर विकसित किया जायेगा। यह प्रगटावा पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने आज यहाँ इंडियन स्कूल आफ बिजनस में चल रहे पाँचवे इनवैस्टरज पंजाब सम्मेलन के दौरान हुए ''शिक्षा, अनुसंधान और हुनर'' विषय पर हुए सैशन को संबोधन करते हुये किया। उन्होंने कहा कि पंजाब में उच्च शिक्षा की साखरता दर 76 प्रतिशत है और पंजाब में लड़कों और लड़कियों की शिक्षा पर समान जोर दिया जा रहा है। राज्य की लगभग 48 प्रतिशत आबादी 0-25 साल उम्र वर्ग की है, इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में निवेश के लिए पंजाब में अथाह संभावनाएं हैं। स. बैंस ने कहा कि भारत सरकार के प्रोफारमैंस ग्रेडिंग इंडैक्स में पाँच सर्वोच्च स्थानों में से चार स्थान पंजाब ने हासिल किये हैं। इसके साथ ही नीति आयोग की इनोवेशन इंडैक्स रिपोर्ट-2020 के अनुसार पंजाब राज्य देश के उन 10 राज्यों में शुमार है, जहाँ शिक्षित कामगार उपलब्ध हैं। इसके साथ ही हमारे लिए यह गौरव वाली बात है कि गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर ए प्लस प्लस दर्जा हासिल करके देश की सर्वोत्म यूनिवर्सिटी बनी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमनें राज्य के सरकारी स्कूलों में बिजनस ब्लास्टर स्कीम शुरू की और विद्यार्थियों को समय का साथी और उनको उद्योगों की जरूरतों के मुताबिक आगामी तैयार करने के लिए आगामी शैक्षणिक वर्ष से पंजाब के सरकारी स्कूलों में पढ़ते विद्यार्थियों को ''उद्यमिता शिक्षा'' ( इंटरपन्यूर एजुकेशन) दी जायेगी। पंजाब सरकार की तरफ से शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के बारे जानकारी देते हुये उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में 117 स्कूल आफ एमिनेंस बनाने का काम शुरू किया है। यह स्कूल 9वीं से 12वीं कक्षा तक होंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग हासिल करने के लिए सिंगापुर भेजा था और 4 मार्च, 2023 को दूसरा बैच शिक्षा हासिल करने के लिए सिंगापुर भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही आई. आई. एम. नागपुर और अहमदाबाद के साथ भी अध्यापक ट्रेनिंग के लिए बातचीत चल रही है। स. बैंस ने निवेशकों को शिक्षा के क्षेत्र बीच में निवेश का न्योता देते हुये कहा कि हमारा उद्देश्य राज्य में और यूनिवर्सिटियाँ और स्कूल खोलने का है।

सैशन की शुरूआत करते हुये गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर के वाइस चांसलर प्रोफैसर जसपाल सिंह संधू ने पंजाब में निवेश करने के सुखद माहौल के बारे रौशनी डालते हुये कहा कि राज्य में शिक्षा का बहुत बेहतर माहौल है। उन्होंने बताया कि राज्य में मौजूदा समय 25 विद्यार्थियों के पीछे एक अध्यापक है और पंजाब के शिक्षा ढांचे में गणित और भाषा पढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है जिस कारण राज्य गणित और भाषा पढ़ाने के मामले में देश में सर्वोत्त्म है। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी को देश की यूनिवर्सिटी ग्रेडिंग संस्था नैक की तरफ से ए प्लस प्लस ग्रेड रैंक दिया गया है जिस कारण गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी किसी भी विदेशी यूनिवर्सिटी का कैंपस शुरू कर सकती है जिसके लिए केंद्र सरकार की मंजूरी की भी जरूरत नहीं है। इस मौके पर बोलते हुये शूलनी यूनिवर्सिटी के संस्थापक डाक्टर अतुल खोसला ने कहा कि हमें शैक्षिक संस्थाओं के गेट हर विद्यार्थी के लिए खोल देने चाहिएं जिससे विद्यार्थी शिक्षा हासिल करके नये विचारों के साथ लोगों के लिए रोजगार के मौके पैदा कर सकें। लैमरिन टैक स्किल यूनिवर्सिटी के चांसलर डाक्टर सन्दीप कौड़ा ने बताया कि लैमरिन यूनिवर्सिटी देश की पहली ऐसी यूनिवर्सिटी है जिसको दुनिया की नामी कंपनी आई. बी. एम. की हिस्सेदारी के साथ चलाया जा रहा है जिसमें दुनिया की जरूरत अनुसार बच्चों को शिक्षा देकर भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पूरी दुनिया को निपुण कामगार मुहैया करवाना है। सैशन को संबोधन करते हुये आई. आई. टी. रूपनगर के डायरैक्टर प्रोफैसर राजीव अहूजा ने कहा कि आई. आई. टी. रूपनगर ने बहुत कम समय में बेहतरीन इंजीनियर पैदा करने के लिए दुनिया भर में यश अर्जित किया है और देश की नामी शैक्षणिक संस्थाओं को पछाड़ दिया है। उन्होंने बताया कि वह 30 साल तक स्वीडन में काम करके आए हैं और जब वापिस भारत लौटे तो उनके पास देश की चार नामी आई. आई. टीज. को हैड करने का मौका था परन्तु उन्होंने पंजाबी होने के नाते बिल्कुल नयी स्थापित हुई आई. आई. टी. रूपनगर को चुना। उन्होंने बताया कि दुनिया की नामी संस्था इम्पलाईमैंट आफ ग्रैजुएट इंजीनियर, फेडरल रिजर्व बैंक आफ मिनीपोलिस, पैनसिलविनिया यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी आफ विस्कांसिन-मैडिसन की तरफ से किये गए सर्वेक्षण में आई. आई. टी. रूपनगर को दुनिया की सर्वोत्तम शिक्षा संस्था घोषित किया गया है। इस मौके पर बोलते हुये पलाकशा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफैसर रुद्र प्रताप ने कहा कि अनुसंधान कामों की शुरूआत करने वाली सदियों पुरानी तकशीला यूनिवर्सिटी की तर्ज पर हमारी संस्था विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रही है।

## हिन्दूजा ग्रुप ने पंजाब में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण की इच्छा जताई

- प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री को मिलकर दी प्रोजेक्टों सम्बन्धी पेशकारी
- पंजाब की इलेक्ट्रिक वाहन नीति पुर्जों और बैटरियों के निर्माण के लिए पंजाब को एक पसन्दीदा स्थान के तौर पर स्थापित करने के समर्थ : लालजीत सिंह भुल्लर

चंडीगढ़। बस निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी हिन्दूजा ग्रुप ने पंजाब में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण की इच्छा जताई है। पंजाब निवेशक सम्मेलन-2023 के चलते आज परिवहन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर को हिन्दूजा ग्रुप का प्रतिनिधिमंडल मिला जिसमें श्री एस.के. चड्ढा सीनियर ऐडवाईजर हिन्दूजा ग्रुप, श्री पीयूष जोनल हैड अशोक लेअलैंड, श्री अमन खन्ना बिजनस हैड माइंड स्पेस, श्री नरेश अरोड़ा जोनल मैनेजर इंडसइंड बैंक और श्री सचिन निझावन चीफ कमर्शियल आफिसर सविच्च मोबीलिटी शामिल थे। उन्होंने कैबिनेट मंत्री को कंपनी के उत्पादों की पेशकारी देते हुये बताया कि पंजाब सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन नीति लाई गई है, इसलिए कंपनी राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण के अंतर्गत छोटी बस बनाने की इच्छा रखती है। उन्होंने बताया कि वह सरकार के साथ हिस्सेदारी करके राज्य में ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट भी खोलने के लिए तैयार है। कैबिनेट मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार द्वारा स्वीकृत की गई पंजाब इलेक्ट्रिक वाहन नीति (पी.ई.वी.पी).-2022 वाहनों के प्रदूषण के कारण राज्य के दूषित हो रहे वातावरण को बचाने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से बनाई गई है। इस नीति के अंतर्गत वाहनों के प्रदूषण निकास को घटाने, बुनियादी ढांचे का निर्माण, अनुसंधान और विकास, रोजगार के मौके, स्थिरता को यकीनी बनाने के अलावा पंजाब को इलेक्ट्रिक वाहनों, पुर्जों और बैटरियों के निर्माण के लिए एक पसन्दीदा स्थान के तौर पर स्थापित किया जा सकेगा। हिन्दूजा ग्रुप के प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब की व्यापक इलेक्ट्रिक वाहन नीति की शुरुआत करने के लिए राज्य सरकार की सराहना करते हुये कहा कि उनको मुख्यमंत्री और उनकी सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। मुख्यमंत्री को राज्य की बेहतरी के लिए दृढ़ इरादे के साथ काम करने के लिए बधाई देते हुये उन्होंने कहा कि यह उद्यमी, मेहनती और समर्पित लोगों की धरती है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की सार्थक और अनुकूल नीतियों के साथ उच्च स्तरीय बुनियादी ढांचे के कारण ही पंजाब बदलाव की चौखट पर खड़ा है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा मंजूरी देने हेतु उपलब्ध करवाए जा रहे सिंगल विंडो सिस्टम की सराहना भी की।

## हरजोत सिंह बैंस के आदेशों पर 12वीं कक्षा का आज होने वाली अंग्रेजी की परीक्षा रद्द

चंडीगढ़। पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के आदेशों पर 12वीं कक्षा का आज होने वाली अंग्रेजी की परीक्षा रद्द कर दी गई है। इस सम्बन्धी अधिक जानकारी देते हुए स. बैंस ने बताया कि कि 12वीं कक्षा का आज होने वाला पेपर लीक होने सम्बन्धी उनको सूचना मिली थी, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए उन्होंने आज होने वाली 12वीं कक्षा की अंग्रेजी की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। स. बैंस ने इसके साथ ही इस मामले की उच्च स्तरीय जाँच के आदेश जारी करते हुए कहा कि इस मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब सरकार 'रंगला पंजाब' सृजन करने के लिए वचनबद्ध : कुलदीप सिंह धालीवाल



दर्पण न्यूज सर्विस

एस. ए. एस. नगर। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की तरफ से पंजाब को वास्तविक 'रंगला पंजाब' बनाने वाली वचनबद्धता को दोहराते हुये कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज उद्योगपतियों को राज्य में खास कर फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में निवेश करने का न्योता दिया और औद्योगिक क्षेत्र को पंजाब के सर्वांगीण विकास एवं खुशहाली का सूत्रधार बताया। 5वें प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन-2023 के आखिरी दिन एग्री-फूड प्रोसेसिंग पर आधारित सैशन को संबोधन करते हुये मंत्री ने कहा कि पंजाब के पास उपजाऊ जमीन, बढिया गुणवत्ता वाले नहरी पानी, खेती माहिर और प्रमुख खोजों के साथ-साथ पंजाब कृषि यूनिवर्सिटी, लुधियाना के रूप में खेती आधारित शैक्षिक अदारे मौजूद हैं, इस कारण पंजाब निवेशकों के लिए एक उपयुक्त स्थान है। डेयरी फार्मिंग की महत्ता का हवाला देते हुए मंत्री ने श्री मुक्तसर साहिब को मछली पालन के केंद्र के तौर पर उभारने की संभावना का जिक्र किया और इस क्षेत्र के अधिक से अधिक विकास के लिए उचित मंडीकरण पर जोर दिया। लोगों के लिए सेहतमंद भोजन को यकीनी बनाने के पक्ष पर बोलते हुये मंत्री ने निवेशकों को राज्य भर में कोल्ड स्टोर स्थापित करने पर ध्यान देने की अपील की। प्रवक्ताओं में, पैपसीको के जॉर्ज कूवर ने उपभोक्ताओं के लिए सेहतमंद और अच्छे भोजन को यकीनी बनाने के लिए पंजाब के किसानों को पैपसीको का सबसे बड़ा हिस्सेदार बताया। उन्होंने कंपनी की निर्माण प्रक्रिया में नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग के महत्व पर भी जोर दिया। नैसले इंडिया के सन्दीप गोयल ने किसान भाईचारे के साथ नजदीकी तालमेल के साथ काम करने के बारे विचार पेश किये। उन्होंने आगे बताया कि नैसले किसानों से खरीदे गए दूध को हमेशा ताजा और ठंडा रखने के लिए फार्म कूलिंग टैंकों का प्रयोग करता है, बायो डायजैस्टरों का प्रयोग खाद को बायो गैस में बदलने के साथ-साथ इलैकट्रिक वाहनों के द्वारा दूध की ढुलाई भी की जाती है। वैलसपन से अनय शुक्ला ने लाजिस्टिक फैक्टर की महत्ता पर जोर दिया और इसके हिस्से के तौर पर बताया कि उनकी कंपनी स्थायी गोदामों जो सौर ऊर्जा पर आधारित हैं, के क्षेत्र से सम्बन्धित है और वातावरण अनुकूल हरित प्रौद्यौगिकी का प्रयोग करने के लिए वचनबद्ध है।

## अनियमितताओं के कारण राइस मिल के खिलाफ एफ.आइ.आर दर्ज




दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख़्त कदम उठाते हुए खाद्य और सिवल सप्लाईज विभाग पंजाब की तरफ से मैस. ओंकार राइस ग्राम उद्योग यूनिट-2 गाँव चैहलां, अमलोह जिला फतेहगढ़ साहिब की तरफ से जाली दस्तावेज जमा करवा के अपनी मिलिंग कपैस्टी बढ़ा कर रजिस्ट्रेशन करवाने का मामला ध्यान में आने के बाद कस्टम मिलिंग पॉलिसी 2022-23 के अनुसार कार्यवाही करते हुए इस मिल को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। प्रवक्ता की तरफ से दी जानकारी अनुसार विभाग की तरफ से मैस. ओंकार राइस ग्राम उद्योग यूनिट-2 गाँव चैहलां के हिस्सेदारों के खिलाफ एफ. आई. आर. दर्ज करवाई गई है। उक्त मिल के हिस्सेदार अन्य सात मिलों में भी हिस्सेदार थे और विभाग की तरफ से कस्टम मिलिंग पॉलिसी 2022-23 के अनुसार कार्यवाही करते हुए इन सात मिलों को भी डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया है। इन मिलों में रखे धान को दूसरी मिलों में शिफ्ट करने के हुक्म जारी कर दिए गए हैं।

आयोजन

आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम/स्टार्टअप सत्र

# आईटी और स्टार्टअप क्षेत्र के लिए पंजाब के पास बेहतरीन ईकोसिस्टम: हेयर



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़/एसएएस नगर। पंजाब उद्योग के साथ साझेदारी करने और क्षेत्र में राज्य की विशाल अप्रयुक्त क्षमता का पता लगाने के लिए अधिक आईटी व्यवसायों को आमंत्रित करते हुए, शासन सुधार मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सभी निवेशकों का पंजाब में स्वागत किया, और कहा कि राज्य में आईटी और स्टार्टअप के लिए सबसे अच्छा पारिस्थितिकी तंत्र है। क्षेत्र। और जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब अब अपार अवसरों की भूमि है। मुख्यमंत्री ने लोगों को उम्मीद दी है कि पंजाब को औद्योगिक हब में तब्दील कर आर्थिक विकास के उच्च विकास पथ की कक्षा में स्थापित किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि पंजाबी जन्मजात उद्यमी होते हैं और उन्हें कड़ी मेहनत और लचीलेपन की अदम्य भावना का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने इस बात का विशेष ध्यान रखा है कि उद्योग नीतिगत फैसलों में बराबर के भागीदार हों। मंत्री ने कहा कि पंजाब देश के प्रमुख उद्यमियों का घर है और अब अजय बंगा, पंजाबी विश्व बैंक का नेतृत्व करेंगे। सत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए, मीत हायर ने कहा कि पंजाब में वर्तमान में 150 से अधिक पंजीकृत आईटी इकाइयां हैं जो लगभग 35,000 आईटी पेशेवरों के साथ राज्य के भीतर काम कर रही हैं। आज के कार्यक्रम की मेजबानी करने वाला शहर मोहाली तेजी से आईटी हब के रूप में विकसित हो रहा है। यह एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ एक रणनीतिक स्थान है। लगभग 1700 एकड़ के परियोजना क्षेत्र और परिचालन के विभिन्न चरणों में मौजूद 60+ आईटी कंपनियों के साथ; ( आईटी सिटी अद्वितीय अवसर प्रदान करता है।) इसके अलावा, क्वार्क सिटी 10 लाख वर्ग किलोमीटर के साथ एक अधिसूचित आईटी विशेष आर्थिक क्षेत्र है। फीट क्षेत्र और 70 से अधिक आईटी / आईटीईएस कंपनियों की उपस्थिति। पंजाब उत्तर भारत का एरउद्ध हब भी है, मोहाली में भारत का एकमात्र एप्लीकेशन स्पेसिफिक इंटीग्रेटेड सर्किट (अरक्ठ) निर्माण सुविधा है। पंजाब में वर्तमान में 20+ सरकारी वित्त पोषित और निजी इन्क्यूबेटरों और त्वरक के साथ 800 से अधिक स्टार्टअप हैं, मीत हायर ने कहा। इससे पहले प्रमुख सचिव शासन सुधार तेजवीर सिंह ने राज्य में निवेश की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे का प्रदर्शन किया जो उद्योगों को स्थापित करने और व्यापार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में मदद करेगा। बृजेंद्र कुमार, पार्टनर, केपीएमजी ने प्रारंभिक टिप्पणी की और चर्चा के दौरान एक मॉडरेटर के रूप में कार्य किया। समीर जैन, संस्थापक और सीईओ, नेट सॉल्यूशंस ने न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की मांगों को भी पूरा करने के लिए कौशल विकसित करने की आवश्यकता पर जोर देकर सत्र की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षण संस्थानों को डिजिटल मार्केटिंग कौशल प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए। पंकज गुलाटी, कार्यकारी उपाध्यक्ष और सीओओ, सीडीआईएल ने कहा कि कोविड के समय ने सेमीकंडक्टर उद्योग को देश में सबसे आगे ला दिया है, जबकि मोहाली में इसकी जड़ें 1980 से हैं। टेली परफॉर्मेंस के सीईओ इंडिया अनीश मुक्कर ने कहा कि अंबाला उनका गृहनगर है और उन्हें इस क्षेत्र के लिए प्यार विरासत में मिला है। उन्होंने कहा कि कंपनी का क्लाउड कैंपस मॉडल लोगों को कहीं से भी काम करने में सक्षम

## रिहाई के आदेशों के बाद तूफान आया बाहर

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में अजनाला पुलिस स्टेशन पर कल हुए हमले के बाद पंजाब पुलिस सिख प्रचारक अमृतपाल सिंह के आगे झुक गई है। पुलिस ने कोर्ट में उसके साथी लवप्रीत तूफान को केस से डिस्चार्ज करने की एप्लिकेशन दायर की। जिसके बाद कोर्ट के आदेशों पर लवप्रीत तूफान दोपहर बाद 3:30 बजे के करीब जेल से बाहर आ गया।

दैनिक सिटी दर्पण
नवोन्मेषक : स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक : सतपॉल शर्मा
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एवं 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित
सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।
स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क:7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना जरूरी: मनोहर लाल



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विजन को सही मायने में चरित्रार्थ कर रही है और गरीब से गरीब व्यक्ति, जिनकी आय 1 लाख रुपये से कम है, उसकी आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक करने की योजना बनाकर उनको लाभ दिया जा रहा है। वर्ष 2023-24 के बजट में 2 हजार करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से अंत्योदय मेलो में स्वरोजगार के लिये बैंक ऋण उपलब्ध करवायेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो बैंकों से लिए गए ऋण को समय पर वापस नहीं लौटा सके और बैंकों ने उनका सिबिल स्कोर देकर दुबारा ऋण देना बंद कर दिया था, उनकी सरकार द्वारा मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पौने 2 करोड़ जनता को वे अपना परिवार मानते हैं।

मुख्यमंत्री आज पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया परंतु गरीबी हटाई नहीं। हमने पिछले 8 वर्षों में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को कैसे आगे लाया जाए, इसकी चिंता की है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में भूमि अधिग्रहण के नाम पर सरकार के लोग बिचोलियों को सस्ते दामों में किसानों से जमीन लेने की छूट दी जाती थी परंतु हमारी सरकार ने इसे बंद किया है। अब किसान अपनी मर्जी से कलेक्टर रेट या बाजार भाव पर अपनी जमीन सरकार को बेचने की पेशकश कर सकता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेरोजगारी के नाम पर युवाओं को बहका रही है। वर्ष 2017 में सीएमआईई एजेंसी ने हरियाणा की बेरोजगारी दर 2 प्रतिशत दिखाई थी और बाद में उसी महीने उसने कभी 12 प्रतिशत, 24 प्रतिशत तथा 36 प्रतिशत दिखाई। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र एक अनूठा दस्तावेज है जो किसी भी देश में नहीं है। कई राज्यों ने हरियाणा की पीपीपी योजना का अध्ययन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में ऐसी जानकारी मिली है कि 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन ऐसे हैं, जो अकेले रहते हैं और सरकार ने निर्णय लिया है कि वृद्ध आश्रमों में इन व्यक्तियों की देख-भाल सरकार करेगी और पूरा खर्चा देगी। इसके लिए 2023-24 के बजट में भी प्रहरी योजना की घोषणा की गई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जहां वृद्धावस्था सम्मान भत्ता 2750 रूपए प्रतिमाह दिया जा रहा है। इसी प्रकार हरियाणा की प्रतिव्यक्ति जीएसटी संग्रह भी देश के 19 बड़े राज्यों में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना का दायरा भी बढ़ाया गया है और इसके तहत तब 29 लाख से अधिक परिवारों को इस योजना में शामिल किया गया है और 5 लाख रूपए तक का फ्री इलाज की सुविधा सरकारी व निजी अस्पतालों में दी जाएगी। सरकार ने अभी हाल ही में निर्णय लिया है कि 1.80 लाख रुपये वार्षिक आय से अधिक आय वाले परिवार भी चिरायु योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें 1500 रूपए प्रतिमाह जमा करवाने होंगे। उन्होंने कहा कि हम सब एक परिवार हैं। मेहनत कर हमें आगे बढना होगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास का मतलब मेहनत कर आगे बढना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को भी सूक्ष्म सिंचाई की ओर जाना चाहिए। गन्ने की फसल के अधीन 2 लाख एकड क्षेत्र को लाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवरपाल, यमुनानगर के मेयर मदन चौहान, सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के पब्लिसिटी सलाहकार तरूण भंडारी तथा पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, पूर्व विधायक लतिका शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# अब नहीं खाने पड़ेंगे धक्के, हर महीने बनेंगे पीले कार्ड, सरकार ने आसान की प्रक्रिया

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब हर माह पीले कार्ड बनाए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने प्रक्रिया को आसान कर दिया है। इसके लिए लोगों को धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। ऑटोमेटिक तरीके से ही यह कार्ड बन जाएंगे। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में राशन का वितरण का ई-वेइंग मशीनों से वितरण किया जाएगा। अब तक राज्य के 7 जिलों में 4341 ई-वेइंग मशीनों के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं का वितरण शुरू किया जा रहा है।

बता दें कि इससे पहले 10 साल में एक बार पीले कार्ड बनाए जाते थे। आवेदक अब ऑनलाइन जाकर विभागीय वेबसाइट या अंत्योदय सरल प्लेटफॉर्म पर पीपीपी संख्या का उपयोग करके अपना हरा राशन कार्ड



डाउनलोड कर सकता है। 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए नए पीले कार्ड बनाने की प्रक्रिया परिवार पहचान पत्र से जोड़कर ऑटोमेटिक कर दी गई है। गौर हो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थी परिवारों की संख्या दिसंबर, 2022 से पहले 26 लाख परिवारों से बढ़कर 31.59 लाख परिवारों तक पहुंच गई है।

हरियाणा के वित मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं में पेड़-पौधों को बहुत पवित्र माना गया है। तदनुसार, सीता अशोक, कृष्ण वट वृक्ष, कृष्ण कदम्ब, बड़, पीपल, नीम, शमी, देसी आम, वरुण, बेल पत्र आदि जैसे सभी पवित्र वृक्ष किसी न किसी क्षेत्र से जुड़े हैं। वर्ष 2023-24 में, प्रत्येक जिले में लगभग पांच से 10 एकड़ क्षेत्र के जंगल में एक स्थान पर इन वृक्षों के रोपण के माध्यम से अमृत वन विकसित करने का प्रस्तावित हैं और अगले पांच वर्षों तक उनकी देखभाल की जाएगी, जब तक कि वे उचित वन के रूप में विकसित न हो जाएं। शिवधाम सहित सार्वजनिक स्थानों पर नीम, बड़ व पीपल आदि प्रजातियों के वृक्षारोपण से छायादार वृक्ष लगाने का प्रस्ताव है।

वित मंत्री ने कहा कि स्थानीय प्रथाओं और मान्यताओं के अनुसार गांव बणी के रूप में संरक्षित प्राकृतिक वनस्पति के खण्ड जैव-विविधता से समृद्ध हैं और ग्रामीण बस्तियों के पास कई पौधों की प्रजातियों के उत्पति-स्थल के रूप में काम करते हैं। हालांकि जनसंख्या वृद्धि और विकास गतिविधियों में वृद्धि के साथ, कई बणियां अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। वर्ष 2023-24 में प्रत्येक जिले में जहां भी सम्भव हो, 10 बणियों तक के संरक्षण और कायाकल्प के लिए ह्लहरियंका बणी पुनर्वासह्ल नामक एक नई योजना शुरू करने का प्रस्ताव है। ऐसी कुल 200 गांव बणियां विकसित की जाएंगी, जो गांवों को अपनी स्थानीय पारिस्थितिकी को संरक्षित करने के लिए दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ और सहायता प्रदान करेंगी।

## बिजली कंपनियों का घाटा 30.15 प्रतिशत से घटकर 11.85 प्रतिशत हुआ, सीएम ने बताई बड़ी उपलब्धि

**चंडीगढ़।** हरियाणा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने बिजली बिलों के ऑनलाइन भुगतान को प्रोत्साहित किया है जिसके चलते बिजली कंपनियों को भुगतान सुनिश्चित हुआ है जिसके चलते बिजली कंपनियां लाभ की स्थिति में आ गई है ।उन्होंने कहा कि बिजली विकास की धुरी है और बिजली की बचत ही उसका उत्पादन है। इसी को ध्यान में रख सरकार ने बिजली सुधारों की मुहिम चलाई जिसके आज आशानुकूल परिणाम मिल रहे हैं। आज बिजली कंपनियों का तकनीकी एंव वाणिज्यिक घाटा जो वर्ष 2014 में 30.15 प्रतिशत था अब घटकर 11.85 प्रतिशत तक रह गया है। उन्होंने कहा कि नलकूप के लिए जिन किसानों ने आवेदन किए हैं उन्हें जल्द ही कनेक्शन जारी किए जाएगें। इसके अलावा जिन गांवों में भूजल स्तर 100 फीट से नीचे चला गया है, वहां सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा पीएम-कुसुम के तहत सौर ऊर्जा आधारित कृषि नलकूप दिए जाएंगें। उन्होंने कहा कि सौर उर्जा के प्रोत्साहन के लिए 70,000 सौर पंपों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा गौशालाओं, गुरुकुलों, कामकाजी महिला हॉस्टल, अनाथालयों, विशेष बच्चों के लिए स्कूलों,वृद्धाश्रमों, बाल गृहों, नारी निकेतनों, धर्मार्थ संस्थानों जैसे सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित सामाजिक और सामुदायिक संस्थानों में ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप (जी.सी.आर.टी.) सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए एक नई योजना शुरू की गई है।



# अनोखा मामला: शिक्षिका ने पहले मंदिर में की शादी, अब पति से मांग रही एक करोड़

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पानीपत।** हरियाणा की पानीपत निवासी एक शिक्षिका ने एक गिफ्ट दुकानदार से करनाल के मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद वह अपने माता-पिता संग मिलकर पति से ही एक करोड़ रुपये की मांग कर रही है। इसके अलावा मकान भी मायके पक्ष के नाम कराने का दबाव बना रही है। पीड़ित ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत तहसील कैंप थाना पुलिस को दी है।



तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में एक युवक ने बताया कि उसकी तहसील कैंप में ही गिफ्ट शॉप है। उसने तहसील कैंप की निवासी युवती से 8 जुलाई 2022 को जटा ज्वाला मां लाल मंदिर (करनाल) में शादी की थी। शादी के बाद महिला और वह अपने-अपने घर चले गए। 13 नवंबर 2022 को दोनों के परिवार को शादी के बारे पता चला तो उन्होंने आहुजा स्वीट्स में रोका कर दिया। रोका होने के दो दिन बाद लड़की पक्ष ने रोका तोड़ दिया। उन्होंने कारण पूछा तो युवती और उसके पिता ने कहा कि वह शादी तभी करेंगे, जब वह एक करोड़ रुपये और मकान उनके नाम करेंगे। उन्होंने झूठे केस में भी फंसाने की धमकी दी। 15 नवंबर 2022 को युवती के पिता और माता दोनों आए और जान से मारने की धमकी देने लगे।

पीड़ित युवक ने बताया कि युवती के माता-पिता ने करनाल में हुई शादी के दस्तावेज फाड़ने का उस पर दबाव बनाया गया। दुकान पर आकर धमकी दी कि वह युवती से दूर रहे, वह पास आया तो जान से मार देंगे। वह दुकान बंद कर घर आ गया। युवती और उसके माता-पिता ने घर आकर भी उसे धमकी दी और रुपयों की मांग की। जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास है।

पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उसकी युवती से पहचान करीब 10 साल पहले हुई थी। वह उसी दिन से रिलेशनशिप में है। पत्नी एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। पत्नी उच्च और वह मध्यम वर्गीय परिवार से संबंध रखती है। शादी के बाद पत्नी उससे रिश्ता तोड़ना चाहती है, इसलिए वह रुपयों का दबाव बना रही है।

# नमी बढ़ने और हवाओं के थमने से छाया कोहरा, 25 व 28 फरवरी को एक बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**हिसार।** हरियाणा में वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने व हवाओं के थमने से बुधवार सुबह कई जिलों में कोहरा छा गया। यही नहीं दृश्यता घटकर 100 मीटर तक पहुंच गई। एक बार फिर से पश्चिमी हवाओं के चलने से प्रदेश के औसत न्यूनतम तापमान में 3.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई।



मौसम विशेषज्ञ की मानें तो 25 व 28 फरवरी को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे, जिससे दोबारा से तापमान में बढ़ोतरी होगी। हालांकि पहाड़ों की तरफ से आने वाली हवाओं के असर से दिन व रात के तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि लगातार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से संपूर्ण मैदानी राज्यों में मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है।

छोटे-छोटे समय अंतराल में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं, जिसकी वजह से तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। अगर पश्चिमी विक्षोभ के बीच अंतराल अधिक रहता है तो तापमान में गिरावट आती है। इसके अलावा जब पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होता है तो तापमान में बढ़ोतरी और जब यह आगे निकल जाता है तो तापमान में गिरावट आती है।

पिछले दिनों मैदानी राज्यों में तापमान में बढ़ोतरी की एक वजह अरब सागर, पश्चिमी राजस्थान व गुजरात पर बना प्रति चक्रवात भी रहा है। फिलहाल यह प्रति चक्रवात कमजोर हो गया है और अरब सागर के पश्चिमी भाग में स्थित हो गया है। साथ ही पश्चिमी विक्षोभ भी प्रदेश से आगे निकल गया है। इस वजह एक बार फिर से ठंडी हवाएं चलने से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज हुई है और वातावरण में नमी भी बढ़ी है।

एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 25 और 28 फरवरी को सक्रिय होने से फिर से तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। जब पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे तो तापमान में बढ़ोतरी के साथ आंशिक बादलवाही होगी। वहीं, जब ये आगे निकल जाएंगे तो तापमान में गिरावट व सुबह के समय कोहरा भी देखने को मिलेगा।

## भ्रूण लिंग जांच कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, महिला से 60 हजार की ठगी

**रेवाड़ी।** झज्जर व रेवाड़ी जिला स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भ्रूण लिंग जांच कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस भी भ्रूण लिंग जांच कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बावल निवासी वेदप्रकाश व शहर के मोहल्ला तुलाराम विहार निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। दोनों ने 60 हजार रुपये में भ्रूण लिंग जांच कराने का सौदा किया था। पुलिस के अनुसार झज्जर स्वास्थ्य विभाग की टीम को पता लगा कि रेवाड़ी में भ्रूण लिंग जांच कराने वाले दलाल सक्रिय है। झज्जर स्वास्थ्य विभाग ने डिकाय मरीज के जरिए बावल के रहने वाले वेदप्रकाश व तुलाराम विहार के रहने वाले पवन से संपर्क किया। पवन लेब टेक्नीशियन है। भ्रूण लिंग जांच कराने का सौदा डिकाय मरीज से 60 हजार रुपये में हुआ। दलाल ने गर्भवती महिला को रेवाड़ी बस स्टैंड पर बुला लिया। बैस स्टैंड आने के बाद दलाल लैब टेक्नीशियन पवन ने डिकाय गर्भवती महिला को शहर के एसबीआई बैंक के समीप स्थित एक अस्पताल में बुलाकर डाक्टर की पर्ची बनवा दी। अस्पताल में पर्ची बनवाने के बाद महिला को कानोड़ गेट के पास स्थित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर लेकर गए। यहां पर महिला का अल्ट्रासाउंड कराया गया। कानोड गेट स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर के बार ही दलालों ने महिला के साथ आए परिजनों से 60 हजार रुपये ले लिए। दलाल पवन ने डिकॉय गर्भवती महिला को बताया कि गर्भ में लड़का है। पवन ने महिला से कहा कि लड़के कुआं पूजन पर उन्हें भी जरूर बुलाना। भ्रूण लिंग की जानकारी देते ही पहले से वहां पर मौजूद पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने वेदप्रकाश व पवन को वहीं दबोच लिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल व अल्ट्रासाउंड की जांच भी की गई। जांच में अस्पताल व अल्ट्रासाउंड संचालकों की नहीं खामी नहीं मिली।

# एचएसजीपीसी ने प्रदेश के सभी गुरुद्वारों की संभाली कमान, अब मीरी-पीरी मेडिकल कॉलेज की ओर बढ़ेंगे कदम

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कुरुक्षेत्र।** प्रदेश के सभी गुरुद्वारों व अन्य संबंधित संस्थानों की आमदनी और खर्च का विवरण हर महीने हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। इतना ही नहीं, कमेटी के मुख्यालय ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के नोटिस बोर्ड पर भी हर महीने यह विवरण दर्ज होगा।

प्रदेश के सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारों की हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने कमान संभाल ली है और अपने स्तर पर काम भी शुरू कर दिए गए है। अब अगला कदम शाहाबाद स्थित मीरी-पीरी मेडिकल कॉलेज का प्रबंधन संभालने का होगा। फिलहाल एसजीपीसी एवं ट्रस्ट के अधीन यह कॉलेज चल रहा है, लेकिन एचएसजीपीसी ने इसके लिए भी योजना तैयार कर ली है। यह कहना है हरियाणा



सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना का।

गुरुवार को कमेटी के गुरुद्वारा छठी पातशाही स्थित मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी गुरुद्वारों व अन्य संबंधित संस्थानों की आमदनी और खर्च का विवरण हर महीने हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। इतना ही नहीं, कमेटी के मुख्यालय ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के नोटिस बोर्ड पर भी हर महीने यह विवरण दर्ज होगा, ताकि प्रदेश की संगत को ही नहीं, अपितु दुनिया भर में बसने वाले हर गुरु नानक नाम लेवा को सही जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर हरियाणा गठन से लेकर आज तक प्रदेश के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान का फंड पंजाब ले जा रही थी। यही कारण है कि वह अब सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने के बावजूद हरियाणा के गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभाल प्रदेश की संगत को सौंपने से कतरा रही है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी का कहना है कि हरियाणा के गुरुद्वारा साहिबान में खर्चे ज्यादा और आमदनी कम है। ऐसे में वे घाटे का सौदा क्यों कर रहे हैं और प्रदेश के गुरुद्वारा साहिबान की सेवा हरियाणा की संगत की झोली में डाल देनी चाहिए थी।

कवलजीत सिंह अजराना ने एसजीपीसी से आह्वान किया कि वह बड़े भाई की भूमिका निभाएं और सेवा संभाल में उन्हें सहयोग करें, वे आज भी उनका उसी तरह सत्कार करते रहेंगे। अजराना ने कहा कि हाल ही में हुई घटना के लिए एसजीपीसी नहीं, बल्कि शिरोमणि अकाली दल (बादल) के नेता जिम्मेदार हैं क्योंकि उन्होंने एक साजिश के तहत यहां पर माहौल खराब करने का असफल प्रयास किया। मगर हरियाणा की सिख संगत आज भी उन्हें माफ करते हुए अपेक्षा करती है कि वे भविष्य में उन्हें सहयोग करेंगे।

## न्यूज डायरी

### एचपीसीएल की पाइप लाइन में चोरों की सेंधमारी , पेट्रोलियम पाइप लाइन पर लगे मिले दो वाल्व

रेवाड़ी। मुंद्रा और दिल्ली के बीच बिछी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कापोर्रेशन लि. की तेल पाइप लाइन में चोरों ने वाल्व लगाकर तेल चोरी करने का प्रयास किया। शहबाजपुर खालसा की सीमा में पाइप लाइन पर दो वाल्व लगे हुए मिले, जबकि खेत में पेट्रोलियम पदार्थ बिखरा हुआ था। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। इस पाइप लाइन की निगरानी का ठेका सेंट्रल इंवेस्टिगेशन एंड सिक्योरिटी सर्विसिज लि. के पास है। कंपनी के सुपरवाइजर बंगड़वा निवासी महेंद्र ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि 22 फरवरी को चैनल नं. 986.244 पर तेल लीक होने का अलार्म मिला था। इसके बाद उन्होंने अपने गार्ड और एचपीसीएल के अधिकारियों की छह टीमों का गठन करके पाइप लाइन की लीकेज जांचने को वॉकिंग शुरू की। यह चैनल शहबाजपुर खालसा की सीमा में है। महेंद्र ने बताया कि जब वह एक खेत के पास पहुंचे तो तेल की गंध आ रही थी। पास पहुंचने पर देखा कि पाइप लाइन पर मिट्टी से भरे कट्टे लगाए हुए हैं। कट्टे हटाए तो पाइप लाइन पर दो वाल्व लगे हुए मिले। खेत में दूर तक तेल फैला हुआ था। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने महेंद्र की शिकायत पर चोरी के प्रयास के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम व कई अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई है। बता दें कि पिछले वर्ष भी एक तेल पाइप लाइन पर वाल्व लगाकर तेल चोरी करने का मामला सामने आया था। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो सोनीपत, रोहतक व झज्जर जिलों तक में पाइप लाइन में सेंध लगाकर तेल करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ था। अब एक बार फिर पाइप लाइन में सेंध लगाने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने गिरोह तक पहुंचने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### महंत कर्मजीत का एलान, ऐतिहासिक गुरुद्वारों के चढ़ावा और खर्च होगा ऑनलाइन, संगत कर सकेगी चेक

यमुनानगर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधीन हरियाणा के सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारों की सेवा संभाल अब पूरी तरह से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक एडहॉक कमेटी के हाथों में आ गई है। जानकारों के मुताबिक इन ऐतिहासिक गुरुद्वारों में सालाना 100 से 120 करोड़ रुपये इकट्ठे होते हैं। अब इस धनराशि का हिसाब हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक एडहॉक कमेटी के हाथ में होगा। इन गुरुद्वारों की सेवा संभाल के लिए एडहॉक कमेटी की क्या प्राथमिकताएं रहेंगी, इस विषय पर एडहॉक कमेटी के प्रधान महंत कर्मजीत सिंह से बातचीत की गई। प्रधान कर्मजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा के सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारों का प्रबंधन पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड होगा। गुरुद्वारों के चढ़ावे, जमीनों से होने वाली कमाई और खर्च को ऑनलाइन किया जाएगा। गुरुद्वारों में कड़ाह प्रसाद की रसीद भी कंप्यूटराइज्ड होगी। इस काम में पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी और संगत कभी भी इसे चेक कर सकती है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक गुरुद्वारों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जहां-जहां सराय बनी है, उनमें कई की हालत काफी दयनीय है। एडहॉक कमेटी के एग्जीक्यूटिव मेंबर की जनरल हाउस मीटिंग में इन सरायों के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। इसकी मंजूरी के बाद सरायों की नए सिरे से मरम्मत कराई जाएगी। जहां जरूरत होगी, वहां नई सराय बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि एडहॉक कमेटी का हेड ऑफिस कुरुक्षेत्र में बनाया जाएगा। महंत कर्मजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक एडहॉक कमेटी के लिए अब कोई विरोध नहीं है। हरियाणा में जो इसका विरोध कर रहे थे, वे सभी हमारे साथ हैं। हरियाणा की अलग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाने में जिन्होंने संघर्ष किया है, उन्हें साथ लेकर काम करेंगे। उन्होंने सभी सिख संगत से शांति बनाए रखने की अपील भी की।

### दो समुदायों के युवक-युवती की शादी का मामला: दो दिन पहले हुई पंचायत में दिया था दो दिन का समय

झज्जर। दो अलग-अलग समुदाय के युवक और युवती के शादी करने के मामले में अब नया मोड़ आया है। गत सोमवार को हुई पंचायत में लड़का पक्ष को दो दिन का समय दिया था लेकिन अब लड़का पक्ष की तरफ से कोई जवाब नहीं मिलने पर इस मामले में वीरवार को बुपनियां गांव में महापंचायत होगी। गुलिया खाप तीसा के प्रधान विनोद बादली ने बताया कि लड़के के परिजनों ने लड़का और लड़की से बात की है लेकिन सामाजिक लोगों की बात नहीं मानकर लड़के ने लड़की के साथ रहने की इच्छा जाहिर की है। ऐसे में अब पंचायत को अपना फैसला करना होगा जिसके लिए समाज के लोगों से बात की जा रही है। वहीं दूसरी ओर गांव के दोनों समुदायों के बीच तनाव का माहौल है और पहले हुई पंचायत में भी ग्रामीणों का गुस्सा लड़के के परिजनों पर देखने को मिला था। बता दें कि बुपनियां गांव के 22 वर्षीय लड़के ने जिले के एक अन्य गांव की 23 वर्षीय लड़की से कोर्ट मैरिज की है। जिसको लेकर दोनों समुदायों के बीच आपसी भाईचारा बिगड़ने की आशंका है। दूसरी ओर प्रशासन की नजर गुरुवार को होने वाली पंचायत पर टिकी है। थाना प्रभारी बाबूलाल ने बताया कि गांव में पुलिस की गश्त बढ़ाई गई है। लड़के के परिजनों से बातचीत भी की गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस समाज के लोगों से बातचीत कर तालमेल बना रही है ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनाई रखी जा सके।

### अग्निवीर भर्ती रैली के लिए पंजीकरण शुरू

हिसार। भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। अग्निपथ भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइटपर विजिट कर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च 2023 है। चयन परीक्षा 17 अप्रैल 2023 को आयोजित की जाएगी। हिसार सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल मोहित सिंह (सेना मेडल) ने बताया कि आवेदक परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान किया जाना है। भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा तथा द्वितीय चरण में भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार के लिए वेबसाइट पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। निदेशक कर्नल मोहित सिंह ने बताया कि हिसार, जींद, फतेहाबाद व सिरसा जिला के जिन युवाओं का जन्म 1 अक्तूबर 2002 से 1 अप्रैल 2006 के बीच हुआ है, वे आवेदन के पात्र होंगे। ऐसे युवा जिन्होंने दसवीं या बारहवीं की कक्षा उत्तीर्ण की है या बोर्ड परीक्षा दे चुके हैं। अभी उनके परिणामों की घोषणा नहीं हुई है। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर लिपिक व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (दसवीं ) व अग्निवीर ट्रेडमैन (आठवीं पास) के पद सभी आर्म्स फोर्स के लिए है।

### जुनैद-नासिर को जिंदा जलाने का मामला: भिवानी के दो आरोपियों के नाम सामने आने से बढ़ी पुलिस की सक्रियता

भिवानी। हरियाणा के भिवानी में बारवास गांव की बणी में राजस्थान के जुनैद-नासिर की बोलेरो में जिंदा जलाने के मामले में जिले के दो गोसेवकों की भूमिका उजागर होने के बाद भिवानी पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। हालांकि इस पूरे प्रकरण में भरतपुर जिले के गोपालगढ़ पुलिस थाना की टीम कार्रवाई कर रही है। हालांकि भिवानी के मोनू राणा और अनिल उर्फ गोगी की भूमिका उजागर होने के बाद अब पुलिस उनके आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालने में भी जुटी हुई है। लोहारू क्षेत्र के गांव बारवास की बणी में दो युवकों नासिर और जुनैद का बोलेरो में पिछले सप्ताह जली हुई हालत में कंकाल मिले थे। इसके बाद से ही पुलिस इस प्रकरण पर पैनी नजर बनाए हुए थी। गोपालगढ़ पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों के शामिल होने का दावा किया है। इसमें भिवानी के पालुवास निवासी मोनू राणा और जीतुवाला जोहड़ क्षेत्र निवासी अनिल गोगी का नाम सामने आया है। फिलहाल पुलिस ने अभी इस मामले की तहकीकात में लगी है। बताया जा रहा है दोनों ही गो सेवक के तौर पर सक्रियता से कार्य करते रहे हैं। हालांकि पिछले काफी अर्से से दोनों ही मेवात और नूंह में गो सेवक के तौर पर सक्रिय रहते थे। वे फिरोजपुर झिरका गो सेवकों की टीम के साथ जुड़े थे। इस हत्याकांड में उनकी क्या भूमिका रही और कैसे वारदात को अंजाम दिया अभी इसका खुलासा होना बाकी है।

### प्रेम प्रसंग में बाधा बने पिता के खिलाफ युवती ने दर्ज कराया मामला, युवती के पिता ने युवक से की मारपीट

रेवाड़ी। रेवाड़ी के कसौला थाना के तहत आने वाले एक गांव में शादी के बाद पंचायती तौर पर जुदा किए गए प्रेमी युगल का बाद में भी आपस में मिलना युवती के पिता को बर्दाश्त नहीं हुआ। युवती के पिता ने न सिर्फ युवक पर फरसी पर हमला कर दिया, बल्कि अपनी बेटी के साथ मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। युवक व युवती ने अलग-अलग शिकायत देकर युवती के पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसके साथ ही युवती ने अपने पिता से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। जानकारी के अनुसार अंकित नाम के एक युवक का अपने ही गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग था। गत वर्ष दोनों ने दिल्ली में शादी कर ली थी। लड़की के पिता ने अंकित के खिलाफ बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया था। इसके बाद गांव में पंचायत हुई। पंचायती तौर पर दोनों को अलग कर दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में अंकित ने बताया कि युवती की शादी उसके परिजनोंने बाद में राजस्थान के एक गांव में कर दी। इसके बाद भी युवती उसके साथ फोन पर बातचीत करती रही। 19 फरवरी को युवती अपने ससुराल से आ गई। उसके फोन करने के बाद वह उसे पाल्हावास में सुरक्षित जगह पर छोड़ आया। इसके बाद वह टैंपो से अपने घर से दुकान पर जा रहा था। रास्ते में युवती के पिता ने उस पर फरसी से हमला कर दिया। वह किसी तरह बचकर वहां से निकला। उसे जान से मारने की धमकी दी गई। अंकित ने पुलिस शिकायत में युवती के पिता से जान का खतरा बताया है। शिकातय के बाद पुलिस ने युवती के पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके परिजनों ने उसकी शादी राजस्थान के एक गांव में की थी। इसके बाद भी वह अंकित से अपनी मर्जी से फोन पर बात करती थी। उसके ससुराल वालों ने अंकित को झूठे मुकदमा में फंसा दिया था, लेकिन वह जमानत होने के बाद जेल से बाहर आ गया। उसने आरोप लगाया कि उसके पिता ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

संपादकीय

## पारदर्शिता

### राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों के सिलसिले में तेजी




दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर केंद्रीय जांच एजंसी को मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद एक बार फिर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। कुछ दिनों पहले सीबीआइ ने अपनी जांच रपट में कहा था कि दिल्ली सरकार ने अपने अधीन आने वाले सभी विभागों, स्वायत्तशासी निकायों, संस्थानों और संस्थाओं के कामकाज में गड़बड़ियों की जानकारी जुटाने के नाम पर जो 'फीडबैक यूनिट' गठित की थी, उसके जरिए जासूसी करने का प्रयास किया गया।

इस संबंध में सीबीआइ ने उपराज्यपाल से मनीष सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा चलाने की इजाजत मांगी थी। उपराज्यपाल ने वह मांग मान ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी मुकदमा चलाने की इजाजत दे दी। इस फैसले से आहत मनीष सिसोदिया ने खुद ट्वीट कर सीधे केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला बोला। भाजपा की दिल्ली इकाई इस फैसले से उत्साहित है और वह सिसोदिया की गिरफ्तारी की मांग करने लगी है। दोनों दलों के बीच इस तरह के राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और एक-दूसरे को छकाने की कोशिश कोई नई नहीं है। जब भी अनियमितता का कोई मामला सामने आता है, इसी तरह आम आदमी पार्टी के नेता केंद्र सरकार, उपराज्यपाल और भाजपा पर हमले शुरू कर देते हैं। इससे आम लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है कि वास्तव में मामला अनियमितता का है भी या नहीं।

नई आबकारी नीति के तहत घोटालों के आरोप लगे और जांच एजंसी ने उससे संबंधित तथ्य खंगालने शुरू किए, उससे जुड़े लोगों की गिरफ्तारियां शुरू हुईं, तब भी वह मामला दिल्ली सरकार बनाम उपराज्यपाल और केंद्र सरकार बना दिया गया। दिल्ली सरकार कहती रही कि उसमें कोई अनियमितता नहीं हुई, सब कुछ नियमों के तहत हुआ। मगर जांच एजंसी उसमें भ्रष्टाचार के तार तलाशती रही। उसी तरह विभिन्न विभागों के कामकाज पर नजर रखने के बहाने जासूसी कराने के आरोप को लेकर गदोर्गुबार उड़ाया जा रहा है। पर तथ्य यह है कि करीब आठ साल पहले दिल्ली सरकार ने अपने अधीन आने वाले विभिन्न विभागों, संस्थानों और संस्थाओं में अनियमितताएं दूर करने के नाम पर एक 'फीडबैक यूनिट' का गठन किया था। उसके लिए उपराज्यपाल से मंजूरी नहीं ली गई थी।

हालांकि बाद में उपराज्यपाल नजीब जंग ने उस इकाई की वैधता पर सवाल उठाते हुए उसे खारिज कर दिया था। मगर जितने दिन भी उस इकाई ने काम किया, उसमें बहुत सारे ऐसे तथ्य इकट्ठा किए, जिसे जासूसी कहा जा रहा है। उसमें कई राजनेताओं के खिलाफ भी तथ्य इकट्ठा किए गए थे। उस इकाई की निगरानी मनीष सिसोदिया के जिम्मे थी। इस मामले में वैधानिक सवाल यह है कि जब भ्रष्टाचार पर नजर रखने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक विभाग है, ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस है और सतर्कता आयोग है, जिन्हें संवैधानिक मान्यता है, फिर दिल्ली सरकार को अलग से एक इकाई गठित करने की क्या जरूरत पड़ी। जाहिर है, उस इकाई के गठन के बाद भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने से जुड़े तमाम महकमों का कामकाज बाधित हुआ, उनके अधिकार क्षेत्र में नाहक दखल शुरू हुई और सरकार को इसके लिए अतिरिक्त धन का प्रावधान करना पड़ा।

आखिर पारदर्शी प्रशासन का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी सरकार को इस तरह कानूनी पहलुओं की अनदेखी करने की जरूरत क्यों महसूस हुई। इस पर उससे सवाल पूछा जाना तो बनता है। इसलिए अब जब सीबीआइ इससे जुड़े सवाल पूछेगी, तो अपेक्षा की जाती है कि उसका राजनीतिकरण करने के बजाय पारदर्शिता बरतते हुए माकूल जवाब दिए जाएं।

## आज का राशिफल

**मेषः** आज युवा उद्यमियों को सम्मान मिल सकता है। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। घर की सुख-शान्ति बनी रहेगी। आपकी आय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। कला जगत से जुड़े लोगों के लिये दिन विशेष शुभ है।

**वृषभः** आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाये रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ेगी।

**मिथुनः** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। खानपान पर आप काफी धन खर्च करेंगे। नौकरीपेशा लोगों की आय में वृद्धि होगी।

कर्कः विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। विद्यार्थी उच्च शिक्षा को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों में आपको थोड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

**सिंहः** लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर थोड़े स्पष्ट रहें। जीवनसाथी की अहमियत को समझें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। मन की चंचलता पर नियन्त्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**कन्याः** आज आपकी परिस्थितियाँ काफी कमजोर रहने वाली हैं। इसीलिये आपको सोच-समझकर ही निर्णय लेने चाहिये। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या होगी। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें फैलायेंगे। आय में कमी होने से आत्मविश्वास में कुछ कमी रहेगी।

**तुलाः** समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनन्द उठायेंगे। मित्र आपकी हर कार्य में सहायता करेंगे। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव उत्पन्न होगा।

**वृश्चिकः** आय के नये स्रोत विकसित होंगे। उधार दिया हुआ धन आपको वापस करना पड़ेगा। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी। आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियाँ दूर होंगी। पढ़ाई में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**धनुः** आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ रहेगा। नये काम की शुरूआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। अपनी गलतियों को सुधारने के लिये दिन बहुत अच्छा है। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्यों से धन लाभ होगा। अटके हुये कार्यों में तेजी आयेगी।

**मकरः** कारोबार में ग्राहकों के रवैये से नाखुश हो सकते हैं। मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिये संसाधन जुटाने में कठिनाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे।

**कुंभः** कार्यक्षेत्र में स्थितियाँ आपके अनुकूल रहेंगी। जॉब में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी।

**मीनः** आपको विदेशों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। करियर को लेकर नयी दिशा प्राप्त हो सकती हैं। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत सम्बन्धों पर हावी न होने दें। जो काम आप काफी दिनों से टाल रहे थे वो आपको आज करना पड़ सकता है।

# श्रीगणेश के 12 नाम जपने से पूरी होती है हर मनोकामना और दूर होते हैं कष्ट




**श्रीगणेश अंक में भगवान गणेश के 12 नामों का वर्णन किया गया है, जिनको बोलने से मनुष्य के सभी दुखों का नाश हो जाता है। किसी भी पूजा में सर्वप्रथम गणेश जी का ही स्मरण किया जाता है। इसलिए उन्हें प्रथम पूज्य कहा जाता है। भगवान शिव ने गणेश जी को ये आशीर्वाद दिया था कि जब भी पूजा होगी, तो सबसे पहले उनका ही स्मरण होगा, इसीलिए पूजा में सबसे पहले गणेश जी का ही स्मरण किया जाता है। गणेशजी के अनेक नाम हैं लेकिन ये 12 नाम प्रमुख हैं- सुमुख, एकदंत, कपिल, गजकर्णक, लंबोदर, विकट, विघ्न-नाश, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचंद्र, गजानन। भगवान गणेश के अति शुभ बारह नामों का नित्य स्मरण करने वाले व्यक्ति को जीवन में किसी भी प्रकार के संकटों का सामना नहीं करना पड़ता है। विद्या अध्ययन, विवाह के समय, यात्रा , रोजगार के शुभारम्भ में या अन्य किसी भी शुभ कार्य को करते समय गणेश के बारह नाम लेने से कार्यो की अड़चनें दूर हो जाती है। श्रीगणेश अंक में भगवान गणेश के 12 नामों का वर्णन किया गया है, जिनको बोलने से मनुष्य के सभी दुखों का नाश हो जाता है और उसकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।**

## शिक्षा में मिलती है सफलता

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना गया है। अच्छी बुद्धि और विद्या की प्राप्ति के लिए गणपति की पूजा-अर्चना का विधान है। श्रीगणेश-अंक के अनुसार, जिस भी मनुष्य को अच्छी विद्या पाने की इच्छा हो, उसे भगवान गणेश के इन 12 नामों का पाठ करना चाहिए। नियमित रूप से इनका जप करने से भगवान गणेश की कृपा हमेशा बनी रहती है और मनुष्य की हर मनोकामना पूरी होती है। विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से इनका जप करना विशेष लाभकारी है।

## धन प्राप्ति के लिए

भगवान गणेश को सुख और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। जिस भी मनुष्य को धन-संपत्ति पाने की इच्छा हो, उसे पूरी श्रद्धा के साथ भगवान गणेश के इन बारह नामों का पाठ नियमित रूप से करना चाहिए। ऐसा करने से घर से दरिद्रता दूर होती है और धन-धान्य में वृद्धि होती है, सुख-समृद्धि आती है।

## योग्य संतान की प्राप्ति के लिए

भगवान गणेश के इन बारह नामों को चमत्कारी माना जाता है। इनके जप से मनुष्य की हर मनोकामना जरूर ही पूरी होती है। संतान चाहने वाले दंपत्ति को रोज सुबह और शाम श्रद्धापूर्वक इनका पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से उनको संतान पाने की कामना पूरी होती है।

## मोक्ष की प्राप्ति के लिए

भगवान गणेश प्रथम पूज्य माने जाते हैं। किसी भी काम की शुरूआत में सबसे पहले उनका पूजन किया जाता है। भगवान गणेश की आराधना करने से मनुष्य को अपने पापों से मुक्ति मिलती हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान गणेश के इन बारह नामों का पाठ करने से मनुष्य को धरती पर ही स्वर्ग के समान सुख मिलते हैं और मृत्यु के उपरांत मोक्ष की प्राप्ति होती है, ऐसा शास्त्रों का मत है।

# बैजनाथ मंदिर का इतिहास

## बैजनाथ मंदिर का इतिहास

बैजनाथ मंदिर को प्राचीन समय में कार्तिकेयपुर के नाम से जाना जाता था। सर्वप्रथम इस शहर को कत्यूरी राजा नरसिंह देव ने आपनी राजधानी बनाया था। तब से यह शहर कत्यूरी राजवंश की राजधानी बना रहा। इन लोगों ने 7 वीं से 13 वीं शताब्दी के दौरान यहाँ शासन किया था, उसी समय इन लोगों ने इस मंदिर का पुनर्निर्माण किया था। इस मंदिर मंदिर परिसर कई शिलालेख जो कि 1202 ईस्वी पूर्व के हैं। जिनमे कत्यूरी वंश के शासन के प्रमाण मिलते है। बाद में कत्यूरी साम्राज्य के अंतिम राजा बिरदेव सिंह की मृत्यु के बाद 13वीं शताब्दी में यह राज्य विघटित हो गया था, जिसके बाद 8 और रियासतों का जन्म हुआ। कत्यूरी वंश के समाप्त होने के बाद चंद राजवंश के लोगों ने इस मंदिर का देख भाल की, और इसकी विरासत को संभाल कार रखा। अगर आप इस मंदिर में आओगे तो मुख्य मंदिर के एक शिकरा को टूटा हुआ पाओगे, जो इस मंदिर में हुई लूट का प्रमाण है। इस मंदिर का दिलचस्प इतिहास इसे प्रसिद्ध बनाता है।

## बैजनाथ मंदिर की वास्तुकला

बैजनाथ मंदिर का निर्माण कत्यूरी शैली में हुआ है। यहाँ मुख्य मंदिर में वैद्यनाथ शिव एक लिंग के रूप में विराजमान हैं, उनके साथ में माता पार्वती की एक सुंदर मूर्ति भी स्थित है। जिसका निर्माण काले पत्थरों से किया गया है। इस मंदिर का निर्माण बड़े बड़े पत्थरों को काटकर किया गया है। इस मंदिर में भगवान शिव जी के साथ गणेश, पार्वती, चंडिका, कुबेर, सूर्य और ब्रह्मा जी की मूर्तियों भी विराजमान हैं। गोमती नदी से मंदिर तक पहुँचने के लिए सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। समुद्र ताल से इस मंदिर की ऊंचाई लगभग 1130 मीटर है।

## बैजनाथ मंदिर का धार्मिक महत्व

बैजनाथ मंदिर पूरे देश में फैले हुए 12 ज्योतिलिंर्गों में से एक है, जिस कारण से शैव समुदाय के लिए इस मंदिर का महत्व बहुत अधिक हो जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर के अंदर मौजूद शिव लिंगों का निर्माण स्वयं और प्राकृतिक रूप से पृथ्वी से हुआ है। मंदिर के अंदर विराजमान मूर्ति बहुत सुंदर है क्योंकि इसे एक काले पत्थर पर उकेरा गया है और साथ ही उसी तरह के पत्थर का उपयोग करके 32 अन्य देवताओं की नक्काशी की गई है। मंदिर के बारे में कुछ लोककथाओं प्रचलित है कि यहाँ सहित लिंग को एक ब्राह्मण महिला द्वारा बनाया गया था, जिसने इसे भगवान शिव को समर्पित किया था। जबकि कुछ अन्य कथाएं भी प्रचलित हैं जैसे कि भगवान शिव ने देवी पार्वती से गरूर गंगा और गोमती के संगम स्थान पर शादी की थी, और उसी स्थान पर आज बैजनाथ मंदिर स्थित है।

## बैजनाथ मंदिर का खुलने का समय

बैजनाथ मंदिर पूरे सप्ताह में खुले रहता है। इस मंदिर का खुलने का समय यहाँ के मौसम पर निर्भर करता है। गर्मियों के समय में यह मंदिर सुबह 5:00 बजे खुल जाता है, और शाम को 7:00 बजे बंद हो जाता है। लेकिन सर्दियों में यहाँ बहुत ठंड पड़ती है तो यह मंदिर सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुला रहता है। बैजनाथ मंदिर जाने का सबसे अच्छा समय अप्रैल से जून के बीच में होता है। क्यूंकि गर्मियों के दौरान यहाँ घूमने का सबसे अच्छा समय होता है। उस समय यहाँ का तापमान नॉर्मल रहता है, और आप घर से बाहर निकल कर यहाँ की प्रकृति का आनंद ले सकते हैं। आपको मानसून के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों की यात्रा करने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आपकी योजनाओं में बाधा उत्पन्न होगी। यदि आप छुट्टी के लिए एक शांत क्षेत्र की तलाश कार रहे हैं तो यह आपके लिए सबसे अच्छी जगह होगी। अगर आप बर्फ देखने के शौकीन हो तो आपको यहाँ सर्दियों के मौसम में जाना चाहिए। उस समय आपको यहाँ सफेद बर्फ देखने को मिल सकती है।

## बैजनाथ मंदिर में मनाए जाने वाले त्योहार

बैजनाथ मंदिर में विभिन्न प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं, लेकिन उनमें सबसे प्रमुख दो त्योहार हैं, महाशिव रात्री और मकर संक्रांति उनके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।

### महा शिवरात्रि

महा शिवरात्रि के दौरान पूरे मंदिर परिसर को बहुत खूबसूरती से सजाया जाता है, और इस उत्सव में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं। महा शिवरात्रि के दिन लोग यहां भगवान शिव का आशीर्वाद लेने आते हैं। इस उत्सव के दौरान किसी भी तरह के हंगामे से बचने के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। मंदिर प्राधिकरण भक्तों की परेशानी मुक्त यात्रा का ख्याल रखता है।

### मकर संक्रांति

मकर संक्रांति माघ के महीने में मनाया जाता है। यह महिना हिन्दुओं का पवित्र महीना होता है। इस महीने में जो यहाँ बैजनाथ मंदिर के नीचे नदी बहती है, उसमें नहाने से व्यक्ति के सभी पाप धूल जाते हैं। इस त्योहार के दिन लड्डू बनाए जाते हैं, और पतंग बाजी की जाती है।



# रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा के बीच भारत ने यूएन में गांधीवादी विचार पर आयोजित किया कार्यक्रम, दिया शांति का संदेश

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** रूस यूक्रेन युद्ध की चर्चा के बीच शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत ने महात्मा गांधी के न्यासिता सिद्धान्त और आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया।यूएन में भारत के स्थायी मिशन और आर्थिक और सामाजिक परिषद चैंबर में यूनिवर्सिटी फॉर पीस की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में दुनियाभर के कई देशों के राजनयिकों ने शिरकत की।

इस संगोष्ठी में टिकाऊ जीवनशैलियां और सतत शांति को प्रोत्साहन देने के लिए मानव उत्कर्ष विषय पर भी खास जोर दिया गया। संगोष्ठी में विविध नेतृत्व पृष्ठभूमि वाले उच्च-स्तरीय वक्ताओं ने अपने विचार रखे।इसमें विशेषज्ञों ने कहा कि दुनिया से गरीबी, भुखमरी और गहराती विषमताएं, पूर्वाग्रह, नस्लभेद व बढ़ती 'हेट स्पीच' जैसी चुनौतियों को गांधी जी के मूल्यों को अपनाकर हराया जा सकता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध को आज एक साल पूरा हो गया है। वहीं यूक्रेन में व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति तक पहुंचने की आवश्यकता पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पारित किया गया है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक 'ऐतिहासिक मतदान' में देशों ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस की निंदा की। 141 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि सात ने इसका विरोध किया। वहीं, चीन और भारत सहित 32 सदस्य मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। यह प्रस्ताव रूस से शत्रुता समाप्त करने और यूक्रेन से सैनिकों की वापसी का आह्वान करता है।



संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के अनुरूप यूक्रेन में जल्द से जल्द व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति हासिल करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले एक प्रस्ताव पर यूएनजीए में मतदान के दौरान भारत अनुपस्थित रहा। 193-सदस्यीय महासभा ने यूक्रेन और उसके समर्थकों द्वारा प्रस्तावित मसौदा प्रस्ताव को अपनाया, जिसका शीर्षक था 'संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांत के अंतर्गत यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति का आधार'।

प्रस्ताव में सदस्य राज्यों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को चार्टर के अनुरूप यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए राजनयिक प्रयासों के समर्थन को दोगुना करने का आह्वान किया गया। यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो इसके समुद्री सीमा तक फैली हुई है। साथ ही अपनी मांग को दोहराया कि रूस जल्द से जल्द पूरी तरह से और बिना शर्त के अपने सभी सैन्य बलों को यूक्रेन के क्षेत्र से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस ले और शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान करे।

रूस द्वारा 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से संयुक्त राष्ट्र के महासभा, सुरक्षा परिषद और मानवाधिकार परिषद में लाए गए कई प्रस्तावों में आक्रमण की निंदा की गई है और यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है।

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। संघर्ष के कारण अनगिनत लोगों की जान चली गई और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले गंभीर रूप से चिंता के कारण हैं। आज वठत्रक्ष्भ यूक्रेनी संघर्ष के एक वर्ष के रूप में चिह्नित है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि हम खुद से कुछ प्रासंगिक प्रश्न पूछें कि क्या हम दोनों पक्षों को स्वीकार्य संभावित समाधान के करीब हैं, क्या कोई भी प्रक्रिया जिसमें दोनों पक्षों में से कोई भी शामिल नहीं है, कभी भी एक विश्वसनीय समाधान की ओर ले जा सकती है?

क्या 1945 के विश्व निर्माण पर आधारित संयुक्त राष्ट्र प्रणाली और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए समकालीन चुनौतियों का समाधान करने के लिए अप्रभावी नहीं हो गए हैं? भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का पालन करता है, हम हमेशा संवाद और कूटनीति को ही एकमात्र रास्ता मानते हैं। स्थायी शांति हासिल करने के अपने लक्ष्य तक पहुंचने में इसकी सीमाओं को देखते हुए हम आज के प्रस्ताव के घोषित उद्देश्यों पर ध्यान देते हैं, लेकिन हम इससे दूर रहने के लिए विवश हैं।

## यूएन में वोटिंग पर भारत की अनुपस्थिति पर यूक्रेन ने कहा, ये संवेदनशील मुद्दा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** रूस की तरफ से यूक्रेन में जारी हमलों के बीच भारतीय समयानुसार गुरुवार देर रात संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में एक प्रस्ताव पारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति तक पहुंचने की आवश्यकता पर एक प्रस्ताव पारित किया। 141 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि सात ने इसका विरोध किया। वहीं, चीन और भारत सहित 32 सदस्य मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। यूएनजीए ने एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव रूस से शत्रुता समाप्त करने और यूक्रेन से सैनिकों की वापसी का आह्वान करता है। वोटिंग में भारत के शामिल न होने पर अब यूक्रेन का बयान आया है। यूक्रेन के राजदूत इवान कोनोवलोव ने शुक्रवार को कहा कि एक एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में यूक्रेन



भारत के समर्थन पर भरोसा करता है। उन्होंने आगे कहा, 'यूएन में प्रस्ताव को अपनाया गया और भारत के मतदान से दूर रहने की स्थिति निश्चित रूप से हमारे लिए एक संवेदनशील मुद्दा है। हम भारत के समर्थन पर भरोसा करते हैं और हमारे बीच निश्चित रूप से एक भरोसेमंद रिश्ता है। उम्मीद है कि यह भविष्य में हमारी मदद करेगा। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के अनुरूप यूक्रेन में जल्द से जल्द व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति हासिल करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले एक प्रस्ताव पर यूएनजीए में मतदान के दौरान भारत अनुपस्थित रहा। 193-सदस्यीय महासभा ने यूक्रेन और उसके समर्थकों द्वारा प्रस्तावित मसौदा प्रस्ताव को अपनाया, जिसका शीर्षक था 'संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांत के अंतर्गत यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति का आधार'। प्रस्ताव में सदस्य राज्यों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को चार्टर के अनुरूप यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए राजनयिक प्रयासों के समर्थन को दोगुना करने का आह्वान किया गया। यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो इसके समुद्री सीमा तक फैली हुई है। साथ ही अपनी मांग को दोहराया कि रूस जल्द से जल्द पूरी तरह से और बिना शर्त के अपने सभी सैन्य बलों को यूक्रेन के क्षेत्र से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस ले और शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान करे।

## चीन पर लगाए अमेरिका के चिप प्रतिबंध की ताइवान पर पड़ी गहरी मार

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**ताइपे।** चीन के खिलाफ छेड़े गए अमेरिका के व्यापार युद्ध की गहरी मार ताइवान पर पड़ी है। ताजा जारी आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में ताइवान के निर्यात में भारी गिरावट आई। यह गिरावट 2022 के जनवरी की तुलना में 19.3 फीसदी दर्ज हुई। इसके पहले दिसंबर में निर्यात में साल भर पहले की तुलना 23.2 फीसदी गिरावट दर्ज हुई थी।



जानकारों के मुताबिक अमेरिका ने पिछले अक्तूबर में चीन पर चिप और सेमीकंडक्टर संबंधी जो प्रतिबंध लगाए, ताइवान उससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। चिप उद्योग में ताइवान दुनिया में नंबर एक देश है। अक्तूबर के बाद से ताइवान से चीन के लिए चिप के निर्यात में भारी गिरावट आई है। वेबसाइट एशिया टाइम्स पर छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2009 के बाद चीन के लिए ताइवान से इंटीग्रेटेड सर्किट चिप्स के निर्यात में इतनी गिरावट कभी नहीं आई थी। अमेरिकी प्रतिबंध लगने के बाद ताइवानी कंपनियों को चीन और हांगकांग से मिलने वाले ऑर्डर में 45.9 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। एशिया टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी प्रतिबंधों से नुकसान जापान और दक्षिण कोरियाई कंपनियों को भी हुआ है। इससे जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के आर्थिक सुधार पटरी से उतर गए हैं। इस कारण उनकी लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। किशिदा ने चीन पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का समर्थन किया था। उस कारण निकॉन कॉर्प, टोक्यो इलेक्ट्रॉन और जापान की अन्य टेक कंपनियों को चीन के साथ अपना चिप कारोबार रोकना पड़ा है। लेकिन सबसे खराब असर ताइवान पर पड़ा है। 2022 की आखिरी तिमाही में ताइवान की अर्थव्यवस्था में 0.86 फीसदी की सिकुड़न आई। 2008-09 की वैश्विक आर्थिक मंदी के बाद किसी तिमाही में ताइवान की अर्थव्यवस्था इतनी नहीं सिकुड़ी थी। ताइवान के आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि निर्यात बढ़ने की फिलहाल कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है- वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी के जोखिम अभी भी बने हुए हैं, जिसका असर ताइवान को निर्यात के लिए मिलने वाले ऑर्डरों पर पड़ सकता है।

## न बिजनेस क्लास में सफर, न पांच सितारा होटलों में ठहर सकेंगे शहबाज सरकार के मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इस समय गहरे आर्थिक संकट से घिरा है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब अमेरिकी डॉलर से भी कम रह गया है। महंगाई आसमान छू रही है। देश के लोग सत्ता में बैठे हुक्मरानों से अतिरिक्त खर्च में कटौती करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच, सरकार ने मंत्रियों के वेतन में कटौती का फैसला किया है। इसके अलावा मंत्री अब बिजनेस क्लास में हवाई सफर नहीं कर पाएंगे और महंगे पांच सितारा होटलों में भी नहीं ठहर सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 6.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद हासिल करने के लिए पाकिस्तान को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। हाल ही में आईएमएफ की टीम पाकिस्तान पहुंची थी। सरकार के साथ उसकी नौ दौर की वार्ता हुई, लेकिन बेलआउट पैकेज पर सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद आईएमएफ की टीम वापस चली गई। तबसे वर्चुअल बैठक में ही आईएमएफ और पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों के बीच वार्ता हो रही है। सरकार अब अतिरिक्त खर्चों में कटौती कर रही है। इस्लामाबाद में कैबिनेट की बैठक के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा, यह समय की मांग है। उन्होंने कहा, आत्मसंयम, सादगी और त्याग समय की मांग है। दुनिया का पांचवां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गया है। एक अनुमान के मुताबिक, महज 3 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार के साथ 350 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले देश को डॉलर की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स के मुताबिक, बाढ़ के कारण आपूर्ति में बाधा, खाद्य पदार्थों की कमी और आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण पहली बार महंगाई रिकॉर्ड तीस फीसदी से ऊपर चली गई है। गंभीर परिस्थितियों के विरोध में आम लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। सरकार यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि अतिरिक्त खर्च उच्च स्तर पर हो रहा है।

## क्या अब चीन की नौसैनिक ताकत अमेरिका से भी ज्यादा है? अमेरिकी अधिकारी का सनसनीखेज खुलासा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**वाशिंगटन।** दुनिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी नौ सेना ने यह कह कर पश्चिमी देशों की चिंता बढ़ा दी है कि नौ सैनिक ताकत में चीन अमेरिका पर बढ़त हासिल कर चुका है। चीन के पास अब अमेरिका से अधिक बेड़े हैं और उसने जहाज बनाने के मामले में अमेरिका से अधिक क्षमता प्राप्त कर ली है। अमेरिकी नौसेना का यह आकलन इसी हफ्ते सामने आया है।

वाशिंगटन स्थित नेशनल प्रेस क्लब में एक बैठक को संबोधित करते हुए अमेरिका के नौसेना सेक्रेटरी कार्लोस डेल टोरो ने कहा कि चीन लगातार दूसरे देशों की समद्री संप्रभुता का उल्लंघन करने की कोशिश करता है। इससे वह दक्षिण चीन सागर में अमेरिका के सहयोगी देशों के



आर्थिक हितों को चोट पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा- चीन ने अब दुनिया भर में अधिक संख्या में बेड़े तैनात कर रहा है। इसके जवाब में अमेरिका को भी अपनी नौसैनिक शक्ति को आधुनिक बनाना चाहिए। टोरो ने कहा कि भविष्य में अमेरिका को अधिक जहाजों की जरूरत पड़ेगी, ताकि वह बढ़ रहे खतरे का मुकाबला कर सके।

विश्लेषकों के मुताबिक टोरो के इस बयान से अमेरिकी रणनीतिकारों के कान खड़े हो गए हैं। टोरो ने दोनों देशों की नौ सेना के पास मौजूद क्षमताओं का तुलनात्मक विवरण भी दिया। इसके मुताबिक चीन आने वाले वर्षों में लगभग चार सौ लड़ाकू जहाजों को तैनात करने की स्थिति में होगा, जबकि अमेरिका के पास अभी ऐसे 340 जहाज ही हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने पिछले साल अपनी नौसेना संबंधी योजना का दस्तावेज जारी किया था। उसके मुताबिक पेंटागन का मकसद अमेरिकी नौ सेना को साल 2045 तक 350 लड़ाकू जहाज उपलब्ध कराने का है। लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि ये संख्या चीन से काफी कम पड़ेगी। अमेरिकी कांग्रेस के बजट कार्यालय ने पिछले नवंबर में अपनी एक रिपोर्ट में ध्यान दिलाया था कि कई अमेरिकी लड़ाकू जहाज पुराने पड़ रहे हैं, जिन्हें रिटायर कराना होगा। उससे अमेरिकी नौ सेना के पास मौजूद जहाजों की संख्या और घट जाएगी।

डेल टोरो के इस बयान यहां चिंता और बढ़ गई है कि अमेरिका चीन की जहाज निर्माण और मरम्मत क्षमता का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं रह गया है। उन्होंने कहा- चीन के पास 13 शिपयार्ड हैं और उनके कुछ शिपयार्ड अधिक क्षमता वाले हैं।

## ब्रिटेन के सुपरमार्केट नहीं दे रहे तीन से ज्यादा टमाटर-मिर्ची, बाजार से क्यों गायब हो रहे फल-सब्जी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में आम लोगों की मुसीबतें बढ़ती ही जा रही हैं। लोग महंगाई से पहले ही परेशान थे कि अब देश में खाद्य संकट हो गया। हालात यहां तक आ गए हैं कि देश के सबसे बड़े सुपरमार्केट, टेस्को, एस्डा, एल्डि और मॉरिसन ने कुछ फलों और सब्जियों की बिक्री सीमित कर दी है। गुरुवार को एक बयान में कहा गया कि कमी की यह स्थिति एक महीने तक बनी रह सकती है। महंगाई की मार झेल रहे ब्रिटेन में लोगों को अब खाद्य संकट का सामना करना पड़ रहा है। यहां के सबसे बड़े सुपरमार्केट, टेस्को और डिस्काउंटर एल्डि द्वारा जारी किए गए बयानों के मुताबिक, वो प्रत्येक ग्राहक को मात्र तीन टमाटर, मिर्च और खीरे की बिक्री पर कर पाएंगे। टमाटर, मिर्च और खीरे, सलाद पत्ते बैग, ब्रोकली, फूलगोभी आदि की बिक्री प्रति ग्राहक तीन कर दी है। एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमने कुछ फलों और सब्जियों में प्रत्येक उत्पाद की तीन की एक अस्थायी सीमा तय की है, ताकि ग्राहक उन उत्पादों को खरीद सकें, जिनकी उन्हें जरूरत है। वहीं, मॉरिसन ने खीरे, टमाटर, सलाद पत्ते और मिर्च पर दो की सीमा तय की है। अन्य प्रमुख यूके सुपरमार्केट भी कमी की चपेट में आ गए हैं, लेकिन अभी तक ग्राहकों के लिए सीमाएं नहीं तय की हैं।

जानकारी के मुताबिक, खीरे, टमाटर और सलाद पत्ते सहित सलाद पत्ते की फसलें फिलहाल सबसे अधिक प्रभावित हैं। बैंगन और नींबू की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। ब्रिटेन में पाले ने सबसे ज्यादा गोभी और फूलगोभी के उत्पादन को नुकसान पहुंचाया है। लोग अंडे की कमी का भी सामना कर रहे हैं। उत्पादकों को बढ़ती लागत और ब्रिटेन में एवियन इन्फ्लूएंजा के सबसे खराब प्रकोप के कारण अण्डों में कमी आई है। नेशनल फार्मर्स यूनियन (एनएफयू) का दावा है कि ब्रिटेन के अंडे का उत्पादन नौ वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है। वहीं, यूके के अंडे पैक करने



वालों ने 2019 की तुलना में 2022 में लगभग 1 बिलियन कम अंडे पैक किए। देश में आपूर्ति में कमी के कारण सेन्सबरी पिछले साल के अंत से इटली से अंडे आयात कर रहा है।

यूके सरकार ने कहा है कि संकट काफी हद तक यूरोप और अफ्रीका में खराब मौसम के कारण हुआ है। व्यापार समूह ब्रिटिश रिटेल कंसोर्टियम (इफ्छ) के मुताबिक, सर्दियों के महीनों में ब्रिटेन अपने टमाटर का लगभग 95 फीसदी और इसके सलाद पत्ते का 90 फीसदी आयात करता है। इनमें से अधिकांश आयात स्पेन और उत्तरी अफ्रीका से किया जाता है। लेकिन दक्षिणी स्पेन असामान्य ठंडे मौसम से गुजर रहा है उधर मोरक्को में फसल की पैदावार बाढ़ से प्रभावित हुई है जबकि भयंकर तूफान के कारण खेप देरी से पहुंच रही हैं या कई तो रद्द हो गई हैं।

संकट की दूसरी सबसे बड़ी वजह ब्रिटेन और नीदरलैंड में ग्रीनहाउस में उगाई जाने वाली उपज पर अधिक बिजली की कीमतों को बताया जा रहा है। दरअसल, फरवरी-मार्च के महीने में ब्रिटेन को घरेलू उत्पादकों और नीदरलैंड से भी कुछ उत्पाद मिलते हैं। लेकिन दोनों देशों के किसानों ने बिजली की अधिक कीमतों के कारण सर्दियों की फसल उगाने के लिए ग्रीनहाउस के उपयोग को कम कर दिया है।

पर्यावरण मंत्री थेरेसी कॉफी ने कहा कि सुपरमार्केट यह सुनिश्चित करने के लिए किसानों के साथ काम कर रहे हैं कि ग्राहकों के लिए पर्याप्त ताजा उपज उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम कोशिश करें और सुनिश्चित करें कि हमें वैकल्पिक सोर्सिंग विकल्प मिलें।' मंत्री ने कहा कि उनका पर्यावरण, खाद्य और ग्रामीण मामलों का विभाग (डीईएफआरए) संकट से उबरने और भविष्य में इसी तरह की स्थितियों से बचने के लिए खुदरा विक्रेताओं के साथ चर्चा कर रहा है।

विपक्षी लेबर पार्टी ने कुछ बुनियादी खाद्य पदार्थों की कमी पर वास्तविक चिंता जताई है। लेबर नेता जिम मैकमोहन ने कहा, 'भोजन की उपलब्धता के बारे में सार्वजनिक चिंता है और हमारी खाद्य सुरक्षा के लिए जिम्मेदार मंत्री और खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखना राष्ट्रीय सुरक्षा है।' पर्यावरण मंत्री थेरेसी कॉफी ने संसद में एक सवाल के जवाब में हाउस ऑफ कॉमन्स को बताया कि स्थिति अगले दो से चार सप्ताह तक जारी रह सकती है। वहीं, बीआरसी ने सुपरमार्केट को आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत मिलने तक कुछ हफ्तों तक संकट जारी रहने की बात कही है। एनएफयू बिजली पर निर्भर किसानों को और अधिक सहायता देने की मांग कर रहा है। अपने वार्षिक सम्मेलन में, संगठन ने सरकार की नीतियों की आलोचना की। इसने कहा कि ग्रीनहाउस वाले खाद्य उत्पादकों को बिजली बिलों के में सहायता नहीं दी गई है। उधर देश के कृषि मंत्री मार्क स्पेंसर ने सम्मेलन में बताया कि सरकार का वित्त और व्यापार विभाग इन योजनाओं की जांच कर रहा है।

## न्यूज डायरी

### सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी मामले में मीडिया रिपोर्टिंग पर रोक लगाने से किया इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति गौतम अदाणी के मामले में शुक्रवार को बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने इस केस में मीडिया की रिपोर्टिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिका भी खारिज कर दी, जिसमें अदाणी-हिंडनबर्ग मामले पर कोर्ट के अंतिम आदेश तक मीडिया को रिपोर्टिंग करने से रोकने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा, 'हम मीडिया को कोई निषेधाज्ञा जारी नहीं करने जा रहे हैं।' इसके पहले शीर्ष अदालत ने 17 फरवरी को शेयर बाजार के लिए नियामक उपायों को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञों के एक प्रस्तावित पैनल पर केंद्र के सुझाव को सीलबंद लिफाफे में स्वीकार करने से भी इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि वह निवेशकों के हितों में पूरी पारदर्शिता बनाए रखना चाहता है। इसलिए सीलबंद लिफाफे में केंद्र के सुझाव को स्वीकार नहीं करेगा। पीठ ने कहा था, 'हम आपके सीलबंद लिफाफे में दिए गए सुझाव को स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि हम पूरी पारदर्शिता बनाए रखना चाहते हैं।' हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अदाणी ग्रुप्स के शेयरों में आई गिरावट को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई की।

### श्रीलंका ने अदाणी समूह के निवेश को मंजूरी दी, मन्नार और पूनरिन पवन ऊर्जा संयंत्र को मिली हरी झंडी

कोलंबो। हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर मचे बवाल के बीच अदाणी समूह के लिए राहतभरी खबर आई है। श्रीलंका के निवेश संवर्द्धन बोर्ड ने अदाणी समूह की दो नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। परियोजनाएं श्रीलंका के उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में लगाई जाएंगी। इन दोनों परियोजनाओं में कुल 44.2 करोड़ डॉलर का निवेश किया जाएगा। मन्नार के पवन ऊर्जा संयंत्र की क्षमता 250 मेगावॉट और पूनरिन स्थित संयंत्र 100 मेगावॉट क्षमता का होगा। जानकारी के मुताबिक, श्रीलंका निवेश बोर्ड ने मन्नार और पूनरिन में दो पवन ऊर्जा संयंत्रों की 44.2 करोड़ डॉलर के कुल निवेश के साथ स्थापना करने के लिए भारतीय कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को मंजूरी पत्र जारी किया है। इन संयंत्रों को दो साल में शुरू करने की योजना है, इन्हें राष्ट्रीय ग्रिड में 2025 में जोड़ा जाएगा। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री सनाउल्लाह के खिलाफ जमानती वारंट, गिरफ्तारी के आदेश

इस्लामाबाद । पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने शुक्रवार को आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया। अदालत ने सनाउल्लाह के खिलाफ अगस्त, 2022 में पंजीकृत मामले को लेकर यह कार्यवाही की है। उन पर न्यायपालिका को धमकाने और सरकारी अधिकारियों को जिम्मेदारियों को पूरा करने से रोकने का आरोप है। डॉन समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता सनाउल्लाह ने न्यायपालिका को उसके काम से रोकने और पंजाब पुलिस अधिकारियों के बच्चों को मारने की धमकी दी थी। इसके बाद यह मामला पंजाब प्रांत के गुजरात शहर में आतंकवाद विरोधी अदालत के सामने लाया गया। डॉन की रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालत ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों को सानुल्लाह को गिरफ्तार करने और सात मार्च को अदालत के सामने पेश करने का निर्देश दिया है।

### रूस-यूक्रेन जंग के बीच खुले नए रास्ते, वैश्विक व्यापार ने किया बेहतर प्रदर्शन

जेनेवा। 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद वैश्विक व्यापार के प्रभावित होने की संभावना जताई गई थी। हालांकि, विश्व व्यापार संगठन की रिपोर्ट इससे इतर है। हळ्ड की ओर से कहा गया है कि 2022 में वैश्विक व्यापार लचीला रहा और निराशावादी भविष्यवाणियों से इतर बेहतर प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं यूक्रेन युद्ध से प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं ने भी आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाया। डब्ल्यूटीओ ने कहा है कि लंबी अवधि के दृष्टिकोण के लिए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता है। डब्ल्यूटीओ की 'यूक्रेन में युद्ध का एक वर्षः वैश्विक व्यापार और विकास पर प्रभाव का आकलन' रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन में युद्ध के एक वर्ष के बाद वैश्विक व्यापार लचीला रहा। अनुमान लगाया गया कि 2022 में वैश्विक व्यापार वृद्धि अप्रैल में जारी किए गए तीन प्रतिशत के डब्ल्यूटीओ व्यापार पूर्वानुमान से ऊपर थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन संकट के सामने वैश्विक व्यापार बेहतर तरीके से समायोजित किया गया। भारी तबाही के बावजूद हमने देखा कि व्यापार प्रवाह खुला रहा। यूक्रेन युद्ध की शुरूआत में प्रभावित माल की कीमतें बहुत कम बढ़ीं। सबसे अधिक प्रभावित उत्पादों में, पैलेडियम के लिए 4.4 प्रतिशत और मक्का के लिए 24.2 प्रतिशत की कीमतों में वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया, यह मूल्य वृद्धि पर्याप्त है, जो भविष्यवाणियां की गईं थीं, यह उसकी तुलना में कम है। डब्ल्यूटीओ सचिवालय स्टाफ सिमुलेशन ने कहा कि भोजन पर व्यापाक निर्यात प्रतिबंधों के मामले में, 17 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि की तुलना में कुछ कम आय वाले क्षेत्रों में गेहूं के लिए कीमतें 85 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। डब्ल्यूटीओ नोट के अनुसार, विशेष रूप से ईंधन, उर्वरकों और अनाज के लिए कीमतों में वृद्धि के कारण रूस के निर्यात में मूल्य के संदर्भ में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, अनुमान लगाया गया कि रूस के निर्यात की मात्रा में थोड़ी गिरावट आई है। मोटर वाहन, फार्मास्यूटिकल्स या विमान जैसे औद्योगिक सामानों के लिए व्यापार प्रवाह तेजी से नीचे है, जहां प्रतिबंध अधिक प्रतिबंधात्मक हैं।

### दक्षिणी चीन सागर विवाद के बीच भारत का बड़ा कदम, पहली बार इंडोनेशिया में डॉक की सबमरीन

नई दिल्ली। दक्षिणी चीन सागर को लेकर चीन का कई आसियान देशों के साथ विवाद चल रहा है। इस बीच भारत ने एक बड़ा कदम उठाते हुए पहली बार अपनी सबमरीन इंडोनेशिया भेजी है। बता दें कि भारतीय सबमरीन आईएनएस सिंधुकेसरी भारत की नीति आसियान देशों में कूटनीतिक और सैन्य पहुंच को बढ़ाने के तहत इंडोनेशिया के जकार्ता पहुंची है। 3000 टन वजनी आईएनएस सिंधुकेसरी बुधवार को सुंदा खाड़ी से होते हुए जकार्ता पहुंची। इंडोनेशिया की नौसेना ने ट्वीट करते हुए लिखा 'भारत और इंडोनेशिया के संबंधों को मजबूत करने के लिए इंडोनेशिया नौसेना भारतीय सबमरीन आईएनएस सिंधुकेसरी का जकार्ता में स्वागत करती है।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐसा पहली बार है कि इतनी दूरी पर सबमरीन को तैनात किया गया है। इससे भारतीय नौसेना की पानी के अंदर युद्ध लड़ने की क्षमताओं का सहज अंदाजा लग सकता है। इंडोनेशिया में भारतीय सबमरीन की तैनाती इस लिए अहम है क्योंकि दक्षिणी चीन सागर के बड़े हिस्से पर चीन अपना दावा करता है। इसे लेकर अन्य आसियान देशों इंडोनेशिया, फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ताईवान और ब्रूनेई के साथ चीन का विवाद भी चल रहा है। दरअसल ये देश भी दक्षिणी चीन सागर के कुछ हिस्सों पर अपना दावा करते हैं। यही वजह है कि दक्षिणी चीन सागर को लेकर तनाव बना हुआ है और चीन ने यहां एकतरफा कार्रवाई करते हुए कई कृत्रिम द्वीपों का निर्माण कर लिया है और इन द्वीपों पर अपनी नौसेना को तैनात कर दिया है। इंडोनेशिया के तट पर भारतीय सबमरीन की तैनाती ऐसे समय हो रही है, जब बीते हफ्ते ही फिलीपींस के 21 मरीन जवानों ने ब्रह्मोस की एंटी शिप सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की ट्रेनिंग पूरी की है। 23 जनवीर से 11 फरवरी तक चली इस ट्रेनिंग में फिलीपींस के नौसैनिकों को ब्रह्मोस के ऑपरेशन और मेंटिनेंस आदि की जानकारी दी गई। भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल बेची हैं। बीते दिनों भारत ने सिंगापुर की नौसेना के साथ भी अग्नि वॉरियर नाम से युद्धाभ्यास किया था। साथ ही मलेशिया और इंडोनेशिया के साथ भी भारत की सेनाएं युद्धाभ्यास कर चुकी हैं। इससे साफ है कि भारत आसियान देशों की मदद कर रहा है और यह उसकी चीन का मुकाबला करने की नीति का हिस्सा है। भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाएं मिलकर इंटरनेशनल मेरीटाइम सीमा में साथ मिलकर पेट्रोलिंग भी करती हैं। पिछले साल ही भारत ने इंडोनेशिया के साथ मिलकर दो बार पेट्रोलिंग की।

### इस दवा के असर से जॉम्बी बन रहे लोग! अमेरिका के कई शहरों में बढ़ा खतरा, सरकार की बढ़ी चिंता

वॉशिंगटन। अक्सर हॉलीवुड फिल्मों में आपने देखा होगा, जिसमें लोग किसी रहस्यमयी वायरस के संपर्क में आकर जॉम्बी बन जाते हैं और भूत-प्रेत जैसे दिखने लगते हैं। अब ऐसा हकीकत में हो रहा है। दरअसल अमेरिका में एक नई ड्रग के इस्तेमाल से लोगों की त्वचा सड़ रही है और वह जॉम्बी जैसे दिख रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों की इस ड्रग के असर से मौत हो रही है। अमेरिका के कई शहरों में इस ड्रग का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिससे वहां की सरकार चिंतित है। बता दें कि अमेरिका में जाइलाजाइन नामक दवा का इस्तेमाल बढ़ रहा है। आमतौर पर इस दवा का इस्तेमाल जानवरों पर किया जाता है, जिससे जानवरों को बेहोश करने में मदद मिलती है। लेकिन अमेरिका के कई शहरों में युवा भी इस दवा को बतौर ड्रग इस्तेमाल कर रहे हैं और इससे उन्हें भी बेहोशी जैसी नींद आना, सांसे धीमी हो जाने की समस्या हो रही है। बार-बार इस ड्रग का इस्तेमाल करने वाले या फिर ज्यादा डोज लेने वाले लोगों की मौत भी हो रही है। साथ ही इस ड्रग के इस्तेमाल से लोगों की त्वचा सड़ रही है और वह जॉम्बी जैसे दिख रहे हैं। दरअसल ड्रग के साइड इफेक्ट से पीड़ितों के शरीर पर घाव हो रहे हैं और अगर इस पर ध्यान ना दिया जाए तो इससे त्वचा की कोशिकाएं मृत हो जाती हैं। ऐसे में उस अंग को काटना पड़ रहा है। कई बार इस दवाई के असर से व्यक्ति लंबे समय तक अर्द्ध बेहोशी की हालत में रहता है, जिससे उसके सड़क हादसे की चपेट में आने या फिर यौन शोषण होने का भी खतरा है। जाइलाजाइन को फेनटानिल के साथ मिलाकर ट्रैंक डोप तैयार की जा रही है, जिसे नशे के तौर पर युवाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है। चिंता की बात ये है कि यह ट्रैंक डोप अमेरिका की सड़कों पर आसानी से उपलब्ध हो जा रही है।

# अंबुजा, एसीसी के बाद अल्ट्राटेक कंपनी भी घटाएगी 41 पैसे मालभाड़ा




**दर्पण न्यूज सर्विस**
**बिलासपुर।** अदाणी सीमेंट कंपनी एसीसी और अंबुजा के बाद अब अल्ट्राटेक कंपनी भी सीमेंट ढुलाई मालभाड़ा कम करेगी। कंपनी ने हाल ही में 13 पैसे बढ़ाकर 10.71 रुपये प्रति मीट्रिक टन प्रति किलोमीटर मालभाड़ा किया था, जिससे ट्रक ऑपरेटर खुश थे। अब अदाणी कंपनी के नए किराये के बाद अल्ट्राटेक कंपनी भी 41 पैसे मालभाड़ा कम करने जा रही है। इसका फैसला 27 फरवरी को होगा। अल्ट्राटेक कंपनी भी अब अदाणी कंपनी की तरह ही 10.30 रुपये मालभाड़ा देगी। इससे अल्ट्राटेक सीमेंट ढुलाई करने वाले 3,500 ट्रक ऑपरेटरों को नुकसान होगा।

करीब तीन घंटे तक अल्ट्राटेक प्रबंधन और अल्ट्राटेक परिवहन सभाएं समन्वय समिति के पदाधिकारियों के बीच मालभाड़े को लेकर बैठक में मंथन हुआ। ऑपरेटरों ने अपना पक्ष रखा कि मालभाड़ा कम नहीं होना चाहिए, लेकिन अल्ट्राटेक प्रबंधन ने कहा कि वे अदाणी कंपनी की नीति ही लागू करेंगे। हालांकि इस बैठक में कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन अब 27 फरवरी को होने वाली बैठक में इस पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है।

बैठक में मौजूद समन्वय समिति के सलाहकार दौलत सिंह ठाकुर ने कहा कि सभी सीमेंट कंपनियों की परिस्थितियां अलग-अलग हैं। सीमेंट विवाद अदाणी, बीडीटीएस और दाड़लाघाट के ट्रक ऑपरेटरों के बीच था। इससे अल्ट्राटेक कंपनी और उसकी परिवहन सभाओं का कोई लेना-देना नहीं था। जो भी फैसला अदाणी कंपनी और उसके ऑपरेटरों के बीच हुआ है, वह उन्हीं पर लागू होता है। अल्ट्राटेक कंपनी की अपनी नीति है और उन्हें अदाणी कंपनी की नीति का अनुसरण नहीं करना चाहिए। वहीं, अल्ट्राटेक कंपनी के अधिकारियों ने कहा है कि वे एसीसी और अंबुजा की ओर से तय किराया ही देंगे। दौलत सिंह ठाकुर ने कहा कि इस पर अंतिम निर्णय 27 फरवरी को प्रस्तावित बैठक में किया जाएगा। कंपनी की ओर से प्लांट हेड विवेक माथुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# टाइगर के बाद ट्रैप कैमरों में एक साथ कैद हुए तीन तेंदुए

**साहिब।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश की पांवटा साहिब घाटी में पहली बार टाइगर (बाघ) की मौजूदगी पुख्ता होने के बाद अब एक साथ तीन तेंदुए भी ट्रैप कैमरों में कैद हो गए हैं। इलाके में वन्य प्राणियों की बढ़ रही चहलकदमी से वन्य प्राणी विभाग बेहद खुश है। दरअसल, सिरमौर के कर्नल शेरजंग नेशनल पार्क सिंबलबाड़ा के साथ उत्तराखंड का राजाजी नेशनल पार्क और हरियाणा का कलेसर नेशनल पार्क भी सटा है। इन्हीं नेशनल पार्क से कई बार हाथी और अन्य वन्य प्राणी भी यहां कई बार पहुंचे हैं। बता दें कि जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में सिंबलवाड़ा व इसके आसपास के क्षेत्र में टाइगर के पैरों के निशान पाए गए थे। इसके बाद 12 फरवरी को भी जंबूखाला के समीप जंगल में भी टाइगर की चहलकदमी की आशंका जताई गई। जंगल में टाइगर की गतिविधियों की जानकारी पुख्ता करने के मकसद से विभाग ने सिंबलवाड़ा पार्क समेत गंगूवाला बाग में ट्रैप कैमरे लगाए हैं। चार दिन पहले ही इन्हीं में से एक कैमरे में 19 फरवरी को टाइगर की तस्वीर कैद हो गई। अब उत्तराखंड के तेंदुओं ने भी क्षेत्र में दस्तक दे दी है। कुछ दिन पहले ही क्षेत्र में एक हाथी भी पहुंचा था। ट्रैप कैमरे में कैद हुए तीन तेंदुओं की मौजूदगी विभाग को पांवटा साहिब के गंगूवाला बाग में मिली। बता दें कि पिछले माह उत्तराखंड से विशेषज्ञों की एक टीम ने स्थानीय वन विभाग की सहायता से आठ ट्रैप कैमरे लगाए हैं। इन कैमरों में अब जंगल की सारी गतिविधियों की जानकारी विभाग को मिल रही है। यहां टाइगर की पुष्टि हो चुकी है। अब अन्य प्राणियों की गतिविधियां भी कैमरे में कैद हो रही हैं। वन विभाग पांवटा साहिब के आरओ विनय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि नेशनल पार्क में लगे ट्रैप कैमरों में बाघ के बाद अब गंगूवाला बाग में लगे कैमरों में तेंदुओं की तस्वीरें कैद हुई हैं। इनमें तीन तेंदुए एक साथ नजर आ रहे हैं। इस बारे में डीएफओ समेत उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया है।



# हिमाचल के मंडी, धर्मशाला में साइबर थाने बहाल, अधिसूचना जारी




**दर्पण न्यूज सर्विस**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने मंडी और धर्मशाला रेंज में साइबर अपराध थाने बहाल कर दिए हैं। जयराम सरकार के एक अप्रैल 2022 के बाद के फैसलों की समीक्षा के सुक्खू सरकार के फैसले के बीच यह थाने बंद किए गए थे। राज्य सरकार के प्रधान सचिव गृह ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। प्रदेश में अब तीन साइबर थाने होंगे। इनमें से दक्षिण रेंज में साइबर पुलिस थाना शिमला में पहले से ही है। इसके तहत शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर और बद्दी साइबर पुलिस स्टेशन होंगे। उत्तरी रेंज साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में होगा। इसके तहत कांगड़ा, ऊना, चंबा और नुरपूर जिले आएंगे। इसी तरह से मध्य रेंज में साइबर पुलिस थाना मंडी में होगा।

इसके तहत मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, कुल्लू और लाहौल स्पीति जिले आएंगे। इन तीनों थानों का मुख्यालय राज्य आपराधिक जांच विभाग के तहत शिमला में ही रहेगा। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम अपराध मामलों में नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। संबंधित अपराध की निगरानी और पर्यवेक्षण करेगा। इन साइबर पुलिस थानों में नवीनतम तकनीक हार्डवेयर, साफ्टवेयर और प्रशिक्षण का उपयोग सुनिश्चित करेगा। उल्लेखनीय है कि अमर उजाला ने मंडी और धर्मशाला में साइबर थानों के बंद करने का मामला प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद सरकार ने समीक्षा के बाद इन दोनों थानों को बहाल कर दिया है।

मंडी जिला के धर्मपुर में बागवानी विभाग का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और उपनिदेशक कार्यालय को भी बंद कर दिया था। इस कार्यालय को भी 20 जनवरी को बहाल किया गया था। धर्मपुर के सिद्धपुर में शिवा प्रोजेक्ट के लिए यह कार्यालय खोला गया था। यह प्रदेश का पहला कार्यालय था। यह माना जा रहा है कि आगामी दिनों में कई अन्य कार्यालयों को भी बहाल किया जा सकता है।

सरकार जहां इस संबंध में विपक्ष के निशाने पर है, वहीं कई क्षेत्रों में लोग भी सुविधाएं छिन जाने की दुहाई दे रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री दोहराते रहे हैं कि बिना बजट कई संस्थान खोल दिए गए हैं। इसका प्रदेश पर भी भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

# बर्फ के दीदार के लिए सोलंगनाला, अटल टनल में उमड़े पर्यटक, स्कीइंग का उठाया लुत्फ

**दर्पण न्यूज सर्विस**
**मनाली।** अटल टनल रोहतांग का साउथ पोर्टल और सोलंगनाला पर्यटकों से गुलजार हो गया है। बर्फबारी के बाद पर्यटक बर्फ के बीच खूब मस्ती कर रहे हैं। सोलंगनाला में हर रोज पर्यटकों का मेला लग रहा है। अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल तक भी पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में पहुंच रहे हैं। शुक्रवार सुबह से ही सोलंगनाला और अटल टनल के साउथ पोर्टल में सैकड़ों पर्यटकों पहुंचे और बर्फ का दीदार किया। मौसम खुलने के बाद मनाली के पलचान से सोलंगनाला और साउथ पोर्टल तक पर्यटक बर्फबारी की जमकर मस्ती कर रहे हैं।

होटल एसोसिएशन मनाली के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि मनाली में विंटर सीजन अच्छा चल रहा है। हिमपात ने मनाली के पर्यटन को पंख लगा दिए हैं और होटलियरों ने भी राहत की सांस ली है। एसडीएम मनाली डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि अटल टनल की ओर पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि अभी फोर बाई फोर वाहन ही टनल की ओर भेजे जा रहे हैं। धुंधी में पार्किंग की व्यवस्था होते ही सभी वाहनों को टनल की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी। सोलंगनाला में पर्यटक स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग, स्लेजिंग, ट्यूब स्लेजिंग, घुड़सवारी, स्नो स्कूटर का आनंद ले रहे हैं।

## हिमाचल में लगातार चार दिन मौसम खराब रहने की संभावना, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से आएगा बदलाव

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लगातार चार दिन मौसम खराब रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार ताजा पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 25 से 28 फरवरी तक प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में बारिश-बर्फबारी की संभावना है। मध्य व मैदानी कुछ भागों में 28 फरवरी को अंधड़ चलने का भी अलर्ट जारी हुआ है। वहीं, आज राजधानी शिमला व अन्य भागों में मौसम साफ बना हुआ है। धूप खिलने से तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 25 फरवरी को राज्य में एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके बाद 28 फरवरी को एक और पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव देखने को मिल सकता है। 1 और 2 मार्च को भी मौसम खराब रह सकता है। शिमला में न्यूनतम तापमान 7.4, सुंदरनगर 4.5, भुंतर 3.9, कल्पा 2.0, धर्मशाला 9.2, ऊना 6.8, नाहन 12.9, केलांग माइनस 8.0, पालमपुर 8.0, सोलन 4.5, मनाली 3.6, कांगड़ा 9.0, मंडी 4.6, बिलासपुर 8.0, हमीरपुर 6.7, चंबा 7.2, डलहौजी 8.3, जुब्बड़हट्टी 9.8, कुफरी 6.1, कुकुमसेरी माइनस 5.5, नारकंडा 3.9, रिकांगपिओ 5.1, सेऊबाग 2.5, धौलाकुआं 7.8, बरठीं 4.9, पांवटा साहिब 12.0 और सराहन में 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सचिव पर चलेगा मुकदमा, सरकार ने दी अभियोजन को मंजूरी

**शिमला।** जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (जेओए) आईटी पेपर लीक मामले में हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर के पूर्व सचिव पर अब कोर्ट में मुकदमा चलेगा। प्रदेश सरकार ने इसके लिए अभियोजन मंजूरी दे दी है। जल्द ही विजिलेंस की ओर से अनुपूरक चालान पेश किया जाएगा। भर्ती परीक्षाओं के संचालन का जिम्मा आयोग के सचिव पर रहता था। एक मार्च को न्यायालय में इस मामले में सुनवाई होनी है। विजिलेंस बीते 20 फरवरी को आठ आरोपियों के खिलाफ 626 पन्नों की प्रारंभिक चार्जशीट कोर्ट में पेश कर चुकी है। इसमें आयोग की गोपनीय शाखा की वरिष्ठ सहायक उमा आजाद, उसके दो बेटों नितिन और निखिल, दलाल संजीव कुमार, उसका भाई शशिपाल, दो अभ्यर्थी तनु और अजय शर्मा और एक अन्य नीरज कुमार आरोपी बनाए हैं।

तीन साल से आयोग में यह पेपर लीक का गोरखधंधा चल रहा था। विजिलेंस की जांच में आयोग के सचिव भी शक के दायरे में हैं। उनके खिलाफ अभियोग चलाए जाने के लिए विजिलेंस ने सरकार से अनुमति मांगी थी। अब सरकार ने अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रदेश सरकार की ओर से राज्य कर्मचारी चयन आयोग को भंग करने की अधिसूचना का अध्ययन कर रहा है। उसके बाद इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी होंगे। आने वाले दिनों में राज्य लोक सेवा आयोग इस बारे में मंत्रणा करेगा और जल्दी ही भर्ती की आगामी प्रक्रिया भी शुरू होगी। आयोग के सचिव डीके रतन ने बताया कि मौजूदा अधिसूचना का अध्ययन किया जा रहा है। उसके बाद ही अगली भर्ती प्रक्रिया को भी आरंभ किया जाएगा।

# शिमला एमसी चुनाव के लिए मतदाता सूचियां तैयार करने का कार्यक्रम जारी

**दर्पण न्यूज सर्विस**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को शिमला नगर निगम के प्रस्तावित चुनाव के दृष्टिगत वार्डों की मतदान केंद्रवार मतदाता सूचियां तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 6 मार्च को होगा। 7 से 16 मार्च तक पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दावे व आपत्तियां दायर किए जा सकेंगे। दावे व आपत्तियां प्राप्त होने के सात दिन के भीतर 23 मार्च तक इनका निपटारा होगा। पुनरीक्षण प्राधिकारी के निर्णय के खिलाफ अपील दायर करने की तिथि 27 मार्च तक तय की गई है। इसके बाद 29 मार्च तक अपीलों का निपटारा किया जाएगा।



31 मार्च को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन होगा। यह जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरजीत सिंह राठौर ने दी।

मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करने के लिए 1 जनवरी 2023 को अहर्ता तिथि घोषित की गई है। ऐसे 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए योग्य होंगे। आयोग ने यह निर्देश भी दिए है कि पात्र व्यक्ति अपना मत बनवाने के लिए पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूचियां निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के कार्यालय, नगर निगम शिमला के कार्यालय तथा संबंधित तहसील कार्यालयों में आम जनता के अवलोकन के लिए रखी जाएंगी। इसके अतिरिक्त आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रारूप मतदाता सूचियां नगर निगम शिमला के वार्डों के कार्यालयों में भी आम जनता के अवलोकन के लिए रखी जाएंगी। प्रारूप मतदाता सूची राज्य निर्वाचन आयोग तथा जिला उपायुक्त की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगी। प्ररूप 4, 5 व 6 भी आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं या पुनरीक्षण प्राधिकारी के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## उत्तराखंड में शहीद जवान राजकुमार शर्मा को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**सलौणी(हमीरपुर)।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के उपमंडल बड़सर के सलौणी गांव के शहीद राजकुमार शर्मा की पार्थिव देह शुक्रवार सुबह घर पहुंची। इस दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और शहीद राजकुमार शर्मा अमर रहे के नारों से गूंज उठा। इस दौरान विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और एसडीएम बड़सर शशिपाल शर्मा भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। सलौणी के शहीद राजकुमार(40) पुत्र जसवंत सिंह सेना में जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। सेना के काम से दो दिन पूर्व राजकुमार को रुड़की भेजा गया था। जहां सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। ऋषिकेश के अस्पताल में दो दिन तक जिंदगी से संघर्ष करते हुए गुरुवार उन्होंने दम तोड़ दिया।

# एचपीसीए के स्टेडियम या रेडिसन होटल में हो सकती हैं जी-20 की बैठकें




**दर्पण न्यूज सर्विस**
**धर्मशाला।** जी-20 सम्मेलन की बैठकें धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के स्टेडियम या रेडिसन होटल में हो सकती हैं। सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंची केंद्रीय टीम ने जिले के कई बड़े होटलों और स्टेडियम का भी दौरा किया है। टीम इन स्थलों पर उपलब्ध सुविधाओं व व्यवस्थाओं समेत सुरक्षा की दृष्टि से जायजा लेकर वीरवार को वापस लौट गई है। जानकारी के अनुसार जी-20 देशों की महत्वपूर्ण बैठकें धर्मशाला में 19 और 20 अप्रैल को प्रस्तावित हैं। इन बैठकों को कहां किया जाएगा, इसके लिए विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव एलरमेश बाबू की अध्यक्षता में टीम तैयारियों का जायजा लेने धर्मशाला पहुंची थी।

गुरुवार को टीम ने जिला कांगड़ा के कई बड़े होटलों सहित एचपीसीए स्टेडियम का भी दौरा कर सम्मेलन के लिए स्थान की संभावनाएं तलाशी हैं। इधर, जिलाधीश कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल का कहना है कि जी-20 की बैठकों के लिए आई टीम गुरुवार को दौरा कर वापस चली गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान टीम ने जहां जिला कांगड़ा के कई होटलों का जायजा लिया है, वहीं एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम का भी दौरा किया है। उन्होंने कहा कि अब इस सम्मेलन का आयोजन कहां किया जाएगा, इस बारे टीम जल्द ही अपनी राय देगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जी-20 सम्मेलन की तैयारियों में जुट गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने जी-20 सम्मेलन को लेकर समन्वय की दृष्टि से एक समिति का गठन किया है। यह कमेटी कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में होने वाली जी-20 सम्मेलन को लेकर बनाई गई है। इस विशेष समिति के प्रमुख पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार होंगे। उनके साथ सांसद किशन कपूर, सांसद इंदु गोस्वामी, भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर कार्यसमिति सदस्य राजीव भारद्वाज, प्रदेश सचिव वीरेंद्र चौधरी, विशाल चौहान, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण नाग, धर्मशाला के महापौर ओंकार नेहरिया और जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि जी 20 समिति की बैठक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में होने जा रही है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जहां कांग्रेस पार्टी की सरकार कांगड़ा जैसे बड़े जिले के साथ भेदभाव करती है, वहीं भाजपा और केंद्र सरकार कांगड़ा जिले को विशेष दृष्टिकोण से देखती है।

## मनाली में फिल्मी सितारों का मेला, काजोल, सुनील शेट्टी और पृथ्वी राज सहित अन्य कलाकार पहुंचे

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के मनाली में फिल्मी सितारों का मेला लग गया है। मनाली में करीब एक सप्ताह से वेब सीरीज की शूटिंग चल रही है। अभिनेत्री लारा दत्ता वेब सीरीज की शूटिंग पूरी कर लौट गई जबकि नीना गुप्ता मनाली में डटी हैं। अब एक अन्य वेब सीरीज की शूटिंग के लिए बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सुनील शेट्टी, जुगल हंसराज ने मनाली में डेरा डाल दिया है। दोनों फिल्मी हस्तियां शुक्रवार को मनाली पहुंचे। भुंतर एयरपोर्ट से वह सीधे ताज बड़ागढ़ रिजॉर्ट पहुंचे, जहां पर स्थानीय प्रबंधकों ने उनका स्वागत किया। करीब एक सप्ताह तक नगर क्षेत्र में वेब सीरीज की शूटिंग की जाएगी। इतना ही नहीं एक बॉलीवुड फिल्म सरजमीं की शूटिंग भी मनाली में शुरू हो गई है। फिल्म की शूटिंग के लिए अभिनेत्री काजोल, अभिनेता पृथ्वी राज मनाली पहुंचे हैं। काजोल का स्पैन रिजॉर्ट में शानदार स्वागत हुआ। स्थानीय समन्वयक अनिल कायस्था ने बताया कि करीब डेढ़ महीने तक इस फिल्म की शूटिंग मनाली के विभिन्न स्थलों में की जाएगी।



## न्यूज डायरी

### जेबीटी भर्ती के लिए साक्षात्कार की तिथियां तय

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में जेबीटी के 41 खाली पद बैचवाइज भर्ती के माध्यम से भरे जाएंगे। इनके लिए 9 और 10 मार्च को प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कुलभूषण राकेश धीमान ने बताया कि 9 मार्च को जिला हमीरपुर के उम्मीदवारों और 10 मार्च को अन्य जिलों के उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आरएंडपी नियमों में योग्यता रखने जेबीटी/डीएड/डीएलएड/बीएड जेबीटी टेट पास करने वाले अभ्यर्थी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इन 41 पदों में जनरल वर्ग के 16 पद और जनरल ईडब्ल्यूएस के आठ पद हैं। इनके लिए वर्ष 2010 तक के बैच के पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जा रहा है। एससी के सात पदों के लिए वर्ष 2012 तक, एससी आईआरडीपी के दो पदों के लिए नए बैच तक, ओबीसी के दो पदों के लिए वर्ष 2012, ओबीसी आईआरडीपी के एक पद के लिए भी 2012 और एसटी के पांच पदों के लिए नए बैच तक के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जा रहा है। उपनिदेशक ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार रोजगार कार्यालय में पंजीकृत अन्य जिलों के पात्र उम्मीदवार भी साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित जानकारी उपनिदेशक कार्यालय की वेबसाइट डीडीईईहमीरपुर डॉट ओआरजी डॉट इन और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट हिमाचल डॉट एनआईसी डॉट इन एलीमेंट्री एजुकेशन पर उपलब्ध करवा दी गई है। पात्र उम्मीदवार वेबसाइट से बायोडाटा फार्म डाउनलोड करके निर्धारित तिथि को साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### सरकारी पानी बेचकर लाखों कमाता रहा, लोग दो बूंद को तरसते रहे

जोल। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले की टकोली पंचायत में एक व्यक्ति सरकारी पानी बेचकर पैसे कमाता रहा और लोग सालभर पीने के पानी को तरसते रहे। मामला पंचायत के दगड़ाह गांव का है। यहां एक साल से पानी की सुचारू रूप से पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही थी। लोग बार-बार जल शक्ति विभाग से पानी को लेकर शिकायत करते रहे। अधिकारी इसके लिए लीकेज को वजह मानते रहे, लेकिन लीकेज कहां हो रही, इसके बारे में कभी चेकिंग नहीं की। बुधवार को विभाग के कर्मचारियों की ओर से गांव के लिए बिछाई लाइन को चेक किया तो मामला कुछ और ही निकला। चेकिंग के दौरान पता चला कि मुख्य लाइन से एक व्यक्ति ने पुराने कुएं के लिए लाइन जोड़ रखी थी। सरकारी पानी को कुएं में भरने के बाद उक्त व्यक्ति पानी को टैंकरों से बेचकर पैसे कमाता रहा। यही नहीं, इसी पानी का इस्तेमाल खेतों की सिंचाई के लिए भी करता रहा। अवैध रूप से लाइन से कनेक्शन जोड़कर न केवल गांव के लोगों को पानी के लिए तरसाया, बल्कि अपनी फसलों को भी सूखने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार जोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत टकोली के गांव दगड़ाह में करीब एक साल से पेयजल पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो पा रही थी। वहीं, क्षेत्र में बने जल शक्ति विभाग के नलकूप से आवश्यकता मुताबिक पानी भेजा जा रहा था। लोगों की ओर से कई बार शिकायत देने के बाद बुधवार को विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पाइपलाइन का निरीक्षण करने पहुंचे। पाया गया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने पेयजल सप्लाई की मुख्य पाइपलाइन को काटकर वहां से निकल रहे पानी को एक पाइप की मदद से एक कुएं तक पहुंचाया है। जब विभाग के कर्मियों ने व्यक्ति को पूछा तो उसने स्वीकार किया कि पाइप में छेदकर वह बीते एक साल से पानी को अपने कुएं में पहुंचा रहा है और पानी से खेतों की सिंचाई तो कर ही रहा है, साथ ही पानी को टैंकर के माध्यम से बेच भी रहा है। मामला पकड़ में आने के बाद विभाग ने लाइन बंद कर दी है और इससे तरह से लोगों ने अब राहत की सांस ली है। हालांकि, अवैध रूप से मुख्य लाइन से कुएं से पानी जोड़ने के मामले में विभाग की ओर से व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### पौने दो लाख से ज्यादा किसानों की अटक सकती है किसान निधि की 14वीं किस्त

नाहन। ईकेवाईसी न कराने वाले किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ उठाने से वंचित होना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश में 9,04,493 किसान हैं। इनमें से अब तक 1,80,627 किसानों की ईकेवाईसी नहीं हो पाई है। यानी 20 फीसदी किसानों ने योजना का लाभ लेने के लिए अपनी आईडी को आधार से लिंक नहीं किया है। ऐसे किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली 14वीं किस्त का लाभ नहीं ले पाएंगे। सूत्रों की मानें तो सरकार किसानों को भले ही 13वीं किस्त जारी कर दे, लेकिन इसके बाद किसान योजना से बाहर हो सकते हैं। हालांकि, सरकार ने हर जिले में किसानों के ईकेवाईसी और आधार अपडेट कराने के लिए तहसीलों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में कई शिविरों का आयोजन किया। पहले 5 फरवरी तक ईकेवाईसी के लिए तिथि निर्धारित की थी। इसके बाद 15 फरवरी तय की गई। अब फिर से 28 फरवरी तक तिथि बढ़ा दी है। बार-बार समय बढ़ाने के बावजूद भी कई किसान ईकेवाईसी नहीं करवा पाए हैं। इस योजना के तहत किसानों को 2,000-2,000 रुपये की तीन किस्तें हर साल मिलती हैं। बता दें दि कुल्लू जिला में सबसे ज्यादा 21,917 किसानों ने ईकेवाईसी नहीं किया है। यहां 34 फीसदी किसानों की ईकेवाईसी लंबित है, जबकि, जिला शिमला में सबसे कम 10,081 यानी 11 फीसदी किसानों की ईकेवाईसी नहीं हो पाई है। जनसंख्या के आधार पर देखें तो लाहौल-स्पीति में सिर्फ 347 किसानों ने आधार लिंक नहीं कराया है। यहां कुल 2,792 किसान हैं। ईकेवाईसी न होने के पीछे पोर्टल भी एक वजह मानी जा रही है। पोर्टल पर अपडेट करने के लिए जनरेट होने वाले ओटीपी नंबर के लिए कई बार किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। प्रदेश भू रिकॉर्ड विभाग के निदेशक ललित जैन ने बताया कि योजना के तहत पंजीकृत किसानों में से अब तक 90 फीसदी तक किसानों की ईकेवाईसी हो चुकी है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः स्नातक डिग्री कोर्स का बदलेगा सिलेबस, एचपीयू की बैठक में हुआ मंथन

शिमला। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सत्र-2023 में लागू करने के लिए स्नातक डिग्री कोर्स के पाठ्यक्रम में नीति के अनुरूप बदलाव किया जाएगा। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा और मातृ भाषा और समय, रोजगार की लिहाज से आवश्यक बदलाव किया जाएगा। यह बात बुधवार को विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रति कुलपति प्रो. ज्योति प्रकाश ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति को पूरे देश भर में लागू किया जा रहा है, इसलिए हिमाचल प्रदेश में भी इसे लागू किया जाना है। नीति को लागू करने से पूर्व इसके लिए हर तरह से तैयारी करनी होगी। डॉ. चंदेल ने कहा कि नीति को लागू करने से पूर्व हर शिक्षक को नीति को समझना होगा। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक स्नातक डिग्री कोर्स के पाठ्यक्रम को तैयार किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों को 15 दिन बाद होने वाली बैठक से पूर्व बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक कर पाठ्यक्रम तैयार करना होगा। पाठ्यक्रम तैयार करने में विषय विशेषज्ञों की की राय ली जाएगी। उन्होंने कहा कि नीति को स्नातक डिग्री कोर्स में लागू करने से पूर्व इसके नियम भी बनाए जाएंगे। इस कार्य को अलग से कमेटी कर रही है। उन्होंने कहा कि यूजी डिग्री कोर्स के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कोर्स की च्वाइस उपलब्ध करवाने को विषयों की बास्केट तैयार की जा रही है, वेल्यू एडिड कोर्स भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा, जिससे छात्रों का कौशल विकास हो और उनको रोजगार पाने में आसानी हो। प्रो. कुलभूषण ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में पेश आने वाली चुनौतियों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि नीति को लागू करने से पूर्व शिक्षण संस्थानों में प्राचार्य, ढांचागत सुविधाएं, शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप को कम करने, कॉलेजों में भवन, क्लास रूम लैब, पर्याप्त शिक्षक, कर्मचारियों जैसी आवश्यक सुविधाएं जुटाने की चुनौती रहेगी। बैठक में मौजूद विभागाध्यक्षों और अधिष्ठाताओं ने हर विषय और पाठ्यक्रम में किए जाने वाले बदलाव पर अपने विचार रखे और सुझाव भी दिए

### अधीक्षण अभियंता छह, अधिशासी अभियंता 1.25 करोड़ के करा सकेंगे विकास कार्य

शिमला। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने जल शक्ति विभाग के निर्माण कार्यों में गति लाने के लिए फील्ड स्तर के अभियंताओं की वित्तीय शक्तियां बढ़ाने की अधिसूचना जारी कर दी है। अब अधीक्षण अभियंता छह करोड़ रुपये के काम करा सकेंगे। वहीं, अधिशाषी अभियंता (चयनित) को 1.25 करोड़ रुपये तक काम कराने के लिए समक्ष बनाया है। इसके अलावा अधिशाषी अभियंता (अचयनित) 75 लाख और अतिरिक्त अभियंता 10 लाख रुपये तक के काम अपने स्तर पर करा सकेंगे। पहले इन अभियंताओं की वित्तीय शक्तियां कम थीं, जिस कारण विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मामला उच्च अधिकारियों को भेजना पड़ता था। इन अधिकारियों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाने से अब विकास कार्यों में तेजी आएगी। अधिकारियों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाने के अलावा उनकी निविदाएं स्वीकृति करने की शक्तियां भी बढ़ा दी गई है। इसके तहत प्रमुख अभियंता को किसी भी स्तर की निविदा स्वीकृत करने की शक्ति रहेगी। इसके अलावा मुख्य अभियंता 50 करोड़ और अधीक्षण अभियंता छह करोड़ तक की निविदाएं अपने स्तर पर स्वीकृत कर सकेंगे।

### ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में होंगे ग्रैंडाला पक्षी के दीदार

कुल्लू। विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में अब ग्रैंडाला प्रजाति के पक्षी के दर्शन भी हो सकेंगे। पर्यटकों और पक्षी प्रेमियों के लिए यह अच्छी खबर है। पार्क में इस पक्षी को 2018 में पहली बार देखा गया था, मगर उस समय इनकी संख्या बहुत कम थी। जनवरी 2023 को पार्क प्रबंधन ने इस पक्षी के एक विशाल झुंड को कैमरे में कैद किया है। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क वन्य प्राणियों के साथ पक्षियों का भी संरक्षक बन गया है। हालांकि, ग्रैंडाला पक्षी सर्दी के मौसम में तीन से चार माह तक ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में वास करता है। यह पक्षी समुद्रतल से करीब 3,000 फीट की ऊंचाई पर पाया जाता है, जहां हरे भरे जंगल अधिक होते हैं। इस बार जनवरी में पार्क प्रबंधक के एक कर्मी ने इसे जिला कुल्लू के अति दुर्गम क्षेत्र शाक्टी में देखा है।

# गेंदबाज 'विलेन' नहीं, नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा बल्लेबाज ही नियम तोड़ रहा: एमसीसी

## इस तरह आउट करने पर गेंदबाज की आलोचना की बात आई सामने

दर्पण न्यूज सर्विस

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की विश्व क्रिकेट समिति ने कहा कि किसी भी गेंदबाज को नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन चुराने के प्रयास में अपनी क्रीज से आगे खड़े बल्लेबाज को 'रन आउट' करने के लिये 'विलेन' नहीं कहा जा सकता। विश्व क्रिकेट समिति (डब्ल्यूसीसी) ने सभी उम्र ग्रुप स्तर के क्रिकेट में इस तरीके से आउट होने के तरीके को सामान्य करने की कोशिश में यह बात कही। डब्ल्यूसीसी ने इस विवादास्पद मुद्दे पर 'संयम' बनाये रखने की भी बात कही क्योंकि कुछ पूर्व क्रिकेटर अब भी मानते हैं कि इस तरह बल्लेबाज को रन आउट करना खेल भावना के खिलाफ है जबकि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) नियम बना चुका है कि इसे 'रन आउट' माना जाएगा। खेल के नियम बनाने वाली एमसीसी ने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा के बिग बैश लीग मैच में नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े टॉम रोजर्स को रन आउट करने का प्रयास की घटना के बाद नियम के शब्दों पर स्पष्टीकरण जारी किया था। इस स्पष्टीकरण में नियम 38.3 के शब्दों में बेहतर स्पष्टता प्रदान करने और गलतफहमियों को दूर करने के लिये बदलाव शामिल था। डब्ल्यूसीसी में कुमार संगकारा, सौरव गांगुली, जस्टिन लैंगर, एलिस्टेयर कुक जैसे खिलाड़ी हैं जिसके चेयरमैन माइक गैटिंग हैं। डब्ल्यूसीसी ने पिछले हफ्ते दुबई में आईसीसी मुख्यालय में बैठक की थी और अब वह खेल के सभी स्तरों (मनोरजंन के लिये क्रिकेट से लेकर एलीट स्तर तक) में इस नियम को स्वीकार करने के लिये शांत रहने की बात कर रही है क्योंकि नॉन स्ट्राइकर छोर पर क्रीज से आगे खड़े खिलाड़ी को रन आउट करना नियमों के अंतर्गत है। एमसीसी ने गुरूवार को एक बयान में कहा, 'सबसे अहम कारक यही है कि इस तरह के आउट होने के तरीके पर एक सरल तरीके से सभी तरह के संदेह और विवादों को खत्म किया जा सकता है कि नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा खिलाड़ी नियमों का पालन करे और अपनी क्रीज के अंदर तब तक बना रहे जब तक गेंदबाज के हाथ से गेंद फेंकी नहीं जाये।' इसके अनुसार, 'दुबई में चर्चा में यह मुद्दा भी सामने आया कि इस तरह आउट करने पर गेंदबाज की आलोचना की जाती है। समिति के सभी सदस्य एकमत थे कि जो बल्लेबाज खेल के नियमों को तोड़कर क्रीज पर अपनी जगह से आगे खड़ा रहता है, वही दोषी है।' बयान में कहा गया, 'वे इस बात पर भी सहमत थे कि गेंदबाज को बल्लेबाज को कोई चेतावनी देने की आवश्यकता नहीं है जिससे पुष्टि होती है कि उनके पास नियम तोड़ने वाले बल्लेबाज को उसी समय आउट करने का अधिकार है।' श्रीलंका के महान क्रिकेटर संगकारा ने कहा, 'यहां गेंदबाज 'विलेन' (खलनायक) नहीं है। प्रत्येक बल्लेबाज के पास विकल्प है कि वे अपनी क्रीज के अंदर रहें या फिर अगर वे आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं तो रन आउट किये जाने के जोखिम के लिये तैयार रहें। अगर वे अपनी क्रीज से बाहर रहते हैं तो वे ही नियमों को तोड़ रहे हैं।'

# पारिवारिक आपात स्थिति के कारण कमिंस तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे

■ स्मिथ करेंगे टीम का नेतृत्व



दर्पण न्यूज सर्विस

**नयी दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पारिवारिक आपात स्थिति के कारण भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से हटने का फैसला किया है जिससे उप कप्तान स्टीव स्मिथ एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले मुकाबले में टीम की अगुआई की जिम्मेदारी संभालेंगे। आस्ट्रेलिया को पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट में तीन दिन में छह विकेट से हार मिली थी जिसके बाद कमिंस स्वदेश लौट गये थे। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' के अनुसार, 'पारिवारिक आपात स्थिति के कारण पैट कमिंस दूसरे टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया लौट गये थे और यह तेज गेंदबाज अगले हफ्ते तीसरे मैच के दौरान अपने घर पर ही रहेगा।' मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 'आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान की मां बीमार हैं और 'पैलिएटिव केयर' (प्रशामक उपचार) में हैं।' उम्मीद है कि कमिंस तीसरे टेस्ट से पहले वापस आकर टीम से जुड़ जायेंगे लेकिन ऐसी भी संभावना हो सकती है कि वह चौथे टेस्ट में नहीं खेलें। कमिंस के टिम पेन से कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद 2021 में स्मिथ को उप कप्तान बनाया था और तब से वह टेस्ट में तीसरी दफा आस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। दूसरे टेस्ट के बाद स्मिथ अपनी पत्नी के साथ दुबई गये थे और गुरूवार की शाम दिल्ली में आस्ट्रेलियाई टीम से जुड़े थे। वहीं आल राउंडर कैमरन ग्रीन तीसरा टेस्ट खेलने के लिये फिट हैं और उनके होल्कर स्टेडियम में तीसरे टेस्ट में खेलने की संभावना है। ग्रीन की ऊंगली में फ्रेक्चर था जिससे आस्ट्रेलियाई टीम का संयोजन पहले दो टेस्ट मैचों में बिगड़ गया था। ग्रीन की वापसी से आस्ट्रेलिया को दूसरा सीम गेंदबाजी विकल्प मिल जायेगा। कमिंस दिल्ली में एकमात्र तेज गेंदबाज थे। ग्रीन ने शुक्रवार को दिल्ली में पत्रकारों से कहा, 'जब आप आल राउंडर के तौर पर टीम में शामिल होगे तो इससे आप शायद टीम के संतुलन में थोड़ी मदद कर सकते हो।

## संक्षिप्त-समाचार

### अखिल भारतीय अंतर साइ ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे 21 साइ केंद्रों के प्रशिक्षु

**नयी दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के 21 केंद्रों के कुल 265 ताइक्वांडो खिलाड़ी शुक्रवार से यहां इंदिरा गांधी खेल परिसर में शुरू हो रही अखिल भारतीय अंतर साइ ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। ये खिलाड़ी लखनऊ, बेंगलुरू, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम में स्थित साइ के चार राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र तथा साइ के 17 प्रशिक्षु केंद्र का हिस्सा हैं। यह तीन दिवसीय टूर्नामेंट भारत और कोरिया के राजनयिक संबंधों के 50वां वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

### आईटीएफ महिला टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी शीर्ष भारतीय अंकिता, करमन

**बेंगलुरू।** भारत की शीर्ष रैंकिंग की एकल टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना और करमन थांडी यहां 'पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस' में 26 फरवरी से शुरू होने वाली आईटीएफ महिला 25के प्रतियोगिता में शिरकत करेंगी। रैना (245 रैंकिंग) और थांडी (265) के अलावा सहजा यामालापल्ली और सोहा सादिक जैसी युवा खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेंगी। क्वालीफाइंग दौर 26 और 27 फरवरी को खेले जायेंगे। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट के लिये दर्शकों का प्रवेश निशुल्क होगा।

### श्रीलंका क्रिकेट ने रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार उसने 2022 में 6.3 अरब रुपए की कमाई की जो कि खेल संस्था की अब तक की सबसे अधिक वार्षिक शुद्ध आय है। श्रीलंका क्रिकेट ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'यह ताजा शुद्ध आय वृद्धि मुख्य रूप से चार राजस्व खंड से हुई है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट, घरेलू क्रिकेट, प्रायोजन अनुबंध और आईसीसी वार्षिक सदस्य संवितरण हैं।' साथ ही गुरुवार को यह भी घोषणा की गयी कि खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने एसएलसी के लिए एक नये संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय समिति नियुक्त की है।

### ओडिशा एफसी ने आईएसएल प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई किया

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू एफसी ने गुरूवार को यहां इंडियन सुपर लीग में एफसी गोवा को 3-1 से हराकर अपनी लगातार आठवीं जीत दर्ज की जिससे उसका शीर्ष चार में स्थान सुनिश्चित हो गया। ओडिशा के लिये शिवशक्ति नारायणन ने छठे और 76वें मिनट में दो गोल दागे और उसके लिये एक अन्य गोल पाब्लो पेरेज ने 81वें मिनट में दागा। एफसी गोवा के लिये एकमात्र गोल इकेर गुआरोटजेना ने 33वें मिनट में किया। इस हार से एफसी गोवा की प्लेऑफ की दौड़ खत्म हुई और ओडिशा एफसी का प्लेऑफ में छठी और अंतिम टीम के तौर पर प्रवेश हुआ।

### हुसामुद्दीन, बिश्वामित्र स्ट्रैंड्जा मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के अगले दौर में

**सोफिया (बुल्गारिया)।** राष्ट्रमंडल खेलों के दो बार के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन और 2021 एशियाई युवा चैम्पियन बिस्वामित्र चोंगथाम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरूवार को यहां स्ट्रैंड्जा मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हुसामुद्दीन ने 57 किग्रा वर्ग के राउंड 16 मैच में इटली के मिचेले बालडासी पर 4-1 से जीत दर्ज की और अब उनका सामना शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में अर्मेनिया के बाजेयान आर्टुर से होगा। वहीं 51 किग्रा वर्ग में बिस्वामित्र ने कजाखस्तान के केंजे मुराटुली को 5-0 से जीत हासिल की और अब वह अमेरिका के रोच जोर्डन से भिड़ेंगे। रांउड 16 के अन्य मुकाबलों में एशियाई चैम्पियन संजीत को पहले दौर में हार मिली। बुधवार रात को 2018 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर और ज्योति ने 5-0 के समान अंतर से जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

# शीर्ष पहलवानों के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने से खफा मंत्रालय

दर्पण न्यूज सर्विस

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय देश के शीर्ष पहलवानों के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और इसके अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के साथ चल रहे उनके गतिरोध के कारण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने से नाराज है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, रवि दहिया, दीपक पूनिया, अंशु मलिक और संगिता मोर सहित शीर्ष पहलवानों ने जगरेब और अलेक्सजांद्रिया में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि एक जांच पैनल डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहा है।

बृज भूषण लंबित जांच के कारण अपने पद से अलग हो गये हैं। पहलवानों के इस कदम से सरकार नाराज है जो पहलवानों को तैयारियों और ट्रेनिंग के लिये ह्यटारगेट ओलंपिक्स पोडियम स्कीमह्ल (टॉप्स) के अंतर्गत वित्तीय सहायता मुहैया कराती है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, हमें यह पता नहीं चल रहा कि जब उनकी मांगें मान ली गयी हैं तो वे (टूर्नामेंट में) हिस्सा क्यों नहीं ले रहे। हमें समिति को जांच पूरी करने के लिये समय देने की जरूरत है। यह पहलवानों का फैसला है और हम किसी को भी बाध्य नहीं कर सकते लेकिन उन्हें टूर्नामेंट से हटना नहीं चाहिए। डब्ल्यूएफआई का रोजमर्रा का कामकाज महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम की अगुआई वाली छह सदस्यीय निगरानी समिति देख रही है।

# हॉकी इंडिया की योजना अंडर-17, अंडर-19 स्तर क्षेत्रीय टूर्नामेंट शुरू कराने की

**नयी दिल्ली।** अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि जमीनी स्तर पर खेल के विकास की मुहिम में हॉकी इंडिया देश भर में सब-जूनियर (अंडर-17) और जूनियर (अंडर-19) वर्गों में क्षेत्रीय स्तर के टूर्नामेंट शुरू करने की योजना बना रहा है। श के लिये 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके टिर्की ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की महत्ता दोहराते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर एक क्षेत्रीय प्रणाली के शुरू किये जाने की जरूरत है ताकि उभरते हुए खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने को मिलें। पूर्व भारतीय कप्तान टिर्की ने हॉकी इंडिया की 'पोडकास्ट सीरीज' 'हॉकी पे चर्चा' में कहा, 'किसी भी खेल के विकास के लिये उन्हें जमीनीं स्तर पर विकसित करना अहम है। मजबूत नींव से अच्छे खिलाड़ी निकलते हैं और मजबूत सीनियर और जूनियर राष्ट्रीय टीमें बनती हैं।' उन्होंने कहा, 'बीते समय में सब जूनियर (अंडर-17) और जूनियर (अंडर-19) वर्गों के खिलाड़ियों को ज्यादा मैच नहीं खेलने को मिलते थे। हम क्षेत्रीय प्रणाली के टूर्नामेंट लाकर इसमें सुधार करेंगे जिसमें वे 'इंट्रा जोन' और 'इंटर जोन' प्रतियोगितायें खेलेंगे।'

# इस हार से उबरने में न जाने कितने और दिन लगेंगे : हरमनप्रीत



दर्पण न्यूज सर्विस

**केपटाउन।** आस्ट्रेलिया से बीती रात आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में मनोबल तोड़ने वाली शिकस्त से निराश भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर नहीं जानती कि वह 'जीत के करीब पहुंचकर हार' की ग्लानि से कब उबर पायेंगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान दूसरा रन पूरा करने की कोशिश में हरमनप्रीत रन आउट हो गयीं। उनका बल्ला लॉक हो गया था और उनका असमय आउट होना खेल का 'टर्निंग प्वाइंट' साबित हुआ जिससे टीम महज पांच रन से हार गयी। हरमनप्रीत बुखार और 'डिहाइड्रेशन' (शरीर में पानी की कमी होना) के बावजूद इस नॉकआउट मैच में खेलने उतरीं और उन्होंने 34 गेंद में 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'खुद पर काबू कर पाना बहुत मुश्किल है। नहीं जानती। लेकिन मैं अब भी 'हैंगओवर' में हूं।' मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान वह अपने आंसुओं को छुपाने के लिये काले चश्मे लगाये थीं। इस भारतीय टीम को कई मैचों में करीबी हार का सामना करना पड़ा है, टीम 2017 में इंग्लैंड से वनडे विश्व कप फाइनल गंवा बैठी थी और 2022 में बर्मिंघम में आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों का फाइनल में भी उन्हें करीबी हार मिली थी। कप्तान के अलावा इस दर्द को कोई और नहीं जानता होगा। मोगा की इस महिला क्रिकेटर ने कहा, 'नहीं पता कि यह कैसे हो रहा है। लेकिन इस हार के बाद जब हम ड्रेसिंग रूम में जायेंगे तो ही हमें पता चलेगा कि इसे 'भुलाने' में कितने और दिन लगेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि हमने अच्छा क्रिकेट खेला। मैं सिर्फ इतना ही कह सकती हूं।' हरमनप्रीत के आउट होने से पहले भारतीय कप्तान और जेमिमा रोड्रिग्स ने 41 गेंद में 69 रन की साझेदारी निभा ली थी लेकिन भारत की नंबर एक आल राउंडर मानी जाने वाली दीप्ति शर्मा एक बार फिर 'पावर हिटिंग' कौशल दिखाने में असफल रही और उन्होंने 17 गेंद में 20 रन बनाये। इंग्लैंड की पुरूष टीम के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने हरमनप्रीत के रन आउट होने को 'स्कूल की बालिका जैसी गलती' करार दिया। इस पर भारतीय कप्तान ने पूछा, 'उन्होंने ऐसा कहा? अच्छा। मैं नहीं जानती। यह सोचने का तरीका है। मैं नहीं जानती। लेकिन कभी कभार ऐसा होता है। मैंने क्रिकेट में ऐसा होते हुए कई बार देखा है जब बल्लेबाज एक रन लेने जाता है और कभी कभार बल्ला अटक जाता है। लेकिन मैं कहूंगी कि हम आज दुर्भाग्यशाली रहे।' उन्होंने कहा, 'अगर मैं आउट नहीं होती और अंत तक क्रीज पर रहती तो हम निश्चित रूप से एक ओवर पहले ही मैच खत्म कर चुके होते क्योंकि हम लय में थे।'

# बढ़ती उम्र में इस तरह करें मेकअप



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, त्वचा के कसाव में कमी आना, झुर्रियां, आखों का ड्राई होना और न जाने कितनी ही समस्याओं से महिलाओं को दो चार होना पड़ता है। ऐसे में अपने चेहरे की कमियों को छिपाने और खुद को आकर्षक दिखाने के लिए वह मेकअप का सहारा लेती हैं। लेकिन बढ़ती उम्र में आपके मेकअप के तरीके में बदलाव करना भी बेहद आवश्यक हो जाता है। अगर आपका मेकअप व उसे लगाने का तरीका सही नहीं होगा तो आपको बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम जैसे जुमले भी सुनने को मिल जाएंगे। तो आईए जानते हैं मेकअप करने के सही तरीकों के बारे में-

**सीटीएमपी है सही**

चालीस साल के बाद त्वचा ड्राई हो जाती है। ऐसे में स्किन को नरिश करने के लिए सीटीएमपी अर्थात क्लींजिंग, टोनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड प्रोटेक्शन आवश्यक है। क्लीजिंग के लिए आपको नरिशिंग क्लीजिंग मिल्क का इस्तेमाल करना चाहिए। यह त्वचा को डीप क्लीन करने के साथ-साथ रूखेपन से भी दूर करता है। स्किन पर एजिंग दिखने का एक मुख्य कारण ओपन पोर्स होते हैं। इन पोर्स को कम करने के लिए क्लीजिंग के बाद टोनिंग करना बेहद आवश्यक है। ध्यान रहे कि आपका टोनर एल्कोहल युक्त न हो बल्कि उसमें लाइकोपीन हो। साथ ही चेहरे की नमी को बनाए रखने के लिए मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं। चेहरे की केयर करना जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी है उसकी प्रोटेक्शन। सूर्य की हानिकारक किरणें न केवल त्वचा को झुलसा देती हैं, बल्कि इनके कारण झुर्रियां, ब्राउन स्पॉट्स आदि एजिंग की निशानियां दिखाई देने लगती हैं। इसलिए इनसे बचने के लिए धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन अवश्य लगाएं।

**न हो अधिक**

अक्सर महिलाएं सोचती हैं कि यदि उन्हें अपने चेहरे की कमियों को छिपाना है तो इसके लिए बहुत अधिक मेकअप करना पड़ेगा। लेकिन वास्तव में उनकी यह सोच एकदम गलत है। बढ़ती उम्र में महिलाओं को हमेशा ही लेस इज मोर का फंडा अपनाना चाहिए। साथ ही मेकअप को थोपने की बजाय उसे चेहरे पर मिक्स करें ताकि वह आपकी स्किन का ही एक पार्ट लगे और आपका चेहरा बेढंगा न दिखाई दे।

**लाइट है बेस्ट**

आपका मेकअप सिर्फ लेस ही होना आवश्यक नहीं है, बल्कि आपकी मेकअप किट में आपको लाइट कलर को एड कर देना शुरू कर देना चाहिए। अमूमन बढ़ती उम्र में बहुत अधिक ब्राइट कलर्स अच्छे नहीं लगते। वहीं लाइट कलर आपकी पर्सनैलिटी को एक एलीगेंट लुक देते हैं। ब्लशर से लेकर लिपस्टिक तक आप पीच, लाइट ब्राउन, पिंक, मॉव कलर आदि का चयन करें। अगर आपको रेड कलर पसंद है तो आप लिपस्टिक में ब्राइट रेड की जगह डीप रेड ही लगाएं। इसके अतिरिक्त उम्र के इस पड़ाव में होंठ थोड़े पतले लगने लगते हैं, इसलिए उनका उभार बनाए रखने के लिए व उन्हें थोड़ा मोटा दिखाने के लिए लिपग्लॉस लगाना बेहतर रहता है। इससे होंठों में भी एक चमक आ जाती है।

**ब्लश करेंगे चिक्स**

जैसे आपका मेकअप आईस और लिप्स के मेकअप के बिना अधूरा ही रह जाता है, ठीक उसी प्रकार ब्लश के बिना भी आपका मेकअप पूरा नहीं होता। अक्सर हम मेकअप के दौरान ब्लश को नजरअंदाज ही कर देते हैं, लेकिन यदि आपके चेहरे पर बढ़ती उम्र के साइन नजर आते हैं तो ब्लश को नजरअंदाज करना आपकी बहुत बड़ी भूल साबित होगी। ब्राउन ब्लश आपके चेहरे को एक नई परिभाषा व आकार देने के लिए पर्याप्त है।

**नकली लैशेज का कमाल**

समय के साथ हार्मोंस में बदलाव के कारण महिलाओं के लैशेज टूटने लगते हैं। आजकल मार्केट में नकली लैशेज आसानी से अवेलेबल हैं। इन्हें लगाने से आंखों को एक नया रूप मिलता हैं। इसलिए यदि आप किसी पार्टी के तैयार हो रही हैं तो नकली लैशेज का प्रयोग करना अच्छा रहता है।

**इन बातों का रखें ख्याल**

खाना सिर्फ आपका पेट ही नहीं भरता बल्कि इसमें वह सभी पोषक तत्व होते हैं जो आपके शरीर के विकास में कहीं न कहीं सहायक होते हैं। अगर आप चाहती हैं कि बढ़ती उम्र में भी आपके चेहरे की रौनक बनी रहे तो आप अपने खाने का भी खास ख्याल रखें। जहां तक बात एंटी-एजिंग फूड की है तो यह उम्र के बढ़ते असर को तो कम करते हैं ही, साथ ही शरीर की क्षतिग्रस्त कोशिकाओं को ठीक कर शरीर के सभी क्रियाकलापों में सहायता करते हैं।

पानी शरीर के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। इसलिए दिन में कम से कम आठ से दस गिलास पानी अवश्य पीएं। इससे शरीर डिटॉक्सीफाई होने के साथ त्वचा भी नर्म बनी रहती है। साथ ही साथ ज्यादा मीठी चीजों का सेवन न करें।

एजिंग की समस्याओं से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी फिटनेस के प्रति भी जागरूक रहें। स्वस्थ बने रहने के लिए आप साइकिलिंग, जॉगिंग, जिमिंग, स्विमिंग आदि का सहारा ले सकती हैं। इसके अतिरिक्त अपने चेहरे के प्राकृतिक सौंदर्य और तंदुरूस्ती को बरकरार रखने के लिए योग भी एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। विशेषकर चेहरे के लिए किए गए फेस योग से उम्र का असर धीमा हो जाता है।




# बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास



बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास से मतलब है उन्हे अच्छे संस्कार देना और अपनी संस्कृति से रूबरू करवाना जिससे वे अपने साथ-साथ पूरे समाज को सही रास्ते पर ले जा सके। बच्चे हमारी परंपराओं के खेवनहार और देश का भविष्य होते हैं पर बच्चे में नैतिक मूल्यों की कमी उनके चरित्र को तबाह कर देती है और वे छोटी उम्र में ही चोरी, बेइमानी और झूठ-धोखा करने लगते हैं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसे बच्चे बड़े होने पर देश और समाज का क्या भला करेंगे?

**नैतिक मूल्यों की जरूरत**

कोई बच्चा पढ़ाई-लिखाई में कितना भी होशियार हो पर यदि उसमें नैतिक शिक्षा का अभाव है तो सब बेकार है। नैतिकता हमारी शख्सियत को निखारने की पहली सीढ़ी है। नैतिकता ही वह खूबी है जो हमारे सामाजिक होने की पहचान कराती है और जीवन को बेहतर ढंग से जीना सिखाती है।बच्चों को नैतिक मूल्यों की जानकारी देना इसलिए जरूरी है ताकि वे अच्छे-बुरे, सही-गलत का फर्क समझ सकें और जान सकें कि क्या करने से समाज में आदर, सराहना और प्यार मिलता है और क्या करने से नहीं।

**नैतिक मूल्यों की जानकारी देने के लिए क्या करें**

बच्चे को नैतिक मूल्यों की जानकारी सबसे पहले परिवार में मिलती है। सबसे पहले मां-बाप ही बच्चों में नैतिक मूल्यों के बीज रोपते हैं। परिवार में ही बच्चा संस्कार, नैतिकता और शिष्टाचार की जानकारी पाता है जिससे वह जान सके कि समाज में बड़ों के साथ, अपने मित्रों के साथ और अन्य लोगों के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए।

**घर का माहौल**

जैसा ऊपर बताया गया है कि बच्चे का पहला स्कूल उसका घर होता है, तो सबसे पहले घर का माहौल स्नेहशील होना चाहिए। घर का माहौल खुशनुमा होना, घर में बड़ों को आदर होना, बोल-चाल में सभ्यता और सौम्यता, एक-दूसरे के प्रति लगाव जैसी बातों से बच्चे प्रेरित होते हैं और इन बातों को बड़ी जल्दी सीखते हैं।

**दोस्ती-यारी का असर**

जब बच्चे एक-दूसरे के साथ खेलते हैं तो यह उनमें समाजीकरण की अहसास पैदा करता है। उसके समूह में बच्चे के कुछ गलत किए जाने पर उसे एसा न करने के लिए समझाना या कुछ अच्छा करने पर उसकी प्रसंसा करना उसके आचरण और बर्ताव पर असर करता है पर बच्चों की संगत पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। बच्चा जिसके सम्पर्क में आता है, उसी का अनुसरण करता हैं। यह बात घर के बाहर भी लागू होती है। बच्चे घर से ज्यादा अपने यार-दोस्तों की संगत में सीखते हैं। अगर उसके साथियों में झूठ बोलना, चोरी करना जैसी आदतें है तो बच्चा बड़ी जल्दी उसका शिकार बनेगा।

**मनोरंजन गतिविधि**

बच्चों को नैतिक मूल्यों की जानकारी के लिए मौज-मस्ती और मनोरंजन का किरदार भी अहम् है। अच्छी फिल्में, टीवी प्रोग्राम, कॉमिक्स, कहानियां बच्चों के लिए स्वस्थ्य मनोरंजन का साधन होने के साथ-साथ उनके कोमल मतिष्क पर बड़ी जल्दी असर करती हैं।

माता-पिता को कोशिश करनी चाहिए कि वह बच्चों को बचपन से ही नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना शुरू करें। नैतिक मूल्यों की जानकारी बच्चों को सभ्य, चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार बनाती है।

# अगर बाथरूम में रख रहे हैं टूथब्रश तो हो जाएं सावधान

आपने बचपन से सुना होगा कि दांतों की बेहतर सफाई के लिए दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। जब आप आराम से दिन में दो बार ब्रश करते हैं तो इससे आपको कैविटी आदि होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि स्वस्थ और मजबूत दांतों के लिए सिर्फ सही तरह से ब्रश करना ही काफी नहीं होता, बल्कि दांतों में इस्तेमाल किए जाने वाले टूथब्रश की यदि सही तरह से देख-रेख न की जाए तो आपके मुंह में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। तो चलिए जानते हैं कि टूथब्रश रखने का सही तरीका क्या हो-



**बदलते रहें समय-समय पर**

अमूमन लोग अपने ब्रश को तब तक इस्तेमाल करते हैं, जब तक उसके ब्रिसल खराब नहीं हो जाते लेकिन वास्तव में आपको हर तीन माह में अपने ब्रश को बदल लेना चाहिए। साथ ही अगर आप किसी बीमारी को हराकर उठे हैं तो भी आपको अपना ब्रश बदल लेना चाहिए ताकि वह बीमारी दोबारा आपको प्रभावित न कर सके।

**न रखें बाथरूम में**

वैसे तो लोग बाथरूम में ही टूथब्रश को रखते हैं लेकिन वास्तव में इन्हें बाथरूम में रखना उचित नहीं माना जाता। दरअसल, आजकल टायलेट अटैच बाथरूम का चलन है। ऐसे में अगर आपका टूथब्रश कमोड के पास होता है तो बहुत से सूक्ष्म जीवाणु आपके ब्रश पर आ जाते हैं और फिर यह आपके मुंह से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इसलिए जहां तक हो, इसे बाथरूम में रखने से बचें। अगर आप इसे बाथरूम में रख रहे हैं तो कमोड से इसकी दूरी कम से कम दो फीट तो होनी ही चाहिए।

**ऐसे रखें टूथब्रश**

टूथब्रश को टूथब्रश स्टैंड में रखने का भी एक तरीका होता है। सबसे पहले तो आप हमेशा ही टूथब्रश को खड़ा करके रखें, ताकि इसमें मौजूद पानी निकल जाए और नमी के कारण आपके ब्रश में बैक्टीरिया न पनपें। इसके अतिरिक्त आप इस बात भी ध्यान रखें कि आपका टूथब्रश घर के अन्य सदस्यों के ब्रश से न टकराए। इससे एक टूथब्रश के बैक्टीरिया आसानी से दूसरे टूथब्रश में चले जाते हैं। वहीं आप कभी भी ब्रिसल को ढक कर रखने के लिए मिलने वाले बॉक्स में रखें। इससे आपके ब्रश में नमी रह जाती है और बैक्टीरिया पनपने लग जाते हैं।

**जरूर करें सफाई**

जिस तरह आप अपने दांतों की सफाई के लिए ब्रश का इस्तेमाल करते हैं। ठीक उसी तरह इस्तेमाल के बाद ब्रश की सफाई करना न भूलें। इसके लिए आप पानी को उबाल कर उसमें तीन-चार मिनट के लिए ब्रश को डालें। इससे ब्रश में मौजूद सभी बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे।

# निवेश के लिए आप इरादा बनाओ, पंजाब सरकार सहयोग के लिए तैयारः अमन अरोड़ा

**पंजाब के टेक्स्टाईल में अग्रणी राज्य बनने की अथाह संभावनाएं : आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री**

■ **उद्योगों के लिए टास्क फोर्स की पेशकश की**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** पंजाब के आवास निर्माण और शहरी विकास और सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने निवेशकों को राज्य में निवेश करने का न्योता देते हुये कहा कि पंजाब में देश भर के टेक्स्टाईल और ऐपरल उत्पादन में अग्रणी राज्य बनने की अथाह संभावनाएं हैं क्योंकि मुख्यमंत्री स. भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार उद्योगों का समर्थन कर रही है। आज यहां इंडिया स्कूल आफ बिजनस ( आई. एस. बी.), एस. ए. एस. नगर (मोहाली) में 5वें प्रोग्रेसिव पंजाब इनवैस्टर्ज समिट 2023 के दूसरे दिन ''पंजाब में टेक्स्टाईल-नीति, बुनियादी ढांचा, लिंकेज और रुझान'' सैशन की अध्यक्षता करते हुये श्री अमन अरोड़ा ने उद्योगपतियों को प्रसनलाईजड़ टास्क फोर्स सहित हर तरह की सहायता देने की पेशकश की।

उन्होंने बताया कि उद्योगपति एक टास्क फोर्स बना सकते हैं, जिसमें वह अपनी मर्जी अनुसार सरकारी अधिकारियों को चुन सकते हैं, जिससे उनके मसले जल्द हल किये जा सकें। उन्होंने भरोसा दिया कि उद्योगों की माँग अनुसार पानी के खर्चे भी घटाऐ जाएंगे। उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की कि वह राज्य में औद्योगिक क्रांति के लिए अपने विचार पेश करें और मान सरकार इन विचारों का स्वागत करेगी। श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि यह सम्मेलन राज्य में निवेश को काफी बढ़ावा देगा, जिससे औद्योगिक विकास को नये राह पर ले जाने में मदद मिलेगी। पंजाब सरकार के पारदर्शी और ईमानदार शासन के मॉडल के कारण पंजाब निवेश के लिए सबसे पसन्दीदा स्थान के तौर पर उभरा है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को सिर्फ.सपोर्ट सिस्टम और अनुकूल वातावरण चाहिए और मान सरकार पहले ही उद्योगों को अनुकूल माहौल और कुशल श्रम मुहैया करवाने के साथ-साथ कारोबार करने की सुविधा को यकीनी बनाने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के तीन जिले लुधियाना, जालंधर और अमृतसर टेक्स्टाईल और ऐपरल उद्योग के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में टेक्स्टाईल और ऐपरल की 1200 इकाईयां हैं, जिनमें 1.2 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिला हुआ है।

जिक्रयोग्य है कि पंजाब में ट्राइडेंट, नाहर, वर्धमान, शिंगोरा, स्पोर्टकिंग, निविया, सावी, अवनि टेक्सटाइल्ज, जेसीटी मिल्लज, और इंडियन एक्रेलिकस सहित प्रमुख टेक्स्टाईल दिग्गज हैं और हाल ही में सनाथन टेक्स्टाईल ने राज्य में 1600 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके साथ ही पंजाब ने जारा, एच एंड एम से लेकर जेसी पैनी जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के लिए कपड़े और राष्ट्रमंडल खेलों में इस्तेमाल की जा रही नैट बालें तैयार करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष स्थान बनाया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब में टेक्स्टाईल क्षेत्र में 11 प्रमुख विशेष अनुसंधान संस्थाएं हैं। इसके अलावा, पंजाब में लगभग 80,000 विद्यार्थियों के दाखिले की क्षमता वाली 350 से अधिक आई. टी. आईज. हैं जिनमें टेक्स्टाईल और ऐपरल सैक्टर कोर्सों समेत 70 से अधिक कोर्स करवाए जाते हैं। इसके साथ ही राज्य में 60,000 ट्रेनिंग क्षमता वाले 1000 से अधिक हुनर विकास केंद्र हैं। टेक्स्टाईल और ऐपरल सैक्टर के अंतर्गत पंजाब हुनर विकास मिशन की तरफ से 250 प्रशिक्षण भाईवालों को सूचीबद्ध किया गया है। पंजाब हुनर विकास मिशन की एम डी श्रीमती दीप्ति उप्पल ने कहा कि राज्य की औद्योगिक नीति समय की जरूरत अनुसार तैयार की गई है। पंजाब लैंड डिवैल्पमैंट चार्जिज और स्टैंप ड्यूटी चार्ज से 100 फीसद छूट/ मुआवजा देने के इलावा बिजली ड्यूटी में छूट प्रदान कर रहा है।

**हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने सेक्टर-15 के रेडक्रॉस ओल्ड ऐज होम में अर्बन हैल्थ एडं वैलनेस सेंटर का रिबन काटकर किया उद्घाटन**

# स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धनः गुप्ता

■ **स्वास्थ्य के लिये प्रतिदिन आधा घंटा निकालने की लोगों से करी अपील**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पंचकूला।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने सेक्टर-15 के रेडक्रॉस ओल्ड ऐज होम में अर्बन हैल्थ एडं वैलनेस सेंटर का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उन्होंनें कहा कि यह हैल्थ सेंटर सेक्टर-15 के निवासियों के स्वास्थ्य के लिये लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवसर पर पंचकूला नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल व महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाये सोनिया त्रिखा भी उपस्थित थी। गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पंचकूला नागरिक अस्पताल को एक नया मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य सेवायें लोगों के घर द्वार तक पंहुच गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। यदि व्यक्ति स्वस्थ न हो तो उसे भिन्न भिन्न प्रकार के पकवान भी बेकार लगते है। उन्होंने पंचकूला के लोगों से अपील की कि वो अपने स्वास्थ्य के लिये प्रतिदिन आधा घंटा योगा व व्यायाम पर लगाये तभी शरीर में बेहतर उर्जा बनी रहेगी व शरीर स्वस्थ रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की मन्सा है कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज बने और पंचकूला में भी जल्द मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला पंचकूला में चार अर्बन हैल्थ एडं वैलनेस सेंटर खोले गये है और इनमें मेडिकल ऑफिसर, स्टाफ नर्स, मल्टीपर्पज हैल्थ वर्कर, एक इन्फोरमेंशन सहायक समेत अन्य सुविधायें दी गई है और ये वैलनेस सेंटर सुबह 10 से सायं 6 बजे तक सोमवार से शुक्रवार तक कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नागरिक अस्पताल पंचकूला को 100 बैड से 300 बैड व सभी मैडिकल सुविधाओं से सुसर्जित एसी अस्पताल बनाया है जो पीजीआई की तर्ज पर कार्य कर रहा है। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 4500 रोगी ओपीडी में अपना इलाज करवाने आते है। उन्होंने कहा कि इस वैलनेस सेंटर में प्रसूति केयर, नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवा, बचपन और किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित संचारी रोगों का प्रबंधन, तीव्र सरल बीमारियों के लिए सामान्य संचारी रोगों और आउट पेशेंट देखभाल का प्रबंधन, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग रोकथाम कॉन्ट्रोलेल और मैनेजमेट सहित अन्य सुविधाओं दी जायेगी।

## राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला ने स्वच्छता जागरूकता अभियान का राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 4 में आयोजन किया। स्थानीय निर्दलीय वार्ड पार्षद ओमवती पुनिया मुख्य अतिथि रही। ओमवती पुनिया ने स्कूल के छात्रों को बताया कि आप भारत के भविष्य हो। आप अपने घर पर अपने माता-पिता को सफाई रखने की विधियां, सूखा व गिला कचरा अलग अलग रखने, पालीथिन का प्रयोग न करने, अपने घर के कूड़े का सडक पर ढेर न लगाकर घर के डस्टबिन में डालने के बारे में बताएंगे, तब निश्चित तौर पर परिवार के सभी सदस्य आपकी बात को मानेंगे। स्वच्छ भारत मिशन के डा. प्रवीन चौधरी, स्कूल की मुख्य शिक्षक नीना रोजरा, सरिता रोहिल्ला, संतोष, रजनी, निर्मला, सुनीता, पूनम व दलविंदर शिक्षक उपस्थित रहे। इसी तरह सेक्टर 12 स्थित गर्वनमेंट मिडिल और प्राइमरी स्कूल में भी जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया। जन शिक्षण संस्थान की रविता, बिंदु ने छात्र छात्राओं को बताया कि गीले सूखे कूड़े को हरे नीले डस्टबिन में डाले ताकि गीले कूड़े को कम्पोस्टिंग के जरिए खाद बना कर उपयोग में ला सके।

## पुलिस पब्लिक पार्टनरशिपः बदलनी होगी विचारधारा, जनता और पुलिस के समन्वय से कम होंगे अपराध

■ **कराफेड के चेयरमैन हितेश पूरी व उमेश घई, नॉमिनेटेड पार्षद चंडीगढ़ नगर निगम रहे मौजूद**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** जब तक पुलिस और जनता के मध्य समझदारी का सेतु और समुचित समन्वय नहीं होगा, तब तक अपराधों की संख्या कम नहीं हो सकती है। सेक्टर 39 पुलिस स्टेशन में कराफेड व एसएचओ मीट की सीरीज में इंस्पेक्टर इरम रिजवी, एसएचओ पुलिस स्टेशन सेक्टर 39 के साथ कराफेड की इस पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाली सभी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसमें आरडब्ल्यूए प्रितिन्धियों ने अपने आसपास की लॉ एंड आर्डर की समस्याओं को लेकर पहुंचे । सेक्टर 39 थाने की एसएचओ इरम रिजवी ने कहा कि एरिया के प्रतिनिधि से समन्वय से ही पुलिस शहर के हर कोने में मददगार हो सकती है , आपके इलाके में यदि कोई अकेला रहता है ,कोई बीमार है तो उनकी जानकारी यदि हमें पहले से दी जाए तो पुलिस जनता की मदद को ततपर रहती है। कराफेड के चेयरमैन हितेश पुरी ने कहा कि हम सबको अपने पुलिस के समन्वय के साथ चलना चाहिए बल्कि पुलिस की आंखें बन कर अगर हम रेजिडेंट्स रहेंगे तो अपराध को पर नकेल कसने में पुलिस कामयाब रहेगी । आज की मीटिंग में कराफेड के पदाधिकारियों में हितेश पुरी रजत मल्होत्रा उमेश घई डॉक्टर अनीश गर्ग व सेक्टर 39 के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक की चाकू मारकर की हत्या

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 24 में एक युवक की गुरुवार देर शाम हत्या कर दी गई। युवक पर तेजधार हथियार से हमला किया गया। गंभीर हालत में उसे सेक्टर 16 हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। यहां एडवांस ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सेक्टर 25 के 20 वर्षीय लवीश के रूप में हुई है। पुलिस अफसर ने बताया कि मृतक पर चाकू से हमला किया गया था। सैनी भवन के पास बस स्टॉप के सामने यह वारदात हुई। सेक्टर 11 थाना पुलिस मृतक के दोस्तों के बयान दर्ज कर मामले में आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं आज दिन में पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतक के एक दोस्त ने बताया कि लवीश अपने दोस्त रोहित के साथ उसे मिलने के लिए सेक्टर 24 में आ रहा था। उसे अजय नामक युवक का फोन आया कि लवीश को किसी ने छुरी मार दी। जिसके बाद वह सैनी भवन के पास गया। प्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि लवीश की काके नामक युवक के साथ रंजिश थी।

## नशे की समस्या को लेकर धुआँ-धुआँ जिंदगी नाटक का मंचन



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** नशे का कारोबार लगातार अपने पैर पसार रहा है। पुरुषों के साथ-साथ अब महिलाएं भी इस नशा तस्करी में उतर गई हैं। नशे को खत्म करने लिए पुलिस-प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहें हैं लेकिन क्षेत्र में नशे की तस्करी नहीं रुक पा रही है। सिटी एंटरटेनमेंट नेटवर्क और यशस्वी प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले धुआँ-धुआँ जिंदगी नाटक का मंचन सेक्टर 17 प्लाजा में किया गया।

बरिंदर सिंह द्वारा लिखित है नाटक का निर्देशन दलजीत सिंह ने किया। बरिंदर सिंह ने बताया कि सिटी थिएटर आर्ट्स ग्रुप के कलाकारों ने नाटक के जरिए संदेश दिया कि आज के दौर में युवा वर्ग नशे के दलदल में फंसकर अपनी जिंदगी बर्बाद करने पर तुला है। इस नाटक के जरिये कलाकारों ने बताया कि नशे के चंगुल में फंसने वाले युवाओं की भविष्य में कैसी दुर्गति होने वाली है। युवाओं को नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। इसके लिए वह किसी को नशा करते हुए देखते हैं, तो उसके बारे में उसके परिजनों को बताकर उसे इससे छुटकारा दिलाए। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों पर पूरा ध्यान दें। नशे को खत्म करने में जहां तक संभव हो, भरपूर प्रयास करे। नाटक में कलाकार रंजीत सिंह, सौरभ, दीप सिंह ओर जॉन ने अपने अभिनय से नाटक में जान डाल दी।

# खेलों के समान के उद्योग को और मजबूत किया जायेगाः मीत हेयर

■ **खेल मंत्री को रग्बी विश्व कप में इस्तेमाल की जाने वाली रगबी के साथ किया सम्मानित**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**एस. ए. एस. नगर/ चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के यत्नों स्वरूप पंजाब सरकार राज्य में औद्योगिक विकास की गति को और तेज करके पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाऐगी। खेल के समान बनाने के लिए जाने जाते पंजाब में इस उद्योग को और मजबूत किया जायेगा। यह बात पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने आज यहाँ एस. ए. एस. नगर स्थित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनस (आई. एस. बी.) कैंपस में पाँचवे प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन-2023 के दौरान प्रदर्शनी केंद्र का दौरा करते हुये खेल के समान की प्रदर्शनी देखते हुये बात कही। इस मौके पर खेल मंत्री को इस साल फ्रांस में होने वाले रग्बी विश्व कप में इस्तेमाल की जाने वाली रग्बी के साथ सम्मानित भी किया गया। मीत हेयर ने कहा कि राज्य के लिए गौरव वाली बात है कि जहाँ रग्बी विश्व कप में जालंधर में तैयार की रग्बी इस्तेमाल की गयी वहाँ पिछले समय में फीफा विश्व कप में पंजाब की बनी फुटबाल और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पंजाब की बनी नैटबाल इस्तेमाल की गयी है। उन्होंने कहा कि चाहे कई खेल मुकाबलों में भारत की टीम नहीं हिस्सा लेती परन्तु पंजाब में बना खेलों का समान वैश्विक मुकाबलों में भारत की उपस्थिति दर्ज. कराता है।

## हरियाणा का बजट केंद्र सरकार के बजट की तरह जनहितेषीः कटारिया



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पंचकूला।** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व अम्बाला लोकसभा सांसद श्री रतनलाल कटारिया ने हरियाणा के बजट की तुलना केंद्र सरकार के बजट के साथ करते हुए कहा कि जिस प्रकार देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के चैमुखी विकास के लिए एक बेहतरीन बजट पेश किया था, उसी तर्ज पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणावासियों की नब्ज को टटोलते हुए एक जनहितेशी बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 65000 युवाओं को नौकरी दी जाएगी, साथ ही युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए भी 250 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत 2 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार प्रदेश की बेटियों को आईटीआई में दाखिला लेने पर 2500 रुपए आर्थिक मदद दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बुजुर्गों, विधवाओं और विकलांगों की मासिक सम्मान निधि को भी 2500 रुपए से बढ़ाकर 2750 रुपए कर दिया गया है। इसी प्रकार पेंशन के लिए पात्रता की आय का दायरा भी 2 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दिया गया है। बुजुर्गों को हरियाणा रोडवेज की बसों में 50 प्रतिशत किराए की छूट दी जाती है, जिसकी आयु 65 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष कर दी गई है। आयुष्मान-चिरायु योजना की पात्रता के लिए भी आय सीमा 1.80 से बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दी है। श्री कटारिया ने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं का बजट 4 गुना बढ़ाकर 40 करोड़ रुपए से 400 करोड़ रुपए कर दिया गया है और प्रदेश में 11 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे, जिनमें नर्सिंग कॉलेज भी होगें। स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाए जाने के लिए गुरुग्राम में 700 बिस्तर के मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का भी निर्माण किया जाएगा।

# अंगदान के जनादेश को बढ़ा रहे आगे

■ **19 से अधिक देशों के 36 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए संवेदीकरण सत्र का आयोजन**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** सामुदायिक चिकित्सा विभाग और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, पीजीआई, चंडीगढ़ के सहयोग से समग्र विकास ROTTO नॉर्थ की अपनी दृष्टि के साथ, 36 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए एक आकर्षक और प्रभावशाली संवेदीकरण सत्र आयोजित करके अंग दान के महान कारण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। 19 देश। सभी 36 वरिष्ठ स्तर के प्रतिभागी 19 देशों से थे, तंजानिया, नाइजीरिया, इथियोपिया, पैराग्वे, नेपाल, कजाकिस्तान, बोत्सवाना, ताजिकिस्तान, ओमान, मैक्सिको, लाइबेरिया, जाम्बिया, भूटान, दक्षिण सूडान, इराक, मंगोलिया, मॉरीशस, घाना और किंगडम इस्वातिनी (पूर्व में स्वाजीलैंड)। सामाजिक जिम्मेदारी के प्रयास की सराहना करते हुए पीजीआईएमईआर के प्रो. विपिन कौशल ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय देशों को हाथ मिलाते हुए और अभियान को अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होते हुए देखकर खुशी हो रही है। प्रोफेसर सोनू गोयल कार्यक्रम निदेशक और सामुदायिक चिकित्सा विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य स्कूल के प्रोफेसर कार्यक्रम का इरादा प्रतिभागियों को विभिन्न विभागों में पीजीआईएमईआर में किए जा रहे सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों से परिचित कराना है और अंग दान और प्रत्यारोपण उनमें से एक है। प्रमुख फोकस क्षेत्र। अंग दान को बढ़ावा देने के लिए रोटो पीजीआईएमईआर द्वारा की जा रही पहलों पर विचार करते हुए सुश्री सरयू डी मद्रा, सलाहकार (आईईसी/मीडिया), रोटो पीजीआई ने जोर देकर कहा कि अंग की कमी का समाधान मृतक दाता कार्यक्रम के व्यवस्थित सुदृढ़ीकरण के माध्यम से ही संभव है। हम कभी नहीं चाहते कि उनके परिवार में किसी और को नुकसान हो, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह उनकी ओर से उदार होगा कि वे किसी और को उनके निधन पर जीवन का दूसरा पट्टा दें। घटना का मुख्य आकर्षण एक बहुत ही आकर्षक और दिलचस्प दअ सत्र था। वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने टेली एविडेंस का भी दौरा किया।

**कार्यक्रम** | अधिक से अधिक टेक्नालॉजी की जानकारी हासिल करें विद्यार्थी-विधानसभा अध्यक्ष

# पंचकूला के निफ्ट ने देशभर में अपनी विशेष पहचान बनाई हैः ज्ञानचंद गुप्ता

■ **हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने निफ्ट के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव एवं क्रॉफ्ट बाजार के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पंचकूला।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने आज राष्ट्रीय फैशन डिजाईनिंग इंस्टीच्यूट (निफ्ट) के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव एवं क्रॉफ्ट बाजार के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि पंचकूला के निफ्ट ने देशभर में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री कुलभूषण गोयल भी उपस्थित थे। श्री गुप्ता ने निफ्ट के वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि निफ्ट देश में शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान है। यह भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के तत्वाधान में एक स्वायत्त निकाय है। देशभर में स्थापित 18 निफ्ट परिसरों में से यह सबसे नया संस्थान है जिसकी स्थापना 2019 में की गई थी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान पंचकूला के विकास का आईकॉन है। जब भी पंचकूला के विकास की बात की जाएगी तो इस संस्थान का जिक्र सबसे पहले होगा। उन्होंने कहा कि निफ्ट की ओर से आयोजित यह वार्षिक उत्सव अपने आप में अनूठा है। इस दौरान सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल गतिविधियां संस्थान की रचनात्मकता को प्रदर्शित कर रही है। वर्तमान युग आधुनिक तकनीकी का है। फैशन जैसी विधि भी तकनीक से दूर नहीं रह सकती। उन्होंने संस्थान में पढने वाले सभी विद्यार्थियों से आहवान करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक टेक्नालॉजी की जानकारी हासिल करें। जो विद्यार्थी टेक्नालॉजी क्षेत्र में आगे बढेंगे, वे अपने कैरियर में भी निश्चित रूप से अग्रणी रहेंगे और देश व प्रदेश की उन्नती मे भी योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय उत्सव ह्यस्पेक्ट्रमह्व में दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में भाईचारे की भावना विकसित करने में मददगार साबित होगा। छात्रों द्वारा चुने गए इस वर्ष की थीम ह्यइन्फिनिटसह्व (अनंत) है जो भविष्य की एक झलक है। यहां प्रदर्शित की जा रही फोटोग्राफी, रील मेकिंग, रंगोली मेकिंग, ट्रेजर हंट, क्विज, बैंड परफॉर्मेंस, वॉलीबॉल, टेबल टैनिस, शायरी प्रतियोगिता, डांस कंपीटीशन और फेशन शो सहित कई प्रतियोगिताओं के माध्यम से भविष्य के डिजाइन थीम और विचारों का पता लगाने में छात्रों की मदद करेगी। उन्होंने कहा कि संस्थान की ओर से ह्यपहला कदमह्व नाम से एक नया प्रयास शुरू किया है। इसके तहत कुछ वंचित वर्ग के बच्चे इस परिसर में भ्रमण करने वाले हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान उन बच्चों को नया क्षितिज तलाशने में मदद करेगा। इन गतिविधियों के साथ-साथ निफ्ट पंचकूला एक शिल्प बाजार भी आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य पंजाब और हरियाणा के कारीगरों के हथकरघा और हस्तशिल्प को बढावा देने के लिए एक मंच प्रदान करना है। हाल ही में फरीदाबाद में सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला संपन्न हुआ है। उन्हें वहां जाने का अवसर मिला। इस प्रकार के मेले से हमारे कारीगर भाई बहनों का उत्साह बढता है और उन्हें अपने उत्पादों की बिक्री के लिए उपयुक्त प्लेटफार्म भी मिलता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सूरजकुंड क्राफ्ट मेले को साल में दो बार आयोजित करने का निर्णय लिया है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने मेले में निफ्ट के शिल्प बाजार में शिल्पकारों द्वारा विभिन्न शिल्प जैसे बुनाई, तार का काम, भित्ति चित्र, टेराकोटा के गहने, चमड़े के चप्पल-जूते, फुलकारी, अगरबत्ती, बुनाई, क्रोशिया आदि से बनाए गए सामान के स्टॉलों का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। इस अवसर पर चण्डीगढ़ युनिवर्सिटी के वाईस चांसलर दविंदर सिंह संधू, आईटीबीपी भानू के आईजी ईश्वर सिंह दूहन, निफ्ट के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह ग्रोवर, संयुक्त निदेशक दीपक राणा, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद, मंडल महामंत्री सिद्धार्थ राणा, संयोजक जसवीर गोयल तथा इंस्टीटयूट के विद्यार्थी भी उपस्थित थे।


# क्लासीफाईड विज्ञापन

**नाम परिवर्तन**

मैं, मोनू पुत्र रणधीर सिंह गाँव सेरधा उप तहसील राजौन्द, कैथल ने अपना नाम बदलकर मोनू ढुल रख लिया है ।

**नाम परिवर्तन**

मैं, करणा पुत्र चन्द्र भान झिंझरपुर, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम करणा उपनाम पवांर रख लिया है ।

**नाम परिवर्तन**

मैं, Narender Singh पुत्र जरनैल सिंह निवासी नन्द कॉलोनी, पिहोवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Narendra Singh रख लिया है

**नाम परिवर्तन**

मैं, राम लाल गोस्वामी पुत्र रुल्दा राम गोस्वामी निवासी गाँव जलबेहडा, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम राम लाल गोस्वामी पुत्र रुल्दा राम रख लिया है

**नाम परिवर्तन**

मैं, जगदीश चन्द पुत्र इमरत राम गाँव, थाना तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र मेरा पुत्र करनैल सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण में उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व लेन देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा।